## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड की आवाज उठाने में विफल हैं भाजपा के सांसद-विधायक : मुंजनी

**रांची:** झारखंड में भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का बड़े उत्साह से सुना। लेकिन झारखंड की जमीनी सच्चाई, बेरोजगारी, महंगाई, आदिवासी अधिकारों, कोयला क्षेत्र की समस्याएं, किसानों की दुर्दशा और केंद्रीय योजनाओं में भेदभाव जैसे मुद्दों पर किसी भाजपा सांसद या विधायक को एक शब्द तक बोलने में भी विफल साबित हुए हैं। यह बातें झारखंड प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजनी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि क्या भाजपा के जनप्रतिनिधियों के पास झारखंड की बात करने की हिम्मत नहीं है। मुंजनी ने कहा कि झारखंड की जनता अब सजग हो चुकी है। वह सिर्फ मन की बात नहीं, जनता की बात भी सुनवाना चाहती है। अब समय आ गया है कि हमारे जनप्रतिनिधि नाटक नहीं, संविधान और जमीर के मुताबिक काम करें।

### रिसर्च विंग के रूप में विकसित होगा एंपावर : जायसवाल

**रांची:** रांची के एक होटल में रविवार को आदित्य विक्रम जायसवाल की अध्यक्षता में एंपावर झारखंड की बैठक हुई। बैठक में राज्यहित और जनकल्याण से जुड़े कई मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। मौके पर आदित्य विक्रम जायसवाल ने कहा कि एंपावर झारखंड को एक रिसर्च विंग के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया, जो राज्य सरकार को आजीविका, कृषि, हॉर्टिकल्चर, ट्राइबल इकोनॉमी, टूरिज्म कॉरिडोर तथा स्थानीय लोगों को रोजगार से जोड़ने जैसे विषयों पर शोध कर सुझाव और रिपोर्ट उपलब्ध कराएगा। जायसवाल ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य झारखंड को मजबूती से आगे बढ़ाना और युवाओं को राज्य में ही रोजगार उपलब्ध कराकर पलायन रोकना है। उन्होंने बताया कि एक समर्पित रिसर्च टीम का गठन किया जाएगा। कार्यक्रम में अनूप शाहदेव ने अक्टूबर माह में टूरिज्म कॉन्क्लेव आयोजित करने की घोषणा की।

# प्रधानमंत्री की विकसित भारत यात्रा में झारखंड पीछे नहीं: बाबूलाल मरांडी

## विज्ञान और विरासत के आधार पर बनेगा विकसित भारत: कर्मवीर

देश प्राण संवाददाता



**रांची, 27 जुलाई:** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने रविवार को आम जनता के साथ बूथ स्तर पर प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम के 124वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के बाद सभी ने अपनी-अपनी प्रतिक्रिया दी।

झारखंड के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह जिलांतर्गत चंदौरी मंडल में बूथ संख्या 116 पर, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार राय ने सरिया मंडल के बूथ संख्या 111/112 पर प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने रांची महानगर के सुखदेव नगर मंडल स्थित बूथ संख्या 114 पर कार्यक्रम को सुना। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक बंका आदि शामिल रहे। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कार्यक्रम के बाद कहा कि 'मन की बात'एक प्रेरक कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री की ओर से भारत की प्रगति, प्रकृति, संस्कृति, युवाओं के प्रयास और महिला सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषय अपने संबोधन में शामिल किए जाते हैं,जो नई पीढ़ी को नई दिशा देते हैं। मरांडी ने कहा कि आज देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत की यात्रा पर निकल पड़ा है, जिसमें झारखंड राज्य भी प्रमुखता से शामिल है। झारखंड लोग विकसित भारत की यात्रा में पूरी तरह से भागीदार हैं। भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.रविंद्र कुमार राय ने कहा कि भारत का जन मन एक महीने तक प्रधानमंत्री के 'मन की बात'कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार करता है। यह कार्यक्रम भारत की विकास यात्रा का एक संक्षिप्त दस्तावेज होता है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा विज्ञान और विरासत के साथ आगे बढ़ रही है।

भारत के प्राचीन ज्ञान और आधुनिक विज्ञान के समावेश से आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत का सपना नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा होगा प्रधानमंत्री के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात'को प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, डॉ. प्रदीप वर्मा सहित प्रदेश, जिला और मंडल के पार्टी पदाधिकारियों और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों के बूथों पर सुना।

## खबर कोना

### दलादली चौक के पास मां भगवती-हनुमान मंदिर परिसर में दुर्गापूजा समिति की बैठक, सुधीर महतो बने अध्यक्ष



**रांची:** राजधानी रांची के दलादली चौक के पास मां भगवती और हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को दलादली चौक दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुरेश मुंडा और मंच संचालन अभिषेक मिश्रा ने किया। बैठक में दुर्गा पूजा को आकर्षक और भव्य रूप से कैसे मनाया जाए इसको लेकर रातु प्रखण्ड के पूर्व प्रमुख सुरेश मुंडा, समाजसेवी अभिषेक मिश्रा, रामाशीष शर्मा,सुधीर महतो, अशोक दुबे, सुनील कुमार सिंह सहित अन्य सदस्यों ने संयुक्त रूप से चर्चा की। वहीं बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। जिसे उपस्थित सभी लोगों ने अपने हाथ खड़े कर समर्थन किया। नई कमेटी में संरक्षक जनार्दन ओझा, पूर्व रातु प्रमुख सुरेश मुंडा, ललित मुंडा, कमल तिर्की, बबन सिंह, अध्यक्ष सुधीर महतो, उपाध्यक्ष रंजीत राय, उदय सिंह, बबलू भगत, सचित लोहरा, दीपक देवगरिया, सचिव अभिषेक मिश्रा, उप सचिव बिरजू मुंडा, प्रदीप कुजुर, बिगनू महली, कोषाध्यक्ष रामाशीष शर्मा, सह कोषाध्यक्षझ्अशोक दुबे, रितेश सिंह, अजय राय, मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह, वहीं स्थानीय स्तर पर हर क्षेत्र से पांचझ् पांच, दसझ् दस लोगों को मिलाकर 51 कार्यकारिणी सदस्य नामित किए गए। बैठक में समिति के पदाधिकारी, सदस्य के अलावे सैकड़ों बुद्धिजीवी और भक्त शामिल रहे।

### समर्पण शाखा ने किया पूर्व अध्यक्ष के सम्मान में रक्तदान शिविर का आयोजन




**रांची:** समर्पण शाखा की ओर से रजत जयंती के अवसर पर पूर्व प्रांतीय अध्यक्षों और महामंत्रियों की सेवा, समर्पण और नेतृत्व को सम्मान देते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष स्वर्गीय विनय जालान को शाखा की ओर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के जरिये लोगों के बीच में जागरूकता फैलाई गई कि उन्हें रक्तदान क्यों करना चाहिए। साथ ही थैलेसीमिया बीमारी से बचाव के बारे में जानकारी दी गई। यह कार्यक्रम आरबी स्प्रिंगडेल पब्लिक स्कूल में किया गया। नुक्कड़ नाटक में पार्टिसिपेट करने वाले बच्चों को फुटबॉल दिया गया। साथ ही बच्चों के बीच जूस का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, शुभा अग्रवाल, रेखा रायका, पूजा जैन, कोमल पोद्दार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। यह जानकारी संस्था की मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

# झामुमो नेताओं ने वर्षा और हाथियों से प्रभावित ग्रामीणों से की मुलाकात



देश प्राण संवाददाता

**खूंटी, 27 जुलाई :** झामुमो के जिला पदाधिकारियों की एक टीम की ओर से रविवार को कर्रा प्रखंड क्षेत्र का भ्रमणकर भारी वर्षा से ध्वस्त हुए कुदलुम गांव का दौरा किया गया।

इस दौरान टीम ने संजय तिर्की के मकान का जायजा लिया और उन्हें हरसंभव सरकारी सहायता दिलाने का भरोसा दिया। इसके साथ ही जंगली हाथियों के जरिये ध्वस्त किए गए जलंगा गांव के संजू उरांव, डाहु टोली गांव के फागु साहू एवं गोविंदपुर गुस्सा टोली निवासी मरसा तोपनो के मकानों का भी जायजा लिया गया और जंगली हाथियों से प्रभावित उक्त सभी लोगों को सरकारी मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया गया। टीम में झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष मगन मंजित तिड़ू ,केंद्रीय सदस्य डॉ हेमंत तोपनो, युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष विजय सांगा, जोनसन होरो, छात्र मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष डेविड हमसोय, कर्रा प्रखंड अध्यक्ष संदीप हेरेंज, उपाध्यक्ष साहिल सांगा,खैरा होरो, चार्ल्स पहान, विक्की श्रीवास्तव, मंगल होरो, बबलू नाग, सुधीर होरो, बिरसा मुंडा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# कांग्रेस ने की खूंटी, तोरपा और रनिया मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति

देश प्राण संवाददाता

**खूंटी, 27 जुलाई:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार संगठन सृजन अभियान के तहत खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में रविवार को खूंटी, तोरपा एवं रनिया प्रखंड के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की गई। इनमें खूंटी से पूर्वी मंडल अध्यक्ष निर्मल उरांव एवं पश्चिमी मंडल अध्यक्ष सुनील मुंडा को बनाया गया।

वहीं तोरपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार कर एवं पश्चिमी मंडल अध्यक्ष नमन तोपनो को बनाया गया। इसके अलावा रनिया प्रखंड के मंडल अध्यक्ष के रूप में रामसिंह राम का चयन किया गया।

सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को नियुक्ति पत्र दिया गया और माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया। मौके पर जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा एवं तोरपा प्रखंड के पर्यवेक्षक सह जिला सांसद प्रतिनिधि पीटर मुंडू ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों से पार्टी के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करने और संगठन को मजबूती प्रदान करने की बात कहते हुए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर जिला ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर अंजनी रंजन, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता, रनिया प्रखंड अध्यक्ष जोन कंडुलना, खूंटी प्रखंड अध्यक्ष मरियम आईंद, यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कुणाल कच्छप, तुरतन तोपनो,मो फिरोज, सलीम तोपनो सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुलपति नियुक्ति का अधिकार राज्य सरकार को देना शिक्षा की स्वायत्तता पर आघात: प्रकाश टूटी

देश प्राण संवाददाता



**खूंटी, 27 जुलाई:** झारखंड राज्य विश्वविद्यालय विधेयक-2025 के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद खूंटी इकाई ने स्थानीय विधायक राम सूर्या मुंडा को ज्ञापन सौंपा गया।

रांची विभाग संयोजक प्रकाश टूटी की अगुवाई में विधायक को सौंपे गए ज्ञापन में एबीवीपी ने राज्य सरकार द्वारा कुलपति एवं विश्वविद्यालय के उच्च पदाधिकारियों की नियुक्ति का अधिकार राज्यपाल से हटाकर राज्य सरकार को सौंपे जाने के प्रावधान पर गहरी आपत्ति जताते हुए विधायक से विधानसभा में इस विधेयक का विरोध दर्ज कराने एवं शिक्षा की स्वायत्तता को सुरक्षित रखने की मांग की है। मौके पर विभाग संयोजक रांची प्रकाश टुटी ने कहा कि यह विधेयक न केवल विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता पर आघात है, बल्कि संविधान में वर्णित राज्यपाल की गरिमा एवं संघीय ढांचे के भी प्रतिकूल है। परिषद ने स्पष्ट किया कि इस प्रावधान से शिक्षा के क्षेत्र में राजनीतिक हस्तक्षेप बढ़ेगा, जिससे गुणवत्ता एवं निष्पक्षता पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। अभाविप ने राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग के गठन का स्वागत किया है, साथ ही यह मांग की है कि आयोग का कार्यक्षेत्र सिर्फ शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की नियुक्ति तक सीमित रहे। कुलपति एवं प्रति कुलपति जैसे उच्च पदों की नियुक्ति प्रक्रिया को राज्यपाल के अधीन ही रखा जाए। एबीवीपी ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार इस विधेयक को बिना संशोधन के पारित करने का प्रयास करती है, तो परिषद राज्यव्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगी। मौके पर जिला संयोजक पवन कुमार, नगर मंत्री अशोक टुटी, कार्यकारिणी सदस्य हीरांजलि हेंब्रम, सुखराम, दीपक, नीमोनती बोदरा आदि विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### बुरू बोंगा और इकिर सरना में हुई वार्षिक सार्वजनिक देवी पूजा

**खूंटी :** मुरहू के विवादित मुरहू माघ मेला टांड़ मौजा डुडरी खाता नं 38,प्लाट सं 487, में अवस्थित बुरू एवं इकिर सरना में रविवार को मुख्य पहान सीताराम पहान की अगुवाई में वार्षिक सार्वजनिक देवी पूजा अनुष्ठान परम्परागत रुढ़ि प्रथा के अनुसार सम्पन्न किया गया। बुरू बोंगा और इकिर बोंगा के लिए क्रमशः एक बकरी और बकरे तथा इकिर के लिए एक जोड़ा भेड़ा एवं रंगुवा मुर्गा की बलि दी गई। मौके पर समस्त मौजा एवं मुरहू वासियों की कुशलता, समृद्धि और अच्छी फसल की कामना सिंड्गबोंगा से की गई। मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य सह सार्वजनिक मेला टांड़ बचाव संघर्ष समिति के अध्यक्ष चन्द्र प्रभात मुंडा ने कहा कि परम्परागत रुढ़ि प्रथा और विशिष्ट समाजिक मान्यताएं प्रकृति के साथ सह अस्तित्व जीवन यापन आदिवासी मूलवासियों की विशेष पहचान है।

# क्षेत्रीय भाषाओं को नियोजन में शामिल करने के लिए विधायकों से मिलेगा मंच

देश प्राण संवाददाता



**रांची, 27 जुलाई:** अखिल भारतीय भोजपुरी मगही मैथिली अंगिका मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव के नेतृत्व में बैठक हरमू में हुई। बैठक में चर्चा के दौरान निर्णय लिया गया कि राज्य में भाषाई अस्मिता के सवाल पर जल्द मंच की ओर से एक विशेष प्रतिनिधिमंडल सदस्यों की कमिटी गठन किया जाएगा।

मंच के अध्यक्ष कैलाश यादव ने कहा कि विशेष कमिटी के नामित लोग राज्य सरकार में भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका और भूमिज भाषा के बोलने वाले लोग मंत्रियों से मिल कर ज्ञापन सौपेंगे। उन्होंने कहा कि भोजपुरी और मगही बोलने वाले मंत्री राधाकृष्ण किशोर दीपिका पांडेय सिंह,मैथिली और अंगिका बोलने वाले संजय प्रसाद यादव और विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो जैसे विधायकों को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य में शामिल द्वितीय राजभाषा भोजपुरी, मगही, मैथिली, अंगिका और भूमिज को क्षेत्रीय भाषा के नियोजन नीति सूची से हटा दिया गया है। इसे राज्यस्तर पर पुनः शामिल करने की मांग को लेकर मंच जनजागरण बैठक के माध्यम से लगातार सरकार को अवगत करा रहा है। इस दौरान बैठक में मंच के वरिष्ठ नेता अमरनाथ झा ने भी विचार व्यक्त किया। बैठक में कैलाश यादव, अमरनाथ झा, सुरेन्द्र मिश्रा, राधेश्याम यादव, चंद्रदेव मंडल, रामकुमार सिंह, सुधीर गोप, कुंदन सिंह, सुनील पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

# रोटरी क्लब ऑफ रांची ने चलाया पौधारोपण अभियान

देश प्राण संवाददाता




**रांची, 27 जुलाई:** झारखंड की राजधानी रांची में रोटरी क्लब ऑफ रांची के तत्वावधान में रविवार को झारखंड जगुआर कैंपस में पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत 800 से अधिक फलदार और छायादार पौधे लगाए गए। अभियान में झारखंड जगुआर पुलिस टीम का विशेष सहयोग रहा।

पौधारोपण अभियान में सहयोग के लिए क्लब की ओर से पुलिस विभाग को हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जिन्होंने इस अभियान के लिए स्थान, सहयोगी टीम, सभी आवश्यक सुविधाएं की व्यवस्था की। इस अवसर पर रोटरी क्लब के असिस्टेंट गवर्नर (एजी) रोटेरियन हरमिंदर सिंह का भी विशेष आभार प्रकट किया गया, जिन्होंने इस अभियान की योजना से लेकर क्रियान्वयन तक हर स्तर पर जिम्मेदारी निभाई और अभियान को सफल बनाया। हरमिंदर ने इस मौके पर कहा कि यह केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण के प्रति हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

हम भविष्य में भी इसी तरह के सेवाकार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्ष अमित अग्रवाल, पीपी भंडारीलाल, पीडीजी राजीव मोदी, पीपी मनोज तिवारी, पीपी शाहिद पाल, रोटेरियन जसदीप, रोटेरियन गिरीश, रोटेरियन प्रकाश सरावगी, रोटेरियन मेघा कपूर, रोटेरियन रश्मि, रोटेरियन राबिया पाल सहित अन्य ने सहयोग किया।

# हेमंत सरकार की नाकामियों को विस सत्र में बनाएंगे मुद्दा : सुदेश महतो

देश प्राण संवाददाता



**रांची, 27 जुलाई:** झारखंड में ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी आगामी विधानसभा सत्र में राज्य की हेमंत सोरन सरकार की नाकामियों को जोर-शोर से उठाएगी। रांची स्थित आजसू मुख्यालय में आयोजित मिलन समारोह के बाद पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने मीडिया से बातचीत में यह बातें कही। सुदेश महतो ने कहा कि आगामी झारखंड विधानसभा सत्र में उनकी पार्टी हेमंत सरकार की नाकामियों को मुद्दा बनाएगी। झामुमोझ्कांग्रेस ने जनता को दिग्भ्रमित कर दूसरी बार सरकार बनाई है, लेकिन मंत्रियों को जनमुद्दों की फिक्र नहीं है। उन्होंने कहा कि आजसू ने हेमंत सरकार को अपना प्रदर्शन सुधारने के लिए छह माह का समय दिया था, लेकिन नौ माह बीत जाने के बाद भी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) और कांग्रेस की सरकार, जनता के हितों की रक्षा में पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त है, माफिया और आपराधिक गिरोहों का दबदबा कायम है। कोयला, बालू, गिट्टी की तस्करी खुलेआम हो रही है। चुनाव जीतने के लिए झामुमो ने मईयां योजना का इस्तेमाल किया, लेकिन अब छह लाख महिलाओं का नाम क्यों काटा जा रहा है? इसके लिए सरकार को जवाब देना होगा। मिलन समारोह के दौरान झामुमो और कांग्रेस को छोड़ कर कई कार्यकर्ता आजसू पार्टी में शामिल हुए। पार्टी नेताओं ने उनका स्वागत पट्टा और माला पहना कर किया। पार्टी में सदमा पंचायत, ओरमांझी के पूर्व मुखिया हरिलाल मुंडा, अमित टोप्पो, मोतीलाल टोप्पो, कांके क्षेत्र के मो. वसीम, मो. शाहबाज, रवींद्र नाथ चटर्जी, मकसूद खान, इकबाल आलम, रिजवान, राज, ओम प्रकाश साव, शाहिद, रितेश कुमार, बबलू मंसूरी, मुकेश कुजूर, अहमद अली, शाहिद अहमद और सलाउद्दीन सहित कई अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।




'एक पेड़ मां के नाम 2.0' , विश्व हेपिटाइटिस दिवस व विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का आयोजन

# एसएस डोरंडा +2 बालिका उच्च विद्यालय में छात्राओं के बीच चित्रांकन प्रतियोगिता

देश प्राण संवाददाता





**रांची, 27 जुलाई:** 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' , विश्व हेपिटाइटिस दिवस व विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस पर एस. एस. डोरंडा +2 बालिका उच्च विद्यालय, डोरंडा, राँची ( बंगला स्कूल डोरंडा ) में छात्राओं के बीच कल चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। चित्रांकन प्रतियोगिता के दौरान छात्रों के प्रोत्साहन के लिए श्रीमती दिव्या खलखो , प्रधानाध्यापिका एस. एस. डोरंडा +2 बालिका उच्च विद्यालय, डोरंडा एवं श्रीमती अरुणा रोशनी कुल्लू तथा श्री विकास कुमार वह अन्य सम्मानित शिक्षक - शिक्षका उपस्थित रहे।

केंद्रीय संचार ब्यूरो रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान ने अपने एक विशेष संदेश में कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मिशन लाइफ' के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के आह्वान के साथ एक पेड़ मां के नाम 2.0 पहल का लक्ष्य 5 जून से 30 सितंबर, 2025 की अवधि में 10 करोड़ पेड़ लगाना है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान की शुरूआत की थी, जो पर्यावरण की जिम्मेदारी के साथ-साथ माताओं को आदर देने वाली एक अनूठी पहल है. इस अभियान की शुरूआत 5 जून 2024 को प्रधानमंत्री द्वारा नयी दिल्ली के बुद्धा जयंती पार्क में पीपल का पेड़ लगाने के साथ की गयी थी। प्रधानमंत्री ने पर्यावरण को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर दिया और पिछले दशक में वन क्षेत्र बढ़ाने में भारत की प्रगति के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि यह अभियान सतत विकास के लिए देश की आवश्यकता के अनुरूप की गई पहल है। सरकार की यह पहल प्रत्येक नागरिक को पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने के लिए है।

2024 में इसकी शुरूआत के बाद से यह पहल एक जन आंदोलन बन गयी है. देश भर में अब तक 5.5 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए जा चुके हैं. सीड-बॉल , बायो फेंसिंग आदि जैसी अभिनव पहल के द्वारा इस अभियान को सुदृढ़ किया गया है। श्री रहमान ने आगे बताया कि वर्ल्ड हेपिटाइटिस दिवस 2025 जुलाई 28 को मनाया जाता है , जिसका उद्देश्य हेपेटाइटिस के बारे में जागरूकता बढ़ाना, इसके लक्षणों, रोकथाम और उपचार को बढ़ावा देना है। हेपेटाइटिस एक गंभीर बीमारी है जो लिवर को प्रभावित करती है और इसके विभिन्न प्रकार होते हैं, जिनमें ए, बी, सी, डी और ई शामिल हैं। हमें अपने लिवर की सेहत का ध्यान रखना चाहिए और हेपेटाइटिस के लक्षणों को पहचानना चाहिए। विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2025 की थीम इस वर्ष की थीम ₹हेपेटाइटिसः लेट्स ब्रेक इट डाउन₹ है, जो वित्तीय, सामाजिक और प्रणालीगत बाधाओं को तोड़ने पर केंद्रित है जो हेपेटाइटिस के उन्मूलन और लिवर कैंसर की रोकथाम में बाधा उत्पन्न करती हैं।

## श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर में पांच दिवसीय श्री कृष्ण बीतक कथा शुरू



देश प्राण संवाददाता

**रांची, 27 जुलाई:** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में परमहंस डा० संत शिरोमणि सदानंद जी महाराज के सानिध्य में श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग रांची के प्रांगण में पांच दिवसीय संगीतमय श्री कृष्ण बीतक कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर वृंदावन से पधारी सुप्रसिद्ध कथा वाचिका विदुषी साध्वी मीना महाराज एवं विदुषी पूर्णा महाराज ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव प्रसंग को विस्तारपूर्वक एवं अत्यंत भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

कथा की शुरूआत मंगलाचरण और श्री गणेश वंदना से हुई, जिसके पश्चात संगीतमय शैली में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा प्रारंभ हुई। साध्वी मीना महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की पृष्ठभूमि, कंस के अत्याचार, वासुदेव और देवकी की पीड़ा, तथा जेल में श्रीकृष्ण के अवतरण की दिव्य कथा का सजीव चित्रण किया। उनके साथ साध्वी पूर्णा महाराज ने गायन और प्रसंगों की संगीतमय प्रस्तुति से वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

साध्वीजी ने कहा कि श्रीकृष्ण का जन्म केवल देवकी और वासुदेव के लिए नहीं, अपितु संपूर्ण मानवता के कल्याण हेतु हुआ था। जब-जब अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब-तब प्रभु किसी रूप में अवतरित होकर संसार को दिशा दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्म केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर नई चेतना के जागरण का प्रतीक है। कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग आया, पूरे मंदिर परिसर में उल्लास और आनंद की लहर दौड़ गई। झांकी के रूप में बालकृष्ण के जन्म का जीवंत चित्र प्रस्तुत किया गया, जिसमें घंटियां, शंखनाद और 'नंद के घर आनंद भयो' जैसे भजनों की गूंज से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में झारखंड राज्य चेस चैंपियनशिप का समापन



देश प्राण संवाददाता

**रांची, 27 जुलाई:** सरला बिरला विश्वविद्यालय के सभागार में झारखंड राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित चार दिवसीय आदित्य बिरला मेमोरियल 24वीं झारखंड स्टेट फीडे रेटिंग चेस चैंपियनशिप-2025 का आज समापन हुआ।

इस अवसर पर पूर्वी सिंहभूम के प्रीतम सिंह को ट्रॉफी एवं 17,500 रुपए नकद, पश्चिमी सिंहभूम के तनिष्क कुमार को 12500 रुपए नकद एवं पश्चिमी सिंहभूम के ही मनीष शर्मा को 9000 रुपए की नकद राशि मिली।

प्रतियोगिता के अनरेटेड, रेटिंग कैटेगरी 1600, रेटिंग कैटेगरी 1800, वेटरन मैन, यंगेस्ट प्लेयर बालक एवं यंगेस्ट प्लेयर बालिका वर्ग में विभिन्न प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा अन्यान्य प्रतिभागी भी पुरस्कृत किए गए। समापन समारोह के अवसर पर सरला बिरला विश्वविद्यालय ,महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। समापन के दौरान झारखंड राज्य शतरंज संघ के सचिव श्री मनीष कुमार, ,आरडीसीए के सचिव नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार, मुख्य समन्वयक प्रभात रंजन कुमार एवं सह सचिव दीपक कुमार एवं मृदुल कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## खबर कोना

### माइनॉरिटी एडवोकेट्स वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट की बैठक



**रांची :** माइनॉरिटी एडवोकेट्स वेलफेयर एंड एजुकेशनल ट्रस्ट की पहली बैठक अंजुमन इस्लामिया रांची मुसाफिर खाना हाल मे आयोजित हुई । जिसकी सदारत मुमताज अहमद खां ने किया जबकि मीटिंग का संचालन सेक्रेटरी एमडी अरशद ने किया । जिसमे ट्रस्ट को बुलंदिओं तक लेजाने के लिए सभी अधिवक्ताओं ने अपना अपना कीमती विचार रखा और साथ ही साथ माइनॉरिटी एडवोकेट्स के हित में और समाज मे पिछड़े दलित लोगों की शिक्षा के लिए और उसके उत्थान के लिए गहराई से चर्चा हुई । इस पर बहुत सारे अधिवकताओ ने अपना-अपना विचार रखा साथ ही साथ माइनॉरिटी एडवोकेट्स के लिए कई योजनाओं को लागू किया गया । जिससे रांची के सभी माइनॉरिटी एडवोकेट्स काफी लाभन्वित होंगे। धन्यवाद ज्ञापन ट्रस्ट के ट्रेजर एम. डी .असद ने किया जिसमे मुख्य रूप से सीनियर अधिवक्ता हुमायूँ राशीद, हफिजुद्दीन अंसारी, वाईस प्रेसिडेंट मो,सुल्तान खान सिंगापुरी, जॉइंट सेक्रेटरी मो, गुफरान , अजहर अहमद खान, मोड्ड, शमीम , नदीमुद्दी, मो, अब्दुल राउफ, वैज रहमान, कमर आलम, प्रवक्ता मो परवेज आलम नसर इमाम और काफी संख्या में अधिवक्ताओं ने हिस्सा लिया ।

### रिम्स 2 और विस्थापन को लेकर बोले राजेन्द्र प्रसाद विस्थापन से मिट जाएगा आदिवासियों का अस्तित्व



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने रिम्स 2 के निमार्ण को लेकर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा विस्थापन झारखंड में अभिशाप बन गया है। कहा कि आदिवासी और मूलवासी सदानों का विस्थापन किसी कीमत पर नहीं होना चाहिए। कहा यह मुख्यमंत्री जी को व्यक्तिगत रूप सुनिश्चित करना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि आदिवासियों का जीविका का आधार जमीन है ,कहा आदिवासी विस्थापित होते चले गए तो इनका अस्तित्व ही मिट जाएगा। प्रसाद ने कहा कि आदिवासी और मूलवासी सदान के लिए विस्थापन अभिशाप बन गया। कहा रिम्स 2 किसी गैर मजरूवा जमीन पर ही बनना चाहिए।

### जेपीएससी में सफलता पर नेहा एवं तेजस्वी को दी बधाई

**रांचीः** जायसवाल बिजनेस एसोसिएशन एवं अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा ने अपने समाज का नाम रौशन करने वाले गढ़वा के तेजस्वी जायसवाल एवं रांची जिले के बुण्डू से नेहा जायसवाल की सफलता पर बधाई दिया। तेजस्वी एवं नेहा ने झारखण्ड पब्लिक सर्विस कमीशन की परीक्षा में नेहा जायसवाल ने 197 वां रैंक एवं तेजस्वी जायसवाल ने 23 वां रैंक लाकर समाज एवं राज्य का नाम रौशन किया है। जायसवाल बिजनेस एसोसिएशन एवं अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा ने नेहा एवं तेजस्वी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा की इनकी सफलता से समाज के सभी बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी नरेश जायसवाल एवं झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल, एवं जायसवाल बिजनेस एसोसिएशन के प्रभात रंजन, पारस जायसवाल,सत्यपाल गुप्ता, गोपाल भगत, संतोष जायसवाल, शैलेन्द्र जायसवाल, अमिश जायसवाल, बलिराम जायसवाल, रितेश जायसवाल, रमाशंकर प्रसाद, रमन गुप्ता समेत समाज के सभी लोगों ने इनके सफलता पर बधाई देते हुए इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## श्री जीण माता जी का सावन सिंधारा उत्सव मधुर भजनों से झूमे श्रद्धालु

देश प्राण संवाददाता



**रांची, 27 जुलाई:** श्री जीण माता प्रचार समिति रांची द्वारा आदि शक्ति श्री जीण माता जी का सावन सिंधारा उत्सव स्थानीय स्वर्ण भूमि बैंक्वेट हॉल में मनाया गया। उत्सव की शुरूआत गणेश वंदना से हुई जिसके साथ माता की ज्योत प्रज्वलित की गई। इसके साथ ही पुरुलिया से आई भजन गायिका शीतल कटारूका जी ने माता के भजनों की शुरूआत की।

अपने मधुर भजनों से उन्होंने पूरे उत्सव में जीण भक्ति रस की वर्षा कर दी। उनके द्वारा गए गए प्रमुख भजनः-फूल बिछाओ आंगन में मेरी मैया आने वाली है, आन पधारो झूला में मां भक्त करे मनुहार, लाया थारी चुनरी कर लो मां स्वीकार, मैया थारो रूप मन भायो जिओ हर्षायो, मेरी गाड़ी मेरा बंगला मेरा पैसा सब तेरा, उत्सव में माता को चुनरी, मेंहदी, गजरा एवं निशान चढ़ाया गया। इसके बाद महाआरती एवं महाप्रसाद के साथ आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्रवाल,उपाध्यक्ष श्री विजय पालड़ीवाल, सचिव श्री नारायण विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष श्री बजरंग सोमानी,सह सचिव श्री प्रदीप शर्मा, अजय अग्रवाल,विनय अग्रवाल,गौरव पालड़ीवाल, विशाल पालड़ीवाल संदीप शर्मा,आनंद अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मनोज चौधरी,संदीप विजयवर्गीय , सुनीता मित्तल, कविता सोमानी,संगीता अग्रवाल, ऊषा शर्मा, नीरा शर्मा, सविता शर्मा, आदि सदस्य ने दिया।

## टीएमयू की बेटियां उड़ेंगी ऊंची उड़ान, 50 कैडेट्स को हरी झंडी

देश प्राण संवाददाता



**रांची, 27 जुलाई:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की छात्राओं के लिए खुशी की खबर है, टीएमयू में एनसीसी का शंखनाद होगा। एनसीसी की 09वीं उत्तर प्रदेश वाहिनी की ओर से 50 गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स- सीनियर विंग की स्वीकृति मिल गई है।

इन एनसीसी कैडेट्स को सेना की मानिंद सघन ट्रेनिंग दी जाएगी। बरेली के एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के कमान अधिकारी कर्नल पीएन सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया, यह कोटा पूर्णतः स्ववित्तपोषित योजना के तहत दिया गया है। टीएमयू के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह बताते हैं, यूनिवर्सिटी के डिग्री कोर्सेज के प्रथम वर्ष से सीनियर विंग में नामांकन होता है। एक कैडेट को तीन वर्ष के लिए नामांकित किया जाता है, जिसे चार वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पूरा होने के तुरंत बाद शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में ही नामांकन शुरू हो जाता है। एनसीसी में उपलब्ध सीटों के अनुसार योग्यता के आधार पर नामांकन किया जाता है। उल्लेखनीय है, राष्ट्रीय कैडेट कोर- एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों की युवा शाखा है। इसके तहत कैडेटों को छोटे हथियारों और ड्रिल का बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नवंबर, 1948 के अंतिम रविवार को दिल्ली में पहली एनसीसी इकाई की स्थापना के समारोह की अध्यक्षता की थी। इस दिन को पारंपरिक रूप से एनसीसी दिवस के रूप में मनाया जाता है। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में एडमिशन के वक्त छात्रों के पास अपनी पसंद के कोर्स के साथ एनसीसी में भी भर्ती होने का शानदार मौका है। एनसीसी करके पर्सनॉलिटी डवलपमेंट के लीडरशिप जैसे गुण विकसित होते हैं, बल्कि इसके बाद कई सरकारी नौकरियों में अच्छी-खासी वरीयता भी मिलती है। भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस के अलावा कई अन्य सेवाओं में आसानी से नौकरी मिल जाती है। भारतीय सेना की ओर से हर साल एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। एनसीसी सी सर्टिफिकेट होल्डर सीधे एसएसबी इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। सेना में ऑफिसर्स पदों पर भर्ती होती है। इसके लिए एनसीसी सी सर्टिफिकेट के साथ ग्रेजुएशन में कम से कम 50 फीसदी मार्क्स होने चाहिए। एनसीसी सर्टिफिकेट है तो यूपीएससी एनडीए और सीडीएस परीक्षाओं में विशेष वरीयता मिलती है।

## ऐनामूल अंसारी की अध्यक्षता में आमया संगठन के द्वारा राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन

# स्थानीय मुद्दों व संवैधानिक अधिकारों की मांगों को लेकर 4 अगस्त को विधानसभा घेराव : एस अली

देशप्राण संवाददाता



**चान्हो :** 04 अगस्त को आयोजित झारखंड विधानसभा घेराव को लेकर शनिवार को चान्हो प्रखंड के टाँगर पंचायत सचिवालय में ऐनामूल अंसारी की अध्यक्षता में आमया संगठन के द्वारा राउंड टेबल मीटिंग का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आमया संगठन के केन्द्रीय अध्यक्ष एस अली ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए शहादत देने वाले शहीदों का सपना अबतक पूरा नही हुआ

राज्य में स्थानीय नीति नही बना, पिछड़ी जातियों को दरकिनार कर आबादी के अनुपात में आरक्षण से वंचित किया गया, झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले मुस्लिम समुदाय संवैधानिक अधिकारों और न्याय से वंचित है, मॉबलीचिंग जैसी घटनाओं लगातार बढ़ रही है, झारखंड के हज यात्री को कलकत्ता एयरपोर्ट से जेद्दा जाने के लिए विवश किया गया जबकी पूर्व में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची से हाजी जाते थे, अल्पसंख्यक युवाओं के त्रृण हेतू बजट नाकाफी है, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतू मुख्यमंत्री निशुल्क अल्पसंख्यक कोचिंग योजना लम्बित है, उर्दू एकेडमी गठऩ का फाइल धूल झांक रहा है, बिहार सरकार से मिले उर्दू शिक्षक के पद पर बहाली करने के बजाए नियमविरुद्ध तरीके सरेंडर कर दिया गया, आलिम एवं फाजिल डिग्री की मान्यता समाप्त कि जा रही है वहीं फाजिल और बीएड डिग्री को माध्यमिक आचार्य उर्दू पद के बहाली से वंचित कर दिया गया

इस अवसर पर मुख्यरूप से आमया संगठन के पदाधिकारी रहमतुल्लाह अंसारी मौलाना अबुल कलाम आजाद, हाफिज अब्दुल इरशाद इमाम अजीज जावेद अख्तर, जियाउल रहमान, रिजवान अंसारी, हारिश आलम कलाम अंसारी इस्माइल अंसारी, कयूम अंसारी, हुसैन अंसारी, शाहबाज आलम अनीसुर रहमान कलीमुल्लाह अंसारी, सलमान अंसारी, सुहैल अंसारी साजिद अंसारी, नूर मोहम्मद रमजान अंसारी जलालुद्दीन अंसारी नासिर अंसारी रोजन अंसारी रेयासत अंसारी अब्बास अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खबर कोना

### रातु हुरहुरी अली नगर में लगा नया ट्रांसफॉर्मर, भाजपा नेता इमरान खान ने किया उद्घाटन



**रातु :** प्रखंड के हुरहुरी पंचायत अंतर्गत अली नगर में रविवार को 63 केबीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राँची जिला ग्रामीण क्षेत्र के जिला अध्यक्ष इमरान खान ने फीता काट कर इसका उद्घाटन किया। नया बस्ती अली नगर मोहल्ला बनने के बाद लोगो को बिजली के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नया पोल,तार व ट्रांसफॉर्मर लगने से लोगो ने राहत की सांस ली। बिजली नही होने की सूचना ग्रामीणों ने हटिया विधायक नवीन जयसवाल को दिया इसके उपरांत इमरान खान ने इसकी जानकारी विद्युत विभाग के अधिकारियों को दी ओर काफी परेशानी के बाद विभाग के द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर तार पोल लगाया गया। लोगो ने इमरान खान का आभार जताया। मौके पर जेयाऊल हक, हुरहुरी सेकेट्री अशफाक अंसारी फिरोज अंसारी क्लामुदिन अंसारी इरफान अंसारी सफीक अंसारी, परवेज अंसारी, मो असलम इलियास अंसारी हलीम अंसारी फिरोज अंसारी अंसारी के अलावा दर्जनो लोग मौजूद थे।

### गुमला के नावाडीह पंचायत के ग्रामीणों के बीच अन्न वितरण



**गुमला :** सहयोग आशा ट्रस्ट एवं पुनीत ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को गुमला जिला के नवादी पंचायत के मकरों गांव आंगनबाड़ी केंद्र के प्रांगण में 25 ग्रामीणों के बीच पांच किलो चावल एवं आधा किलो दाल का वितरण किया गया। सहयोग आशा ट्रस्ट के अधिकारियों का स्वागत बुके एवं शाल उड़ाकर पुनीत ट्रस्ट के अधिकारियों ने किया , ग्रामीण चावल एवं दाल पाकर काफी खुश दिखे , ग्रामीणों के बीच अन्य योजनाओं के बारे में सहयोग आशा ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी , जिसमें शिक्षा दान महिलाओं एवं यूवतियों को सेनेटरी पैड वितरण की जानकारी , प्यारी बेटी सगुण योजना, मच्छरदानी एवं छाता वितरण, अंन्नादान योजना। अंन्नदान का लाभ पाने वाले में सुचित्रा बड़ा, देवंती कुमारी, पावेन बड़ा, समीद बाड़ा, शांति प्रकाश बड़ा, ,संगीता बड़ा ,विनीता बाड़ा ,सुंदर देवी ,गागी उराव, सुन्नू बाड़ा, सुकुरमती कुमारी, लवलीन होड़पो , समनारो उराव, मुनि उरांव ,गंदोरी उराव, किशन उराव, सुखलाल उरांव ,रूनु उराव, अनीता टोप्पो ने लाभ उठाया। सहयोग आशा ट्रस्ट के संजय राम ,विजय उरांव, एवं पुनीत ट्रस्ट के पूनम लकड़ा, स्वयं एगेन्से लिस्का कुंडलना, पावेंन बाड़ा, पूनम बड़ा, आदि लोग उपस्थित थे।

### व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र केशरी राजू का निधन



**पिस्का नगड़ी :** क्षेत्र के व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र केशरी राजू का निधन शनिवार रात इलाज के दौरान हो गया, वे लगभग 64 वर्ष के थे। कुछ दिनों पूर्व वे बाइक से गिर गए थे, उनका इलाज रिम्स में चल रहा था। उनका अंतिम संस्कार रविवार को पांडु स्थित स्वर्णरेखा मुक्ति धाम में कर दिया गया उनके पुत्र गगन कुमार ने मुखाग्नि दी।शव यात्रा में क्षेत्र के गणमान्य सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए। उनके निधन पर कई सामाजिक, राजनैतिक और धार्मिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

### विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

**रातु :** विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी को लेकर रविवार को रातू पड़हा भवन में बैठक आयोजित की गई। सरहुल पूजा समिति रातू के अध्यक्ष अमर उराँव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गांव गांव जाकर जागरुकता अभियान चलाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया साथ ही सामाजिक धार्मिक एवं वीर महापुरुषों को माल्यार्पण के लिए 3 जोन बनाया गया। विश्व आदिवासी दिवस संचालन के लिए कमेटी गठन की भी बात रखी गई जिसका गठन 3 अगस्त को आयोजित बैठक में किया जायेगा। बैठक को सफल बनाने के लिए आमजनों से दिन के 12 बजे तक बैठक में शामिल होने की अपील की गई । बैठक रातू मुखिया संघ के अध्यक्ष सुखदेव उरांव, हुसे उरांव, बिश्वनाथ उरांव , बिमल उरांव, पुष्पा उरांव, सोमनाथ उरांव, सामु टोप्पो, परण उरांव ,बसंत उरांव, छोटू मुंडा, संदीप उरांव , राहुल उरांव, अर्जुन उरांव, अजित उरांव, गांगु पाहन, रंजीत खलखो, मोहन उरांव, हावड़ा उरांव, मकसुदन तिग्गा, मदन उरांव, बरून उरांव आदि लोग शामिल हुये।

### बोनीडांगा से आरपीएफ में रिस्क्यू किया कलियाचक का नाबालिक

**बरहरवा (साहिबगंज) :** बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार के नेतृत्व में मानव तस्करी के विरुद्ध बोनिडांगा रेलवे स्टेशन पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान एक नम्बर प्लेटफार्म के फुट ओवर ब्रिज के समीप एक नाबालिग लड़का संदिग्ध अवस्था में इधर-उधर घूमता नजर आया। संदेह होने पर आरपीएफ टीम ने उससे रोक कर पूछताछ किया। पूछताछ में उसने अपना परिचय पश्चिम बंगाल के कालियाचक का निवासी बताया है।

### कुंवे में डूबने से एक 60 वर्षीय बृद्ध की मौत

**मांडर :** मांडर थाना क्षेत्र के गुड़ गुड़ जाड़ी ग्राम में शनिवार की शाम एक कुएँ में गिर जाने से लगभग 60 वर्षीय वृद्ध महादेव उराव की मौत हो गई पुलिस ने उसके शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया , घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शाम को वें अपने खेत से घर लौट रहे थे अत्यधिक बारिश के कारण खेत स्थित कुंवा पानी से लबालब भरा हुआ था जिसके कारण कुएँ का पता नहीं चला और पार होने के क्रम में वें कुएँ में गिर गए जिससे उनकी मौत हो गई, इसकी जानकारी मिलने पर पहुंचे पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष सह समाज सेवी रामबालक ठाकुर ने इसकी सुचना मांडर थाने को दी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुएँ से बाहर निकलवाया लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी, रामबालक ठाकुर ने उनके परिवार वालों को ढाढ़स बँधाते हुए पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स भिजवाया साथ हीआपदा राहत के तहत सरकार की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि हेतु हर संभव पहल की बात कही, आज लगभग तीन बजे उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## गुरुकुलद्रोणा अकैडमी के ओनर द्वारा माइंड बूस्टर अबाकस का कोर्स नगड़ी के सबशीला में प्रारंभ

देशप्राण संवाददाता



**पिस्का नगड़ी :** गुरुकुलद्रोणा अकैडमी के ओनर ऊषा प्रसाद ने माइंड बूस्टर अबाकस का कोर्स अब नगड़ी के सबशीला में भी आरंभ कर दी है, यह एक ऐसा कोर्स है जिससे बच्चों के दिमाग को विकसित करता है तथा याददाश्त शक्ति को बढ़ाता है फॉलोवर पर्सनालिटी को भी विकसित करता है, इसके साथ ही टैलेंट हंट कंपटीशन का आयोजन नगड़ी में ईआर रंजीत प्रसाद के इंस्टीट्यूट सबशीला में किया गया जिसमें मेंटल मैथ्स, ड्राइंग और राइटिंग कंपटीशन में बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया साथ ही फर्स्ट सेकंड एंड थर्ड आई विद्यार्थी को मेडल और पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा सभी पार्टिसिपेट स्टूडेंट को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। इस प्रोग्राम के मुख्य अतिथि नगड़ी प्रखंड के प्रखंड प्रमुख मदुआ कच्छप थे।

उन्होंने कहा कि उषा एवं रंजीत सर के माध्यम से बच्चों मे टैलेंट को उभारने का जो शुभ कार्य कर रहे हैं वह सराहनीय है साथ ही आज से शुरू किया जाने वाले कोर्स माइंड बूस्टर अबाकस में बच्चों का प्रदर्शन से वे बहुत खुश दिखाई दिए और बच्चों को इस कोर्स को करने के लिए उत्साह जागृत किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुकुल द्रोणा स्कूल के शिक्षक गण इमरान, प्रीति, मीनू , शालिनी एवं दीक्षा का सहयोग रहा। कार्यक्रम में सैकड़ो विधार्थियो ने भाग लिये।इस अवसर पर अभिभावक गण और बडी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## मंडल अध्यक्ष व सासंद प्रतिनिधि ने ओवरब्रिज निर्माण हेतु आदित्य प्रसाद साहू को सौंपा ज्ञापन



देशप्राण संवाददाता

**पिपरवार :** चतरा जिला पिपरवार मंडल निर्वतमान भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय लाल एवं सांसद प्रतिनिधि अश्विनी दाराद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य सभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य प्रसाद साहू से मिलकर बरकाकाना बरवाडीह रेल मार्ग अंर्तगत राय रेलवे स्टेशन रेल वजन घर के पास रेलवे ओवरब्रिज बनवाने हेतु ज्ञापन सौंपा। जिसमें पूर्व में ननिर्वतमान हजारी बाग सांसद जयंत सिंहा के कार्यकाल में हुई कार्रवाई का छाया प्रति भी संलग्न किया गया है। उक्त ओवरब्रिज का निर्माण अभी तक धरातल पर नहीं हुआ। जिससे पिपरवार मगध संघमित्रा अमरपाली चंद्रगुप्त कोयलांचल क्षेत्र और टंडवा एनटीपीसी लाखो लोगों को रेलवे स्टेशन आने जाने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। इसी परेशानी को देखते हुए ज्ञापन सौपा गया है। राज्यसभा सांसद आदित्य प्रसाद साहू ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि रेल मंत्री अश्विनी वैश्नव से मिलकर ओवरब्रिज बनवाने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रतिनिधि मंडल मे विजय लाल, अश्विनी दाराद, दिलीप अम्बष्ट, भाजपा वरिष्ठ नेता महेश प्रसाद साहू, जेपी साहा शामिल थे।

## हिंडाल्को इंडस्ट्रीज मुरी वर्क्स के ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

देशप्राण संवाददाता



**सिल्ली :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड मुरी वर्क्स के ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर द्वारा भारतीय रेड क्रॉफस सोसाइटी आईआरसीएस के सहयोग से एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्य में आस-पास के क्षेत्रों से कुल 92 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, रांची शाखा के अध्यक्ष डॉ. शंभु प्रसाद सिंह, कार्यकारिणी सदस्य श्री सत्येन्द्र कुमार, डॉ. बी.के. रॉय, डॉ. नरेश प्रसाद यादव, श्री महेश सिंह एवं श्री हीरालाल चौधरी उपस्थित रहे। वही सभी अतिथियों ने हिंडाल्को मुरी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सौरव घोष द्वारा वर्षों से किए जा रहे इस सेवा कार्य की सराहना कीया उन्होंने कहा कि हिंडाल्को, रांची रेड क्रॉस रक्त बैंक के लिए मुख्य रक्तदाता संस्थान बना हुआ है।

इस अवसर पर डॉ. घोष को प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन अरुण राय (एचआर हेड) एवं गौरीशंकर (इंजीनियरिंग हेड) द्वारा किया गया। डॉ. अंकुश एफएमओ डॉ. अपेक्सा एमओ सुनील सिंह, आशीष होरो ओएचसी एडमिन कौशल सागर प्रयोगशाला तकनीशियन, परिमल प्रयोगशाला तकनीशियन एवं भारत सिंह भी हिंडाल्को की ओर से उपस्थित रहे। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से वरिष्ठ प्रयोगशाला तकनीशियन श्री रामजीवन अपनी टीम के साथ शिविर संचालन में सहयोग कर रहे थे। यह आयोजन न केवल रक्तदान जैसे जीवनदायी कार्य को प्रोत्साहित करता है, बल्कि हिंडाल्को की सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा में प्रतिबद्धता और जवाबदेह कॉर्पोरेट नागरिकता को भी दर्शाता है।

### गुरुकुल कुटाम में जन्माष्टमी को लेकर तैयारियां जोरों पर

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत भक्ति वेदांत गुरुकुल कुटाम में आगामी जन्माष्टमी को लेकर भव्य तैयारियां जोरों पर है। कारीगरों द्वारा भक्तों के स्वागत को लेकर भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। बताते चलें कि लगभग 180 गांवों में संकीर्तन के माध्यम से निमंत्रण दिया जा रहा है जिससे पूरा क्षेत्र कृष्णमय हो उठा है। इस वर्ष जन्माष्टमी 16 अगस्त दिन शनिवार को मनाया जाएगा।वहीं श्री कृष्ण के स्वागत के लिए विशाल व आकर्षक पंडाल तैयार किया जा रहा है जिसमें रात्रि के चुने हुए शुभ मुहूर्त में पूजा अर्चना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उत्सव के निमंत्रण हेतु 180 गांवों में लगातार कीर्तन,झांकी और भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिससे दूर-दूर तक धार्मिक वातावरण तैयार किया जा सके।

## भारतीय हालदार किसान यूनियन ने किया बैठक

**साहिबगंज :** शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट में रविवार को भारतीय हलधर किसान यूनियन की बैठक लक्ष्मण यादव की अध्यक्षता मे हुई।बैठक में संगठन मजबूती को लेकर चर्चा किया गया।इस दौरान कई किसानों ने बारी बारी से अपनी समस्या को रखा।किसानों ने बताया कि कृषि लोन सरकार के द्वारा माफ करने के बाबजूद बैंक से किसानों को नोटिस जारी किया जाता है। बैठक मे किसानो ने एक स्वर मे कहा बैंक नोटिस भेजना बंद करें।वही बैठक मे सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित कर किसानों ने सरकार से मांग किया है कि जमीन का लगान रशीद काटना बंद हैं, इसे सरकार जल्द काटने का काम शुरू करें।प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वर्ष 2018 एवं 2019 का भुगतान की दिशा में अभिलंब कारवाई कर लाभुक किसान को भुगतान करें।वही जिला अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री फसल बीमा योजना राशि वर्ष 2021 से 2024 तक किसानों को आज तक भुगतान नहीं किया गया है, तो जांचोपरांत भुगतान किया जाय। यादव ने कहा कि वर्तमान में दियरा क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है, किसानों को बाढ़ से बचाव के लिए राहत देते हुए पशुओं को चारा की व्यवस्था सुनिश्चित करें।किसानों को खेती करने के लिए केसीसी ब्याज मुक्त राशि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।श्री यादव ने कहा कि किसान अन्नदाता है परंतु इनकी स्थिति पर सरकार की योजना नहीं पहुंच पाती है ऐसी स्थिति में पंचायत स्तर पर संगठन विस्तार की बात कही गई।

## प्रजापति समाज ने दक्ष जयंती पर गौरव दिवस का किया आयोजन

# 11 यूनिट रक्तदान व प्रतिभा सम्मान से समाज को मिली नयी पहचान

देशप्राण संवाददाता



**पिपरवार :** झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ के तत्वावधान में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन चतरा में भव्य एवं ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ। साथ ही 11 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान कर समाज ने सेवा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। यह गरिमामयी आयोजन चतरा डाकघर के समीप किरण मोटर शो रूम परिसर में संपन्न हुआ।

**विशेष अतिथियों की उपस्थिति से कार्यक्रम रहा ऐतिहासिक :** समारोह में चतरा सांसद कालीचरण सिंह, विधायक जनार्दन पासवान, सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समाज को एसटी श्रेणी में शामिल करने के लिए संसद और विधानसभा में आवाज उठाने का संकल्प भी दोहराया। इस मौके पर झारखंड प्रजापति महासंघ के जिला अध्यक्ष गौतम प्रजापति, संरक्षक पंकज प्रजापति, सचिव कमलेश प्रजापति, उपाध्यक्ष विनोद प्रजापति, मंच संचालक आदित्य प्रजापति, जिला मीडिया प्रभारी पप्पू कुमार सहित कई समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों, शिक्षकों एवं युवाओं की प्रभावशाली उपस्थिति रही।

**प्रतिभाओं का सम्मान-समाज की नई पहचान :** बोर्ड परीक्षाओं, प्रतियोगिता परीक्षाओं एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मंच पर सार्वजनिक रूप से सम्मानित किया गया। इससे समाज में शिक्षा और प्रोत्साहन की नई लहर देखी गई।

**महिला, युवा एवं बुजुर्गों की उत्साहजनक भागीदारी :** कार्यक्रम की एक खास बात यह रही कि इसमें महिलाओं, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की गरिमामयी भागीदारी रही। सभी ने सामाजिक सुधार और संगठनात्मक मजबूती पर अपने विचार रखे।

**सामाजिक विषयों पर जागरूकता :** समारोह के दौरान शिक्षा, नशा मुक्ति, दहेज उन्मूलन, स्वरोजगार, महिलाओं की भागीदारी एवं सामाजिक संगठन जैसे ज्वलंत विषयों पर विचार-विमर्श हुआ, जिसने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया।

**एकता रैली बनी आकर्षण का केंद्र :** सुबह 9 बजे चतरा पुलिस लाइन से फांसी तालाब तक मोटरसाइकिल एवं कार रैली निकाली गई, जिसने नगर में एकता, स्वाभिमान और सामाजिक जागरूकता का संदेश फैलाया।

कार्यक्रम का उद्देश्य केवल उत्सव मनाना नहीं था, बल्कि आगामी पीढ़ियों को दिशा देना, शिक्षा व संगठन को प्राथमिकता देना और सामाजिक समरसता को मजबूत करना था। इस आयोजन ने साबित कर दिया कि जब समाज संगठित होता है, तो वह न केवल अपनी पहचान बनाता है बल्कि नई पीढ़ियों को प्रेरणा देने वाला इतिहास भी रचता है। सभी समाज बंधुओं, युवाओं, विद्यार्थियों और अभिभावकों से निवेदन है कि आगे भी ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी देकर समाज को नई ऊंचाई प्रदान करें।

# समर्पण, अनुशासन और सहयोग से किसी भी लक्ष्य को किया जा सकता है हासिल : उपायुक्त

**राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक असेसमेंट में राज्य में दूसरा स्थान हासिल कर उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की**

देशप्राण संवाददाता

**पाकुड़:** प्रोजेक्ट जागृति- बेहतर स्वास्थ्य की ओर एक कदम, यह एक सूक्ति नहीं है। स्वास्थ्य विभाग पाकुड़ ने इसे सही कर दिखाया। पाकुड़ जिला ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) असेसमेंट में पूरे राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपनी स्वास्थ्य सेवाओं की उत्कृष्टता साबित की है। यह सफलता उपायुक्त श्री मनीष कुमार के निर्देशानुसार और सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार सिन्हा एवं गुणवत्ता नोडल पदाधिकारी डॉ अमित कुमार के मार्गदर्शन में जिला एवं ब्लॉक टीम के समर्पित प्रयासों से संभव हुई।भारत सरकार के द्वारा संचालित स्वास्थ्य गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र के श्रेणी के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक एवं कायाकल्प में बेहतर कार्य करने हेतु पुरस्कार राशि भी दिए जाते है। इसी कार्यक्रम के क्रम में पाकुड़ जिले में संचालित सभी सीएचसी, पीएचसी, यूपीएचसी एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्तर पर स्वास्थ्य केंद्र को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने एवं साफ-सफाई में बेहतर बनाए रखने हेतु स्वास्थ्य केंद्र को पुरस्कृत किया गया हैं। राज्य द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 28 जुलाई 2025 को क्ढल्ल,नामकुम, रांची में माननीय स्वास्थ्य मंत्री, झारखंड सरकार मो० इरफान अंसारी की उपस्थिति में उनके कर कमलों से सम्मान वितरण किया जाएगा जिसमें राज्य भर से सभी विजेता स्वास्थ्य केंद्र के प्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया हैं जिसमें पाकुड़ जिले के विजेता स्वास्थ्य केंद्र के प्रतिनिधि भी सम्मान समारोह में शामिल होने हेतु उत्सुक हैं। पाकुड़ जिले में कुल 44 आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन कराने हेतु आवेदन किए गए है जिसमें अबतक 30 का भारत सरकार द्वारा नामित नेशनल असेसर टीम द्वारा असेसमेंट किया जा चुका हैं। 14 का एसेसमेंट होना अभी बाकी हैं जिसमें 21 का असेसमेंट परिणाम आ चुका हैं। पूरे झारखण्ड राज्य में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक सर्टिफिकेशन में पाकुड़ दूसरे स्थान पर हैं। कायाकल्प पुरस्कार हेतु पाकुड़ जिले में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़ को प्रथम स्थान मिला है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर के लिए पाकुड़ जिले के छोटा सूरजबेड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को प्रथम स्थान मिला है। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि पाकुड़ जिले में स्वास्थ्य क्षेत्र में यह एक बड़ी उपलब्धि है। इस उपलब्धि को लेकर उपायुक्त ने सिविल सर्जन डॉ सुरेन्द्र कुमार मिश्रा, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ मनीष कुमार सिन्हा, गुणवत्ता नोडल पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, गुणवत्ता परामर्शी मो० मोइनुद्दीन शेख, अर्बन के डीआरसीएचओ, डीयूएचएम, प्रबंधक, कंसल्टेंट, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई दी एवं सभी के कार्यों की सराहना की जिन्होंने अपने अथक प्रयासों से केंद्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन प्राप्त करने में योगदान दिया। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि सामूहिक प्रयास और समर्पण का परिणाम है, जिसने पाकुड़ के स्वास्थ्य केंद्रों को राष्ट्रीय मानकों पर खरा उतरने में सक्षम बनाया। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन, जो सेवा प्रावधान, रोगी अधिकार, नैदानिक देखभाल और संक्रमण नियंत्रण जैसे क्षेत्रों में उच्च मानकों को सुनिश्चित करता है, पाकुड़ के स्वास्थ्य केंद्रों की विश्वसनीयता और जनता के विश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण है।

### घाटो के लईयो लुगू बाबा मैदान में सांसद खेल महोत्सव का हजारीबाग सांसद ने किया उद्घाटन

# नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार आगाज

**देश प्राण संवाददाता**

हजारीबाग, 27 जुलाईः सांसद खेल महोत्सव-2025 के तहत हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूनार्मेंट की धूम है। प्रथम नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन रामगढ़ विधानसभा के गोला प्रखंड, द्वितीय टूनार्मेंट मांडू विधानसभा क्षेत्र के डाडी प्रखंड, तीसरा टूर्नामेंट बरही विधानसभा क्षेत्र के पदमा में संपन्न होने के पश्चात रविवार को मांडू विधानसभा क्षेत्र के मांडू प्रखंड अंतर्गत घाटो भाजपा मंडल के लईयो स्थित लुगू बाबा मैदान में शानदार आगाज हुआ।

यहां बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने मशाल जलाकर, खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल में किक मारकर इस टूर्नामिंट का विधिवत उद्घाटन किया। टूर्नामिंट




का उद्घाटन मैच शार्क स्टेट एफसी घाटो टीम बनाम एंजेल एफसी बॉयज लईयो टीम के बीच शुरूआत हुआ। इस टूर्नामेंट में घाटो क्षेत्र की कुल 48 टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के अवसर पर यहां दर्जनों टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान में आकर्षक नमो जर्सी के साथ मार्च पास्ट किया और सांसद मनीष जायसवाल के साथ मैदान में नशामुक्त होकर खेलने और जीवन जीने का संकल्प भी लिया। उक्त टूर्नामेंट के विजेता टीम के लिए 25 हजार रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी, चमकता नमो मेडल और उपविजेता टीम के लिए 15 हजार रुपए नगद, आकर्षक नमो ट्रॉफी, चमकता नमो मेडल के अलावे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टीम के कईयों को पुरस्कृत करने की योजना तय है । मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि लगातार दूसरे वर्ष सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन लोकसभा क्षेत्र



के सभी 22 प्रखंडों में सिलसिलेवार तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की शुरूआत और लक्ष्य पर विस्तार से प्रकाश डाला और कहा कि कहा कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र से कटकम दाग प्रखंड से साल 2016 में इसकी शुरूआत हुई थी और अब इसकी ख्याति प्रदेश स्तर के सबसे बड़े फुटबॉल टूर्नामेंट के रूप में हो रही है। सांसद मनीष जायसवाल ने यह अभी कहा की इस टूर्नामेंट के आयोजन के उद्देश्य की पूर्ति उसे दिन होगी जब नमो फुटबॉल टूर्नामेंट से कोई खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फलक पर उभर कर आएगा। मौके पर विशेष रूप से रामगढ़ जिला के भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, घाटो भाजपा मंडल अध्यक्ष गिरधारी महतो, घाटो के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रणधीर सिंह, नमो खेल श्रृंखला से जुड़े बंटी तिवारी, जयप्रकाश, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### सांसद मनीष जायसवाल ने लुगू बाबा स्थल पर की पूजा-अर्चना

मांडू विधानसभा क्षेत्र के घाटो स्थित लुगू बाबा मैदान में सांसद खेल महोत्सव के तहत आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल शामिल हुए। उद्घाटन से पहले सांसद मनीष जायसवाल ने लुगू बाबा स्थल पर माथा टेका और पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि लुगू बाबा इस क्षेत्र का एक पवित्र और पूजनीय स्थल है, जहां लोगों की गहरी आस्था जुड़ी हुई है। सांसद मनीष जायसवाल का यहां आने के दौरान चरही, चोपड़ा मोड़, और इचाकडीह मोड़ में स्थानीय भाजपा कार्यकताओं और समर्थकों ने उनका फूल माला पहनाकर और नारा जयकारा लगाकर जबरदस्त स्वागत किया।

## खबर कोना

### हजारीबागः विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में विदाई समारोह का आयोजन



**हजारीबागः** विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में आज सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने की। इस अवसर पर चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थी आंचल कुमारी, सुहानी कुमारी, सोनम कुमारी, तेजस्वी कुमारी, कुमार विषेक तथा कतीबुन प्रवीण ने विभाग में और विश्वविद्यालय में बीताए दो वर्ष के अपने संस्मरण सुनाए। विद्यार्थियों ने विभाग की प्रशंसा की एवं बताया की इन दो वर्षो ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। उन्होंने अपने द्वितीय समसत्र के अनुजों को कुछ महत्वपूर्ण संदेश भी दिए। संगीता ने इस अवसर पर एक अर्थपूर्ण गीत सुनाई। द्वितीय समसत्र के विद्यार्थियों ने पूरे समारोह की व्यवस्था की। प्रियंका ने अपने गीत से सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। शिवानी और नैना ने अपने संबोधन के माध्यम से बताया कि वह अपने सीनियर से बहुत कुछ सीखे हैं। उन्होंने अपने सीनियर विद्यार्थियों को चतुर्थ समसत्र की परीक्षा में तथा जीवन में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इसके विजेता सोनल और विषेक विद्यार्थी को सुश्री और श्री राजनीति विज्ञान के सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में समाज विज्ञान संकायअध्यक्ष एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ सादिक रज्जाक तथा विभागीय शिक्षक डॉ प्रमोद कुमार, डॉ अजय बहादुर सिंह, जेआरएफ-नेट प्रशिक्षक डॉ रुखसाना बानो तथा शोधार्थी धर्मेंद्र कुमार, महेंद्र पंडित, रवि विश्वकर्मा, विकास कुमार रवि, प्रतीक कुमार, विकास कुमार यादव अपने-अपने विचार रखें।

### सावन महोत्सव : हरियाली और खुशियों से महका बृजनंदन रेजिडेंसी, महिलाओं में दिखा उत्साह

**हजारीबागः** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बृजनंदन रेजिडेंसी में इस वर्ष सावन महोत्सव की धूम रही। हरियाली तीज के पावन अवसर पर रेजिडेंसी की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों, लोकगीतों, नृत्य और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से पूरे परिसर को हरियाली और उल्लास से सराबोर कर दिया। महोत्सव में महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक



गीतों के साथ हुई, जिसके बाद झूला सजाने की प्रतियोगिता, मेहंदी रचना, फैंसी ड्रेस और ग्रुप डांस जैसे रंगारंग कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। रेजिडेंसी की महिलाओं ने पारंपरिक हरे परिधानों में सज-धजकर एक अद्भुत सांस्कृतिक संगम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संयोजिका सुधा वर्मा और पूनम ,रूबी ने कहा कि सावन महोत्सव हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और पारंपरिक सौंदर्य का प्रतीक है। बृजनंदन रेजिडेंसी की महिलाओं ने जिस उत्साह और समर्पण के साथ इस आयोजन को जीवंत किया, वह सचमुच सराहनीय है। हरियाली, रंग-बिरंगे परिधान, लोक गीत, नृत्य और मिलजुलकर मनाया गया यह पर्व हमारे सामाजिक जुड़ाव और महिला सशक्तिकरण की सुंदर मिसाल बना। हमलोग सभी प्रतिभागियों और आयोजकों को दिल से बधाई देती हूं। आइए, इसी उमंग और ऊर्जा के साथ हम अपनी परंपराओं को आगे बढ़ाएं।

### हिंदूवादी नेता की गिरफ्तारी के विरोध में विधायक के नेतृत्व में भुरकुंडा थाना में धरना प्रदर्शन



**रामगढ :** रामगढ़ थाना मामले में भुरकुंडा पुलिस ने हिंदूवादी नेता राजेश सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया है। इसके विरोध में बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में भुरकुंडा थाना में धरना प्रदर्शन किया गया। भुरकुंडा थाना में धरना प्रदर्शन की सूचना मिलने के बाद पतरातू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौरव गोस्वामी भुरकुंडा थाना पहुंचे। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना क्षेत्र के आफताब अंसारी मामले में दर्ज प्राथमिकी के बाद भुरकुंडा पुलिस ने भुरकुंडा से राजेश सिन्हा को गिरफ्तार कर लिया। हिन्दू संगठन के नेता राजेश सिन्हा की गिरफ्तारी के बाद रविवार को बड़कागांव विधायक रोशनलाल चौधरी ने जोरदार विरोध किया। वह अपने समर्थकों के साथ भुरकुंडा ओपी पहुंचे जहां राजेश सिन्हा को पुलिस ने हाजत में बंद कर रखा था। विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि झारखंड सरकार तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। एक विशेष समुदाय के दबाव में निर्दोष राजेश सिन्हा को गिरफ्तार किया है। पुलिस की कार्रवाई बेहद संदेहास्पद है। उन्होंने कहा कि इस गिरफ्तारी की घोर निंदा हो रही है। अगर पुलिस अभिलंब उन्हें रिहा नहीं करती है तो वह भी जोरदार आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी महिला का यौन शोषण होता है। उसने थाने में प्राथमिककी भी दर्ज कराई।

## मन की बातः 124वां एपिसोड नगर पश्चिमी के 247, 248 और 249 बूथों पर सुना गया

**देश प्राण संवाददाता**

**हजारीबाग, 27 जुलाईः** हजारीबाग के नगर पश्चिमी मंडल के बूथ संख्या 247, 248 और 249 पर मन की बात कार्यक्रम का 124वां एपिसोड जैन भवन, बड़ा बाजार में बूथ संयोजक सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुदेश कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के इस एपिसोड में विज्ञान, संस्कृति, युवा प्रेरणा एवं भावी राष्ट्रीय दृष्टिकोण पर विशेष रूप से चर्चा की। उन्होंने शुभांशु शुक्ला के भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को पुनर्जीवित करने के कार्यों की सराहना की और चंद्रयान-3 की ऐतिहासिक सफलता को भारत के वैज्ञानिक सामर्थ्य और राष्ट्रीय गौरव



की एक बड़ी उपलब्धि बताया। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से विज्ञान, नवाचार और सांस्कृतिक संरक्षण में भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में उन्होंने देशवासियों से ह्यवोकल फॉर लोकलह्न की भावना अपनाकर आत्मनिर्भर भारत को मजबूत करने की अपील की। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संरक्षक डॉक्टर बी. के. सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजीत चंद्रवंशी, महेंद्र ठाकुर, भाजयुमो के शैलेश चंद्रवंशी, अरुण कुमार वर्मा, मालाकार समाज के जिला अध्यक्ष भोला भगत, राकेश वर्मा, अतिशय जैन, सरयू बिहारी, सरदार सतपाल सिंह, हितेश रंजन सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## अटल क्लिनिक का नाम बदलने के विरोध में चतरा में भाजपाइयों ने जताया आक्रोश

**देशप्राण संवाददाता**

**चतरा, 27 जुलाईः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार द्वारा झारखंड निमार्ता, भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर स्थापित ₹अटल क्लिनिक₹ का नाम बदलकर ₹मदर टेरेसा क्लिनिक₹ कर दिए जाने के विरोध में रविवार को जिला मुख्यालय में भाजपाइयों ने मुख्यमंत्री के विरोध आक्रोश जताया। भाजपाइयों ने कहा कि अटल क्लिनिक का नाम बदलकर मदर टेरेसा के नाम करने का यह निर्णय न केवल राष्ट्रनिमार्ताओं का अपमान है, बल्कि राज्य के जनमानस की भावनाओं के विरुद्ध भी है। इस निर्णय के विरोध में भाजपाइयों ने केसरी चौक , चतरा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति घर



आक्रोश व्यक्त किया। आक्रोश कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सुमन सौरभ के नेतृत्व में किया।

साथ ही साथ हेमंत सरकार को चेतावनी दी गई किस तरह झारखंड राज्य दिलाने वाले अटल बिहारी वाजपेयी का अपमान भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी और सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।कार्यक्रम में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल विद्या सागर आर्य, चंपा देवी, मनमीत सिन्हा, अमित सिंह बबलू, काली यादव, संजीत सिंह, संजय पांडे, बसंत यादव, अभिषेक पाठक, दिनेश गोप, विजय यादव, श्वेत यादव, शिवम्‌ ठाकुर,मनीष सिंह, गौतम पाण्डेय, राजकुमार वर्मा, एवं अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे।

## हजारीबाग में 29 जुलाई को मनाया जाएगा चौरसिया दिवस

**देश प्राण संवाददाता**

**हजारीबाग, 27 जुलाईः** चौरसिया समाज के गौरव और सांस्कृतिक एकता के प्रतीक चौरसिया दिवस का आयोजन इस वर्ष 29 जुलाई 2025, मंगलवार को किया जा रहा है। इस अवसर पर नागपंचमी पूजन के साथ-साथ सावन मिलन समारोह का भी आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं के भाग लेने की संभावना है।

यह आयोजन चौरसिया कल्याण समिति, हजारीबाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य समाज में आपसी सौहार्द, सांस्कृतिक जुड़ाव और सामूहिक चेतना को सशक्त बनाना है। समिति द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार कार्यक्रम का आयोजन रिंग्स एंड रोजेज बैंक्वेट हॉल, एनएच-33, कारगिल पेट्रोल पंप के समीप हजारीबाग में निर्धारित है, जो प्रातः 9:00 बजे से प्रारंभ होगा। समिति के अध्यक्ष मनीष कुमार चौरसिया और सचिव रंजीत कुमार चौरसिया ने संयुक्त रूप से रविवार को प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन समाज की परंपरा, श्रद्धा और समरसता को एक साझा मंच प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि चौरसिया समाज के सभी वर्गों युवा, महिला, बुजुर्ग एवं नवनिर्माणशील पीढ़ी को एकसाथ जोड़कर संवाद और सहयोग की भावना को बल देना ही आयोजन का प्रमुख उद्देश्य है। वहीं अध्यक्ष मनीष चौरसिया ने कहा कि यह पर्व समाज को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का माध्यम है। सावन मास की पावनता और नागपंचमी की आध्यात्मिकता इस आयोजन को विशेष महत्त्व प्रदान कर रही है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह दिन समाज के भीतर आत्मीयता, आत्मगौरव और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और अधिक प्रखर बनाएगा।

### सदर प्रखंड उप प्रमुख रविकांत सिंह ने जेपीएससी अभ्यर्थियों को किया सम्मानित

**हजारीबागः** सदर प्रखंड अंतर्गत कर्वेकला पंचायत के अमृत नगर स्थित अमृत नगर उच्च विद्यालय (स्थापना वर्ष 1976) परिसर में अवस्थित सार्वजनिक पुस्तकालय में रविवार को एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को भव्य रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य रूप से 156वीं रैंक लाने वाले राजकुमार, 251वीं रैंक प्राप्त करने वाली प्रिति कुमारी, प्लस टू असिस्टेंट लाइब्रेरियन पद पर चयनित सोनू सिद्धार्थ, तथा एलडीसी पद पर चयनित अंकित कुमार को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुस्तकालय समिति द्वारा की गई, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सदर प्रखंड के उप प्रमुख रविकांत सिंह उपस्थित रहे।

## प्रतिमा खंडित होने पर संथाल समाज का फूटा गुस्सा, जल्द गिरफ्तारी की मांग




**देश प्राण संवाददाता**

**हजारीबाग, 27 जुलाईः** हजारीबाग के प्रतिष्ठित सिध्दू कान्हू चौक का उद्घाटन झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने किया था। बता दे कि शहर के सिद्धू-कान्हू चौक पर वीर शहीदों की प्रतिमा खंडित होने की घटना को लेकर आदिवासी समाज में गहरा आक्रोश है। अबुआ संथाल समाज भारत दिशोम की ओर से हजारीबाग के प्रधान कैफेटेरिया में प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

वक्ताओं ने जिला प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। संथाल समाज के केंद्रीय उपाध्यक्ष नरेश हांसदा और समाजसेवी रामा सोनी ने कहा कि घटना के कई दिन बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब चौक पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं, तो अब तक दोषियों की पहचान क्यों नहीं हो सकी। समाज के सदस्यों ने चेतावनी दी कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेंगे। उन्होंने इसे एक सोची-समझी साजिश करार दिया और कहा कि वीर शहीदों की प्रतिमा को तोड़ना न केवल अपराध है, बल्कि पूरे आदिवासी समाज का अपमान भी है। संथाल समाज ने प्रशासन से मांग की है कि शीघ्र दोषियों की गिरफ्तारी हो और प्रतिमा का पुनर्निर्माण कराया जाए। इस मौके पर रामा सोनी, स्थानीय समाजसेवी, नरेश हांसदा, केंद्रीय उपाध्यक्ष,अबुआ संथाल समाज सहित कई समाज के लोग उपस्थित थे।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि. की बहनों ने विधायक प्रदीप प्रसाद को बांधी राखी

**देश प्राण संवाददाता**

**हजारीबाग, 27 जुलाईः** रक्षाबंधन पर्व से पूर्व रविवार कों हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय सभागार में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बहनों ने एक सादगीपूर्ण और आध्यात्मिक वातावरण में विधायक प्रदीप प्रसाद को राखी बांधकर स्नेह, भाईचारे का संदेश दिया।

शुरूआत बहनों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ तिलक, रोली-चावल और रक्षा सूत्र के साथ हुई। विधायक प्रदीप प्रसाद ने बहनों से राखी बंधवाकर भावुकता के साथ कहा कि यह राखी मात्र एक धागा नहीं,




बल्कि विश्वास, सहयोग और आत्मिक सुरक्षा का प्रतीक है। ब्रह्माकुमारी बहनों का यह स्नेह समाज को प्रेम, एकता और सकारात्मक सोच की ओर प्रेरित करता है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति आत्मीयता, समर्पण और सेवा की भावना से जुड़ने की प्रेरणा देता है। यह पर्व भौतिक सुरक्षा से कहीं आगे, आत्मिक सशक्तिकरण और आध्यात्मिक रिश्तों को मजबूत करने का भी प्रतीक है। विधायक कार्यालय परिसर में कार्यक्रम के दौरान शांति, सौहार्द और दिव्यता का वातावरण व्याप्त था।

## बेटे की गिरफ्तारी के सदमें में पिता ने लगाई फांसी, समाज में अपमान के डर से उठाया कदम

**देश प्राण संवाददाता**

**हजारीबाग, 27 जुलाईः** हजारीबाग में एक पिता ने अपने बेटे के पॉकेटमारी मामले में जेल जाने के बाद समाज में अपमानित होने के डर से आत्महत्या कर ली है। पॉकेटमारी मामले में बेटे अल्ताफ को शुक्रवार को सदर थाना से गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के बाद पिता वकील मियां मानसिक तनाव में थे। क्योंकि समाज में उनकी अच्छी छवि थी।

सदर थाना से शुक्रवार को रात घर लौटते ही बिना कुछ खाए पिये वह अपने कमरे मे बंद हो गए। फिर फांसी लगाकर अपनी जिंदगी को समाप्त कर दिया. परिजनों ने सुबह तीन बजे उनके शव को



कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया। पुलिस को जानकारी मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। मोहल्ले में वकील मियां का शव आने के बाद मोहल्ले के लोग विरोध में उतर पड़े। मोहल्ले के दर्जनों लोगों ने शनिवार की रात सदर थाना पहुंचकर विरोध जताया। इस घटना के लिए आवेदन सौंप कर सब इंस्पेक्टर रमेश हजाम पर कार्यवाही की मांग कर रहे थे। सदर थाना में शनिवार की रात काफी देर तक हंगामा भी चलता रहा। इसके बाद सदर थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष कुमार सिंह ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया, तब मामला शांत हुआ। पुलिस के अनुसार झंडा चौक के नजदीक सुंदरी लाइन मार्केट में शुक्रवार को खरीदारी करने आई किरण देवी स्व संजू के साथ पर्स से 1500 रुपए की पॉकेट मारी हुई थी। जब पीड़ित को पता चला कि इस घटना में वह जहां खरीदारी करने गई थी। उस श्रृंगार दुकान का स्टाफ आफताब शामिल हैं। तब उन्होंने उस दुकान पहुंचकर काफी हंगामा किया। इसके बाद वहां काफी भीड़ लग गई।

# नहीं चाहिए ऐसा बिहार!

बिहार विधानसभा का वह दृश्य न सिर्फ शर्मनाक था, बल्कि लोकतंत्र की नींव को हिलाने वाला भी। बिहार की जनता ने टीवी भी इसे देखा कि उनके माननीय कैसे सड़क छाप गुंडों की तरह लोकतंत्र के पवित्र मंदिर को भ्रष्ट कर रहे थे. भाषा की मर्यादा भी तार-तार हो रही थी. व्यवहार में संयम का नामोनिशान नहीं। ना पक्ष में गरिमा बची, ना विपक्ष की। मानो लोकतंत्र के मंदिर को माफिया मानसिकता ने घेर लिया हो, लेकिन दोष सिर्फ इन 'माननीयों' का नहीं है... दोष हम जनता का भी है, क्योंकि इन्हें हमने चुना है। हमने जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पार्टी के झंडे के नाम पर, अपना विवेक व विचार गिरवी रख दिया। हमने नहीं पूछा कि ये नेता कितनी जमीन हड़प चुका है, या इसके पास अकूत दौलत कैसे आई? हमने नहीं देखा कि वो जनता की सेवा करेगा या खुद की सल्तनत बनाएगा। हमने सिर्फ पूछा- 'अपना है न?' अपनी जाति का है है न? चाहे वह कितना भी खराब क्यों न हो। जब तक हम 'अपना' देखने की बीमारी से बाहर नहीं आएंगे, 'देश का' या 'राज्य का' नेता कभी नहीं चुन पाएंगे। और तब तक विधानसभा में यही तमाशा, यही नौटंकी, और यही गुंडागर्दी होती रहेगी।

इसका मुख्य कारण है कि हर दल उस उम्मीदवार को टिकट देता है जो चुनाव के समय भीड़ जुटा सके, पैसे लुटा सके या डर पैदा कर सके। क्या आपको याद है कभी किसी पार्टी ने किसी शिक्षक, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता को टिकट दिया हो? नहीं, क्योंकि उन्हें पता है- आप वोट नहीं देंगे, आप तो उस माफिया को ही चुनेंगे जो आपकी जाति का है। अब वक्त है कि हम पार्टी, जाति, धर्म से ऊपर उठकर उम्मीदवार का मूल्यांकन करें। देखें कि हम नेता चुन रहे है वह समाज में किस छवि का व्यक्ति है। उसने किस जरिए इतनी संपत्ति अर्जित की है और वह कैसे काम करता है। ऐसे नेताओं का बहिष्कार करें जो असंसदीय भाषा बोलते हैं, लड़ते हैं, और लोकतंत्र का अपमान करते हैं। हर पार्टी को मजबूर करें कि टिकट उसी को दें जो जनता में आदर पाता है, न कि खौफ।

बिहार ने जिसने देश को पहला राष्ट्रपति दिया, स्वतंत्रता आंदोलन में नेतृत्व दिया, आज उसी धरती की विधानसभा में नेता एक-दूसरे की माता-पिता, भाई-बहन को गाली दे रहे हैं। आज का युवा यह देख रहा है। उसका लोकतंत्र से भरोसा टूट रहा है। कल वो कहेगा कि सब नेता नहीं यह गलत लोग है। उनका इन नेताओं से मोहभंग हो रहा है। क्या हम यही भविष्य चाहते है? अब समय आ गया है जब हम सभी जनता-जनार्दन सभी राजनीतिक पार्टियों से सवाल करें कि क्या आप सच में जनता के प्रतिनिधि देना चाहते हैं या फिर माफियाओं की कठपुतलियां?

हर विधानसभा चुनाव से पहले उम्मीदवारों का जनता स्तर पर मूल्यांकन हो। व्हाट्सएप-फेसबुक पर जातिगत प्रचार के बजाय मोहल्लों में संवाद हो झ कि किसे चुनना है और क्यों? बिहार बदलेगा, जब हम बदलेंगे। विधानसभा बदलेगी, जब हम ईमानदारी से मूल्यांकन करेंगे।

राजनीति बदलेगी, जब गुंडों की जगह शिक्षित, शालीन और सेवाभावी लोग चुनकर भेजे जाएंगे। अब या तो हम चुप बैठें और आने वाली पीढ़ियों को यह गंदा लोकतंत्र सौंप दें... या फिर खड़े हों और कहें कि नेता वहीं चाहिए जो खुद को जनता का सेवक माने, ना कि विधानसभा में हंगामा करके अपनी पार्टी का चमचा बन जाए।

# भारत-ब्रिटेन फ्री ट्रेड डालेगा वैश्विक प्रभाव

कमलेश पांडेय

हाल ही में भारत और ब्रिटेन के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट) केंद्र में सत्तारूढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की एक बड़ी उपलब्धि है। इसके अंतरराष्ट्रीय मायने बेहद अहम हैं, क्योंकि इसका फायदा दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं को मिलेगा। इस प्रकार भारत और ब्रिटेन के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से आने वाले वर्षों में दूरगामी वैश्विक असर भी देखने को मिलेंगे।

यह कहना गलत नहीं होगा कि अमेरिका प्रेरित भूमंडलीकरण और निजीकरण की नीतियों पर आधारित मुक्त वैश्विक अर्थव्यवस्था के दौरान पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से कारोबारी संरक्षणवाद बढ़ा है, उसमें ऐसे व्यापार समझौतों की भूमिका और भी अहम हो जाती है।

**अब दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और कारोबारी संतुलन लाने में भी आशातीत मदद मिलेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंग्लैंड का बहुत बड़ा योगदान है, क्योंकि 1947 से पहले इंडिया पर उसी का शासन था।**

देखा जाए तो भाजपा नीत एनडीए सरकार ने 2014 में केंद्रीय सत्ता में आने के बाद भारत ने मॉरिशस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ऑस्ट्रेलिया और ईएफटीए के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट किया है।

लिहाजा, भारत-ब्रिटेन में बीच हुआ एफटीए उसी की एक अगली कड़ी है जबकि यूरोप से हमारी बातचीत जारी है जिसे जल्द से जल्द अंजाम तक पहुंचाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर आने वाली संभावित



चुनौतियों से निपटने में ऐसी ही द्विपक्षीय व्यापारिक डील सहायक होती हैं।

आंकड़े बताते हैं कि भारत और ब्रिटेन के बीच पुराने व्यापारिक रिश्तों के बावजूद 2023-24 में केवल 21.34 बिलियन डॉलर का व्यापार हुआ था जो दोनों देशों की अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए यह आंकड़ा बहुत कम है। लिहाजा माना जा रहा है कि ट्रेड डील से सालाना व्यापार 34 बिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगा जबकि दोनों देश साल 2030 तक इसे 120 बिलियन डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचाना चाहते है।

इससे साफ है कि अब दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ेगा और कारोबारी संतुलन लाने में भी आशातीत मदद मिलेगी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि आधुनिक भारत के निर्माण में इंग्लैंड का बहुत बड़ा योगदान है, क्योंकि 1947 से पहले इंडिया पर उसी का शासन था। कॉमनवेल्थ देशों के सदस्य के नाते उससे भावनात्मक लगाव भी है।

देखा जाये तो इस समझौते को लेकर लंबे समय से भारत-ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड डील की बातचीत चल रही थी। इसकी वजह से ही अमेरिका की टैरिफ सम्बंधी बातचीत भी चल रही थी और हाल में ही इसमें भी तेजी आयी है। इसके पीछे एक नीति है। क्योंकि डॉनल्ड ट्रंप की ट्रेड पॉलिसी ने पूरी दुनिया में आर्थिक व सैन्य अनिश्चितता बढ़ा दी है। ऐसे में इस तरह के द्विपक्षीय समझौते से दोनों देशों को इस अनिश्चितता को घटाने और व्यापार बढ़ाने में मदद मिलेगी।

भारत के मेक इन इंडिया के लिहाज से भी यह डील बेहद अहम है। इससे करीब 99 प्रतिशत निर्यात यानी यहां से ब्रिटेन जाने वाली चीजें पर टैरिफ से राहत मिलेगी। इससे वहां पर हमारा व्यापार बढ़ेगा। इसी तरह ब्रिटेन से आनी वाली चीजें भारत में सस्ती मिल सकेगी। लिहाजा इस डील से भारत के टेक्सटाइल्स, लेदर और इलेक्ट्रॉनिक्स को एक बड़ा फायदा होगा। इनसे हमारे मैन्युफैक्चरिंग उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस बीच, अगर भारत की अमेरिका के साथ अच्छी व्यापार डील हो जाती है तो उससे भी विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की ओर हमारे कदम आगे बढ़ेंगे हालांकि, भारत की गुटनिरपेक्षता की नीति, पिछले एक दशक के आशातीत आर्थिक विकास आदि से अमेरिका चिढ़ा हुआ है। उसकी नीति रही है कि अमेरिकी कम्पनियां चीन में सस्ता माल बनाएंगी और उसे भारत में खपायेंगी, लेकिन मनमोहन सरकार की इस राष्ट्रविरोधी नीति को नरेंद्र मोदी सरकार ने पलट दिया है और मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड जैसी ठोस राष्ट्रवादी नीतियों को बढ़ावा दिया है।

भारत से अमेरिका की चिढ़ की एक मौलिक वजह यह भी है कि वह भारत को रूस से दूर कर-के चीन से लड़ाना चाहता है, भारत के पड़ोसी देशों को चीन-पाकिस्तान की मदद से इंडिया से उलझाना चाहता है ताकि अरब देशों की तरह भारतीय उपमहाद्वीप के देशों में भी उसका दबदबा बढ़े और हथियार खपे लेकिन वसुधैव कुटुम्बकम का भाव रखने वाले भारत के साथ अमेरिका की एक नहीं चली। इसलिए वह आतंकवादी उत्पादन करने की फैक्ट्री बन चुके पाकिस्तान की शरण में फिर चला गया जहां चीन से उसे कड़ी टक्कर मिल रही है।

चूंकि अंतरराष्ट्रीय क्षितिज पर अमेरिका-चीन के बीच आर्थिक व सैन्य होड़ मची हुई है, इसलिए भारत की कोशिश है कि इस पचड़े में न पड़ते हुए अपना चहुंमुखी विकास किया जाए। चूंकि इस दिशा में भारत के पुराने व भरोसेमंद देश रूस की भरपूर तकनीकी मदद भारत को मिल रही है। इसलिए अमेरिका-यूरोप भारत पर दबाव बढ़ा रहे हैं कि वह रूस से अपने रिश्ते कम करे और पश्चिमी देशों से सहयोग बढ़ाए, जो आजतक किसी के हुए ही नहीं और प्रथम-द्वितीय विश्वयुद्ध की वजह बने।

आज जिस तरह से अमेरिका-यूरोपीय देश रूस के पड़ोसी यूक्रेन की मदद कर रहे हैं, इससे उनकी गलत मंशा को समझा जा सकता है। इजरायल को अरब देशों के साथ भिड़ाए रखना, पाकिस्तान को भारत से भिड़ाए रखना, चीन को ताइवान से भिड़ाए रखना जैसी उनकी कई क्षुद्र नीतियां हैं जिससे अंतरराष्ट्रीय मानवता भी कभी-कभार संकट में आ जाती है।

यही वजह है कि रूस का मित्र देश चीन अपनी 'वन बेल्ट, वन रूट' जैसी अग्रगामी व्यापारिक नीतियों के माध्यम से अमेरिका को एशिया व यूरोप से बाहर धकेलना चाहता है जबकि अमेरिका अपने सदाबहार मित्र यूरोपीय देशों के सहयोग से भारत को चीन के खिलाफ आगे बढ़ाना चाहता है लेकिन भारत-रूस की आपसी सूझबूझ से अमेरिकी दाल यहां पर नहीं गल पा रही है।

यह ठीक है कि चीन, भारत के साथ दोगली चालें चलता रहता है, लेकिन भारत अपने दोस्त रूस के हितों के दृष्टिगत चीन को ज्यादा क्षति नहीं पहुंचाता, बल्कि सिर्फ आत्मरक्षा के उपाय करते रहता है। यही बात अमेरिका व उसके पिछलग्गू देशों को अखरती है। अपनी इसी चिढ़ के चलते अमेरिका अब भारत के खिलाफ खुलेआम चाल चलता है, जबकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी सैन्य शक्ति और चौथी बड़ी आर्थिक शक्ति बन चुका है।

उम्मीद है कि शीघ्र ही भारत, जर्मनी को पछाड़ कर दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा और ग्लोबल साउथ के सहयोग से अमेरिका-चीन दोनों की जनविरोधी नीतियों को कड़ी चुनौती देगा।

# भारत दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्था

रामस्वरूप रावतसरे

भारत ने विश्व पर्यटन की दुनिया में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद (डब्ल्यूटीटीसी) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2024-25 में भारत दुनिया की आठवीं सबसे बड़ी पर्यटन अर्थव्यवस्था बन गया है। देश की पर्यटन से होने वाली कमाई 231.6 अरब अमेरिकी डॉलर (लगभग 19.4 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंच गयी है।

रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले साल भारत 10वें स्थान पर था, लेकिन इस बार दो पायदान की छलांग लगाकर जापान और फ्रांस जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया। अमेरिका पहले स्थान पर है 2,360 अरब डॉलर के साथ, उसके बाद चीन, जर्मनी, जापान, ब्रिटेन, फ्रांस और मैक्सिको हैं। यह कोई छोटी उपलब्धि नहीं है। इसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की दूरदर्शी नीतियों, मेहनत और लगातार प्रयासों का बड़ा हाथ है।

पिछले एक दशक से पहले भारत की पर्यटन अर्थव्यवस्था की स्थिति ज्यादा मजबूत नहीं थी। 2013 में डब्ल्यूटीटीसी की रिपोर्ट के अनुसार, पर्यटन की विकास दर 6-7 प्रतिशत के आसपास थी, लेकिन वैश्विक रैंकिंग में भारत 24वें स्थान या उससे नीचे था। विदेशी पर्यटकों की संख्या 2013 में लगभग 6.97 मिलियन थी, जो 2019 तक बढ़कर 10.93 मिलियन हो गई। जीडीपी में योगदान 5-6 प्रतिशत था।

इन सबके बीच 2020 में कोविड-19 महामारी ने पर्यटन उद्योग को और बड़ा झटका दिया। विदेशी पर्यटकों की संख्या घटकर 2.74 मिलियन रह गई और जीडीपी में योगदान 4 प्रतिशत तक गिर गया। होटल, टूर ऑपरेटर, गाइड्स, और छोटे-मोटे दुकानदार सब परेशान थे। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह भारत की मेहनत और जज्बे की मिसाल है। कोविड के बाद तेज रिकवरी हुई। 2023 में विदेशी पर्यटक 9.52 मिलियन पहुंच गए, जो 2019 के 87 प्रतिशत के बराबर था। घरेलू पर्यटन भी बढ़ा 2023 में 2.5 अरब से ज्यादा घरेलू यात्राएँ हुईं। यह सब सरकार की नीतियों से हुआ।

दरअसल, यह सफलता सालों की मेहनत का परिणाम है। 2014 से पर्यटन को प्राथमिकता दी गई। बजट आवंटन 2014 में 500 करोड़ रुपये था जो अब 2,400 करोड़ से ज्यादा हो गया है। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा साल 2002 में चलाए गए 'अतुल्य भारत' अभियान को और मजबूत किया गया।

इसके अलावा स्वदेश दर्शन योजना 2014-15 में शुरू हुई जिसमें थीम-आधारित पर्यटन सर्किट विकसित किए गए, जैसे बौद्ध सर्किट, रामायण सर्किट, वन्यजीव सर्किट लेकिन शुरुआत में यह कई राज्यों में फैली हुई थी, इसलिए प्रभाव कम पड़ा। 2022 में स्वदेश दर्शन 2.0 लॉन्च हुई, जो एक-एक जगह पर केंद्रित है। इसमें सतत पर्यटन पर जोर दिया गया, इस बात को ध्यान में रखते हुए कि पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे, स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत हो। पायलट प्रोजेक्ट में ओरछा (मध्य प्रदेश), गांडीकोटा (आंध्र प्रदेश), बोधगया (बिहार) जैसी सात जगहें शामिल हैं। एक और महत्वपूर्ण योजना है प्रसाद (तीर्थयात्रा पुनरुद्धार और आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान)। यह धार्मिक स्थलों को सुधारने के लिए है। जैसे - काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या का विकास, केदारनाथ का पुनर्निर्माण। इनसे धार्मिक पर्यटन



बढ़ा और रोजगार मिला। 2024 तक प्रसाद के तहत 73 परियोजनाओं पर काम हुआ, जिसमें 1,400 करोड़ रुपये खर्च हुए। बुनियादी ढाँचे में बदलाव जबरदस्त है।

जानकारी के अनुसार साल 2014 से 2025 तक राष्ट्रीय राजमार्ग 91,000 किलोमीटर से बढ़कर 1.46 लाख किलोमीटर हो गए। रेल विद्युतीकरण 98 प्रतिशत पहुँच गया। बंदरगाह क्षमता दोगुनी हुई। उड़ान योजना से 88 एयरपोर्ट चालू हुए, छोटे शहरों में उड़ानें बढ़ीं। वंदे भारत ट्रेनों से आरामदायक और तेज यात्रा संभव हुई। होटलों में निवेश बढ़ा 2024 में 3,295 करोड़ रुपये के 40 प्रोजेक्ट मंजूर हुए, 23 राज्यों में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्र बनाने के लिए।

यही नहीं, वीजा नीति आसान हुई। ई-वीजा अब 167 देशों के लिए उपलब्ध है, ऑनलाइन आवेदन से विदेशी पर्यटक बढ़े। चिकित्सा पर्यटन को प्रोत्साहन, भारत की सस्ती और गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं, जैसे आयुर्वेद और योग, ने लाखों विदेशी रोगियों को आकर्षित किया। 2024 में विदेशी पर्यटकों ने 3.10 लाख करोड़ रुपये खर्च किए, जो 2019 से ज्यादा है। सौंदर्यीकरण प्रयास भी बड़े हैं। स्वच्छ भारत अभियान से जगहें साफ हुईं। ताजमहल के आसपास सफाई, गंगा घाटों का सुधार हुआ। यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या 43 हो गई, दुनिया में छठा स्थान। प्राकृतिक, सांस्कृतिक और एडवेंचर पर्यटन पर फोकस , हिमालय, समुद्र तट, वन्यजीव।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने व्यक्तिगत रूप से कई जगहों को बढ़ावा दिया। उनका मानना है कि पर्यटन से रोजगार बढ़ता है और संस्कृति फैलती है। 2024 में लक्षद्वीप का दौरा किया और सोशल मीडिया पर तस्वीरें-वीडियो साझा किए। कहा, 'लक्षद्वीप की सुंदरता देखिए, यह मालदीव से कम नहीं।' इसका प्रभाव? लक्षद्वीप में पर्यटकों की संख्या दोगुनी हो गई- 2023 में एक लाख से कम, 2024 में दो लाख से ज्यादा। उड़ानें 88 प्रतिशत बढ़ीं। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का उद्घाटन भी पीएम मोदी ने किया। इसका प्रभाव ये हुआ कि वाराणसी में पर्यटक 2014 के पांच करोड़ से बढ़कर 2022 में 7.2 करोड़ हो गए। कॉरिडोर में 10 करोड़ विजिटर्स आए, दैनिक 1.5-2 लाख भक्त। होटल बुकिंग दोगुनी हुई।

गुजरात में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी को दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति बताकर प्रमोट किया। अब वहां सालाना 50 लाख पर्यटक आते हैं। स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। कश्मीर का प्रचार करते हुए पीएम मोदी ने अनुच्छेद 370 हटने के बाद कहा, 'कश्मीर स्वर्ग है, घूमिए।' इसके बाद फिल्मों की शूटिंग बढ़ी, पर्यटक बढ़े। 2024 में कश्मीर में दो करोड़ से ज्यादा पर्यटक आए। मणिपुर, पूर्वात्तर की जगहों को भी बढ़ावा दिया, जैसे लोकटक झील। अकेले पूर्वात्तर में पर्यटन 30 प्रतिशत बढ़ गया। पीएम मोदी और भारत सरकार ने विदेश यात्राओं में भी भारत को प्रमोट किया। जी20 शिखर सम्मेलन में दिल्ली और वाराणसी दिखाए। योग दिवस को वैश्विक बनाया, जो स्वास्थ्य पर्यटन बढ़ाता है। एक्स पर पोस्ट्स, जैसे क्रोएशिया, साइप्रस, कुवैत के दौरे भारत की जगहों से जोड़ते हैं।

**डब्ल्यूटीटीसी के अनुसार, 'भारत में सब कुछ है, लेकिन बेहतर प्रचार चाहिए।' जानकारों के अनुसार भारत का टॉप 10 में पहुंचना कोई छोटी बात नहीं है। पर्यटन सिर्फ पैसे की बात नहीं है; यह देश की संस्कृति, इतिहास, और विविधता को दुनिया तक ले जाने का जरिया है।**

चिकित्सा और सांस्कृतिक पर्यटन भारत की सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं विदेशी पर्यटकों को खींच रही हैं। आयुर्वेद, योग, और मॉडर्न मेडिसिन ने भारत को मेडिकल टूरिज्म का हब बनाया। 2024 में लाखों विदेशी मरीज भारत आए। इसके अलावा, यूनेस्को विश्व धरोहर स्थलों की संख्या 43 हो गई, जो दुनिया में छठा स्थान है। प्राकृतिक सुंदरता (हिमालय, गोवा के समुद्र तट), सांस्कृतिक धरोहर (अजंता-एलोरा, ताजमहल), और एडवेंचर टूरिज्म (राफ्टिंग, ट्रेकिंग) ने भी पर्यटकों को आकर्षित किया।

कुल मिलाकर पीएम मोदी के प्रचार से घरेलू पर्यटन 95 प्रतिशत बढ़ा, जीडीपी में योगदान 6.6 प्रतिशत पहुंच गया, यानी 21 लाख करोड़ रुपये। 2024 में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों का खर्च रिकॉर्ड 3.1 ट्रिलियन रुपये (36.8 अरब डॉलर) रहा, 2019 से नौ प्रतिशत ज्यादा। घरेलू खर्च 15.5 लाख करोड़ रुपये, 2019 से 22 प्रतिशत अधिक। डब्ल्यूटीटीसी का अनुमान है कि 2025 में यह 3.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचेगा।

यह रिपोर्ट सतत प्रयास का ही परिणाम है। 2014 से नीतिगत बदलाव, निजी निवेश को प्रोत्साहन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी मॉडल। कोविड में टीकाकरण तेज किया, रिकवरी में मदद मिली। डब्ल्यूटीटीसी कहता है कि 2034 तक भारत दुनिया में चौथे नंबर पर पहुंच जाएगा। अर्थव्यवस्था में 42 लाख करोड़ रुपये का योगदान होगा और करीब 6.4 करोड़ नौकरियां सृजित होंगी।

डब्ल्यूटीटीसी की सीईओ जूलिया सिम्पसन के अनुसार, 'भारत में सब कुछ है, लेकिन बेहतर प्रचार चाहिए।' जानकारों के अनुसार भारत का टॉप 10 में पहुंचना कोई छोटी बात नहीं है। पर्यटन सिर्फ पैसे की बात नहीं है; यह देश की संस्कृति, इतिहास, और विविधता को दुनिया तक ले जाने का जरिया है।

## आत्मबोध

### रुद्राक्ष धारण करने के नियम

**रुद्राक्ष की उत्पत्ति**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसुओं से हुई है। इसी कारण रुद्राक्ष को चमत्कारी और अलौकिक माना जाता है। रुद्राक्ष एक मुखी से लेकर इक्कीस मुखी तक पाये जाते हैं। जिनकी अपने अलग-अलग महत्व है। माना जाता है कि जो व्यक्ति रुद्राक्ष को नियम और विधि के अनुसार पहन लें तो वह हर तरह के संकटों से छुटकारा पा लेता है और कुंडली में ग्रहों की स्थिति भी सही हो जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब माता सती ने खुद को अग्नि में प्रवेश कराकर देह का त्याग कर दिया था तब भगवान शिव के रुदन से निकले आंसू पृथ्वी पर कई जगह गिरे और उनसे प्रकृति को रुद्राक्ष के रूप में एक चमत्कारी तत्व की प्राप्ति हुई थी।

**रुद्राक्ष धारण करने का नियम**


प्रातःकाल जब रुद्राक्ष धारण करें तो रुद्राक्ष मंत्र और रुद्राक्ष मूल मंत्र का 9 बार जाप करना चाहिए, साथ ही इसे सोने से पहले और रुद्राक्ष को हटाने के बाद भी दोहराया जाना चाहिए. रुद्राक्ष को एक बार निकाल लेने के बाद उस पवित्र स्थान पर रखना चाहिए जहां आप पूजा करते हैं। रुद्राक्ष को तुलसी की माला की तरह की पवित्र माना जाता है। इसलिए इसे धारण करने के बाद मांस-मदिरा से दूरी बना लेना चाहिए। रुद्राक्ष को कभी भी श्मशान घाट पर नहीं ले जाना चाहिए। इसके अलावा नवजात के जन्म के दौरान या जहां नवजात शिशु का जन्म होता है वहां भी रुद्राक्ष ले जाने से बचना चाहिए।

महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान रुद्राक्ष नहीं पहनना चाहिए।

रुद्राक्ष को बिना स्नान किए नहीं छूना चाहिए. स्नान करने के बाद शुद्ध करके ही इसे धारण करें।


रुद्राक्ष धारण करते समय भगवान शिव का मनन करें। इसके साथ ही शिव मंत्र 'ॐ' नमः शिवाय' का जाप करते रहें।

रुद्राक्ष को हमेशा लाल या फिर पीले रंग के धागे में पहनना चाहिए। कभी भी इसे काले रंग के धागे में नहीं पहनना चाहिए। इससे अशुभ प्रभाव पड़ता है। **(समाप्त)**




## लो सुनो ...

**समान नागरिक संहिता के तहत विवाह पंजीकरण में लगातार वृद्धि हो रही है। यूसीसी कानून न केवल समाज को कानूनी रूप से अधिक संगठित बनाता है, बल्कि महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों की रक्षा की दिशा में एक निर्णायक कदम भी है। यूसीसी के तहत प्रत्येक पंजीकरण राज्य के सामाजिक सशक्तीकरण का प्रतीक है।**



पुष्कर धामी (मुख्यमंत्री, उत्तराखंड)

## कुछ खास ...

### हाइड्रोजन ट्रेन

भारतीय रेलवे ने तकनीक के मामले में एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर ली है। अब आपको जल्द ही पटरियों पर हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनें नजर आएंगी। 25 जुलाई को देश के पहले हाइड्रोजन से चलने वाले रेल इंजन का सफल परीक्षण किया गया है। चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में ये परीक्षण किया गया है। रेल मंत्री वैष्णव ने परीक्षण का वीडियो साझा करते हुए लिखा, चेन्नई स्थित आईसीएफ में पहले हाइड्रोजन चलित कोच का सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। भारत 1,200 हॉर्सपावर वाली हाइड्रोजन ट्रेन विकसित कर रहा है। इससे भारत हाइड्रोजन चलित ट्रेन तकनीक में अग्रणी देशों में शामिल हो जाएगा। 1,200 हॉर्सपावर की क्षमता इसे जर्मनी, फ्रांस और चीन जैसे देशों की मौजूदा हाइड्रोजन ट्रेनों से अधिक शक्तिशाली बनाती हैं। इन देशों के पास 500-600 हॉर्सपावर वाली हाइड्रोजन ट्रेनें हैं। दरअसल, पहले ट्रेनें कोयले से, बाद में बिजली और डीजल से चलनी शुरू हुईं. अब ट्रेन का यही ऊर्जा हाइड्रोजन के जरिए दी जाएगी।

## डिजिटल दुनिया

### व्हाट्सऐप में लगा सकेंगे फेसबुक प्रोफाइल तस्वीर

व्हाट्सऐप जल्द ही यूजर्स को अपने फेसबुक या इंस्टाग्राम अकाउंट से सीधे अपनी प्रोफाइल पिक्चर सेट करने की सुविधा दे सकता है। यह फीचर एंड्रॉयड वर्जन 2.25.21.23 के लिए व्हाट्सऐप बीटा में देखा गया था और कुछ बीटा यूजर्स के लिए पहले ही रोल आउट हो चुका है।

आने वाले दिनों में इसके बड़े स्तर पर रिलीज होने की उम्मीद है। यह सुविधा उन लोगों के लिए उपयोगी होगी, जिनकी फोन पर अपनी मूल डिस्प्ले पिक्चर्स तक पहुंच नहीं है।

इस सुविधा को शुरू करने के लिए यूजर्स को अपनी व्हाट्सऐप प्रोफाइल सेटिंग में जाकर 'एडिट' पर क्लिक करके अपनी प्रोफाइल पिक्चर बदलनी होगी। यहां सामान्य कैमरा, गैलरी, अवतार और अक इमेज विकल्पों के साथ-साथ अब फेसबुक और इंस्टाग्राम के लिए शॉर्टकट भी होंगे। इससे मेटा के सभी प्लेटफॉर्म पर एक ही तस्वीर को कुछ ही टैप में सेट करना आसान हो जाएगा। इस तरह इमेज की गुणवत्ता से समझौता किए बिना इमेज को व्हाट्सऐप पर इंपोर्ट कर सकते हैं। इस सुविधा का उपयोग करने के लिए यूजर्स को सबसे पहले अपने व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और फेसबुक अकाउंट को मेटा अकाउंट सेंटर में सिंक करना होगा।

यह प्रक्रिया मेटा द्वारा इस साल की शुरुआत में शुरू की गई थी। यह मेटा के अपने ऐप्स को और करीब लाने के निरंतर प्रयास का हिस्सा है। इंस्टाग्राम स्टोरीज को व्हाट्सएप पर शेयर करने और इंस्टाग्राम बिजनेस प्रोफाइल में व्हाट्सऐप कॉन्टैक्ट बटन जोड़ने जैसे फीचर पहले से ही उपलब्ध हैं।

पीआरजीआई/आरएनआई पंजियन संख्या : 52413/1991 (टाइटल कोड : JHAHIN00860), पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या : RN/260/2020-22. अध्यक्ष व प्रधान संपादकः **बलबीर दत्त**. देश प्राण (समाचारपत्र, शीर्षक व ट्रेडमार्क) संस्थापक व स्वत्वाधिकारी **बलबीर दत्त** के लिए प्रकाशक **रोहित दत्त*** द्वारा 4/A, तारा टावर, होटल महाराजा के सामने, रेडियम रोड, कचहरी चौक, रांची - 834001 से प्रकाशित तथा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डीबी कॉर्प लिमिटेड), 535/1272, लालगुटवा, रांची से मुद्रित. फोन नंबरः 0651 2361181, 0651 2361182. ईमेलः contact@deshpran.in (*पीआरबी अधिनियम के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेवार).

# मार्कशीट कैसी हो, अंक कैसे दें व जूरी का वक्तव्य कैसा होना चाहिए

### बच्चों की प्रतियोगिताएं

कुमार संजय



शिक्षण संस्थानों में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। इन प्रतियोगिताओं में मार्कशीट की आवश्यकता होती है। मार्कशीट बनाना अपने आप में एक बड़ा कला-कौशल है, जिस पर अधिकांश संस्थान ध्यान नहीं देते। एक ही प्रकार का फॉर्मेट हर प्रतियोगिता पर लागू कर देते हैं।

उदाहरण के तौर पर, हर मार्कशीट पर निम्नलिखित कॉलम देखने को मिलते हैं –

- उच्चारण और स्वर उतार-चढ़ाव
- अभिव्यक्ति और शारीरिक भाषा
- भाषा और विषयवस्तु
- प्रस्तुति का स्तर
- समग्र प्रदर्शन

प्रत्येक के लिए 10-10 अंक निर्धारित किए जाते हैं। देखने में तो यह बिल्कुल ठीक लगता है, है ना?

#### समस्या क्या है?

समस्या यह है कि हर प्रतियोगिता में आप एक ही मूल्यांकन पद्धति नहीं रख सकते।

टी-20 वाले नियम आप टेस्ट मैच में लागू नहीं कर सकते। हर प्रतियोगिता के लिए कॉलम अलग होने चाहिए, और कॉलम की संख्या भी अलग होनी चाहिए।

इसे इस उदाहरण से समझते हैं– भाषण प्रतियोगिता में वक्ता को मात्र 3 मिनट मिलते हैं।

इस दौरान जूरी से यह अपेक्षा की जाती है कि वह प्रतिभागियों की पूरी बात सुने, उन्हें देखे और परखे। इसके लिए हर वक्ता के बाद उन्हें अतिरिक्त समय मिलना चाहिए, जो उन्हें मिल नहीं पाता। पाँच कॉलम में 10-10 अंक देना कोई आसान काम नहीं। जब तक जूरी पहले वक्ता को अंक देने का काम पूरा करती है, तब तक दूसरा वक्ता अपना आधा वक्तव्य पूरा कर चुका होता है। इस तरह अधिकतर प्रतिभागियों को न्यायपूर्ण अंक नहीं मिल पाते।

#### होना क्या चाहिए?

जितना कम समय, उतने ही कम कॉलम।

अगर प्रतियोगिता का समय 3 मिनट है, तो केवल दो कॉलम होने चाहिए – तथ्य और प्रस्तुति। दो कॉलम में अंक देने से मूल्यांकन सरल हो जाएगा और प्रतिभागियों का आकलन भी स्पष्ट रूप से हो सकेगा।

बच्चे मंच पर खड़े होकर बोल रहे हैं– यही अपने आप में काबिल-ए-तारीफ है।

उन्हें किसी सिविल सेवा साक्षात्कार के मापदंड पर परखना न तो व्यावहारिक है, न ही जरूरी।

#### सलाह :

- प्रतियोगिता की प्रकृति और समय सीमा को ध्यान में रखते हुए कॉलम निर्धारित किए जाने चाहिए।
- समय जितना कम हो, कॉलम भी उतने ही कम होने चाहिए।
- यदि प्रतियोगिता 3 मिनट से कम की है, तो एक कॉलम रखें; 3 से 5 मिनट की हो, तो दो कॉलम; और यदि प्रतियोगिता 6 से 10 मिनट की है, तो 3 से 5 कॉलम होने चाहिए।
- प्रतियोगिता की अवधि जितनी अधिक हो, कॉलमों की संख्या भी उसी अनुसार बढ़ाई जा सकती है।

#### दूसरा जरूरी पहलू — अंक देने का पैमाना

कई बार देखा गया है कि जूरी बार-बार काटकर नंबर चढ़ाते हैं, जिससे भ्रम की स्थिति बन जाती है।

**10 अंकों में मूल्यांकन का एक सरल उपाय:**

यदि प्रतियोगिता 3 मिनट की है, तो मूल्यांकन इस प्रकार किया जा सकता है:

- यदि प्रतिभागी ने 2 से 3 मिनट के भीतर अपनी बात पूरी की है, तो 5 अंक उसका हक है। उसे 5 अंक अवश्य मिलने चाहिए।
- यदि उसका प्रदर्शन औसत से बेहतर रहा है, तो 6 या 7 अंक दिए जा सकते हैं।
- यदि उसने श्रोताओं को प्रभावित किया और मंच पर आत्मविश्वास के साथ बोला, तो 8 या 9 अंक देना उपयुक्त होगा।
- और यदि वह हर दृष्टिकोण से श्रेष्ठ रहा – यानी बाकी सभी से बेहतर प्रदर्शन किया – तो उसे पूरे 10 अंक मिलने चाहिए।

कई जूरी मेंबर बहुत कंजूसी से अंक देते हैं, जो उचित नहीं है।

#### अब आते हैं जूरी के वक्तव्य पर

जूरी का संबोधन किसी भी प्रतियोगिता का एक अहम हिस्सा होता है।

लेकिन अक्सर देखा गया है कि जूरी सदस्य बच्चों के प्रदर्शन पर बोलने के बजाय अपना पांडित्य दिखाने लगते हैं।

वे मंच को उपदेश का माध्यम बना देते हैं और यह भूल जाते हैं कि सामने बैठे बच्चे 1 - 2 घंटे से बैठे हैं, थके हुए हैं और अब केवल परिणाम जानना चाहते हैं।

ऐसे में लंबे प्रवचन उनके लिए बोझिल हो जाते हैं।

याद रखें, यह मंच पांडित्य दिखाने का नहीं, बल्कि बच्चों को प्रोत्साहित करने का है।

आपको प्रतिभागियों की तारीफ कर, उनका उत्साहवर्धन करना चाहिए।

उन शिक्षकों के प्रति भी आभार व्यक्त करें, जो छात्रों को मार्गदर्शन देते हैं और उन्हें मंच पर खड़े होने का आत्मबल प्रदान करते हैं।

अंत में, सलाह के तौर पर दो संक्षिप्त वाक्य जोड़ें और मंच से सम्मानपूर्वक विदा लें।

आप सराहे जाएंगे, याद रखे जाएंगे।

#### मूल बातें

1. जितना कम समय, उतने ही कम कॉलम।
2. बच्चों को मंच पर बोलते देखना ही बड़ी बात है – सूक्ष्म जांच की जरूरत नहीं।
3. अंक देने का पैमाना स्पष्ट और व्यावहारिक होना चाहिए – 5 औसत के लिए, 10 श्रेष्ठतम के लिए।
4. बच्चों को सलाह नहीं, सार्वजनिक सराहना और प्रोत्साहन अधिक प्रेरित करता है।

तारीफ से बड़ा मोटिवेशन कोई नहीं होता – उसे खुलकर दीजिए।

5. मंच का उपयोग ज्ञान दिखाने के लिए नहीं, उत्साह बढ़ाने के लिए कीजिए।

हर प्रतियोगी की मेहनत की कद्र कीजिए – वह दिन उसका है, आपका नहीं।

अगली बार जब आप जूरी बनें, तो इस कलात्मक जिम्मेदारी को भावनात्मक समझदारी के साथ निभाइए।

आप सिर्फ अंक नहीं दे रहे – आप आत्मविश्वास गढ़ रहे हैं।

---

### अवसर

## यूपीएससी ईपीएफओ के 230 पदों पर निकली भर्ती




यूपीएससी ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के लिए कुल 230 पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अगर आप लंबे समय से सरकारी नौकरी का इंतजार कर रहे हैं, तो यह आपके लिए सुनहरा मौका हो सकता है।

संघ लोक सेवा आयोग (वढरउ) के द्वारा स्नातक की डिग्री रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ईपीएफओ के कुल 230 पदों पर भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की गई है तथा जल्द ही ऑनलाइन आवेदन शुरू कर दिया जायेगा। योग्य और इच्छुक उम्मीदवार ईपीएफओ भर्ती के लिए 29 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 18 अगस्त 2025 तय की गई है। फिलहाल परीक्षा की तिथि घोषित नहीं की गई है।

अगर आप ईपीएफओ की परीक्षा देना चाहते हैं तो इसके लिए जनरल और ईडब्ल्यूएस वर्ग के उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क 200 रुपए देना होगा। वहीं, एससी/एसटी/दिव्यांग से आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे उम्मीदवार बिना फीस के आवेदन कर सकते हैं। अन्य उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा करना होगा।

#### ईपीएफओ भर्ती के लिए योग्यता

यूपीएससी द्वारा एनफोर्समेंट ऑफिसर/ अकाउंट अफसर के लिए पदों की संख्या 156 निर्धारित की गई है जिसमें सामान्य वर्ग -78, ईडब्ल्यूएस-1, ओबीसी-42, एससी-23, एसटी-12 और पीडब्ल्यूबीडी -9 पदों की संख्या आरक्षित है। इसके लिए उम्मीदवारों के पास किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से स्नातक की डिग्री हासिल होनी चाहिए।

वहीं, असिस्टेंट प्रोविडेंट फण्ड कमिश्नर पद के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 निर्धारित किया गया है और इसमें कुल 74 पद पर वैकेंसी निकाली गई है। जिसके अंतर्गत सामान्य-32, ईडब्ल्यूएस-7, ओबीसी-28, एससी-7 और पीडब्ल्यूबीडी के लिए 3 पद आरक्षित हैं। इसके लिए आवेदकों को भारत के किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से स्नातक की डिग्री प्राप्त करना अनिवार्य है।

यूपीएससी द्वारा ईपीएफओ की भर्ती प्रक्रिया चरणों से होकर गुजरेगी। जिसमें सबसे पहले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा पास करनी होगी। इसके बाद इंटरव्यू लिया जाएगा और चयनित अभ्यर्थियों के डॉक्यूमेंट वेरीफाई होंगे और अंत में चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा।

#### आवेदन करने के लिए जरूरी दस्तावेज

अगर आप ईपीएफओ में भर्ती देख रहे हैं तो आवेदन के लिए पासपोर्ट साइज फोटो, काले या नीले रंग के पेन से हस्ताक्षर होने चाहिए। इसके अलावा अभ्यर्थी को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या संस्थान से इंटरमीडिएट अथवा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही उच्च शैक्षणिक योग्यता मान्य होगी लेकिन उसके साथ प्रमाण पत्र देना अनिवार्य होगा। साथ ही अभ्यर्थी के पास जाति प्रमाण पत्र, पहचान के लिए आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज होने चाहिए।

---

### अवसर

## एम्स में नर्सिंग ऑफिसर भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन शुरू




अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) नई दिल्ली ने नर्सिंग ऑफिसर की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। योग्य और इच्छुक उम्मीदवार इस परीक्षा के माध्यम से देश के विभिन्न एम्स संस्थानों में रिक्त नर्सिंग ऑफिसर के पद पर भर्ती हो सकते हैं। इसके लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन नर्सिंग ऑफिसर रिक्रूटमेंट कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (NORCET) 2025, 22 जुलाई 2025 को जारी किया गया है। नर्सिंग की फील्ड में सरकारी नौकरी पाने का यह सुनहरा अवसर अपने हाथ से न जाने दें।

#### नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए योग्यता

नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए उम्मीदवारों को बीएससी ऑनर्स नर्सिंग/बीएससी नर्सिंग या बीएससी/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग या जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी में डिप्लोमा और कम से कम दो वर्षों का अनुभव होना अनिवार्य है। इसके अलावा उम्मीदवार का राज्य या इंडियन नर्सिंग काउंसिल से नर्स एवं मिडवाइफ के रूप में रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। साथ ही उम्मीदवार ने 50 बेड के हॉस्पिटल में दो वर्ष तक कार्य किया हो। स्वास्थ्य विभाग में सरकारी नौकरी पाने के लिए उम्मीदवार जल्द आवेदन कर सकते हैं।

एम्स में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 30 वर्ष तय की गई है। इसके अलावा आरक्षित वर्गों जैसे एससी/एसटी को पांच वर्ष और ओबीसी को तीन वर्ष की अतिरिक्त छूट भी मिलेगी। बता दें कि भर्ती के लिए चयन दो चरणों में तय होगा। जिसमें पहले प्रारंभिक परीक्षा और फिर मुख्य परीक्षा होगी।

#### कितना है परीक्षा शुल्क

अगर आप नर्सिंग ऑफिसर पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं तो आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। जिसमें जनरल और ओबीसी वर्ग के लिए शुल्क 3000 रुपए है। एससी/एसटी/ईडब्ल्यूएस के लिए यह शुल्क 2400 रुपए तय किया गया है। वहीं, दिव्यांग उम्मीदवार नर्सिंग ऑफिसर के लिए निशुल्क आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 11 अगस्त 2025 रात 11 बजे तक है।

#### कैसे करें आवेदन

- भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिसके लिए आप नीचे दिए गए स्टेप्स को फॉलो कर सकते हैं।
- सबसे पहले आवेदन करने के लिए एम्स की आधिकारिक वेबसाइट https://www.aiimsexams.ac.in/ पर विजिट करें।
- आवेदन करने के लिए मार्कशीट, पहचान पत्र, फोटो, हस्ताक्षर, आईडी प्रूफ जैसे आधार कार्ड और पैन कार्ड अपने पास रखें।
- अब उम्मीदवार नीचे दिए गए लिंक पर ऑनलाइन आवेदन करें पर क्लिक करें। इसके बाद पेज खुलने के बाद भर्ती के नाम के नीचे अप्लाई पर क्लिक करें।
- आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें और जरूरी दस्तावेजों को अपलोड करें।
- अब आवेदन फीस जमा करके फॉर्म जमा करने से पहले त्रुटियां सुधार लें।
- आवेदन को सबमिट करने के बाद प्रिंट आउट अपने पास सुरक्षित रखें।

---

# कक्षा 10वीं या 12वीं के बाद करियर का चयन बेहद जरूरी

### नयी दिशा

कक्षा 10वीं के बाद करियर का चयन करना एक अहम फैसला है। इसी तरह कक्षा 12वीं के बाद भी कई छात्रों को सही विकल्प चुनने में मुश्किल होती है। इन दोनों मामलों में सही दिशा चुनना बहुत जरूरी है ताकि भविष्य उज्ज्वल हो सके।

**अपनी रुचियों को समझें**

करियर का चयन करते समय सबसे पहले अपनी रुचियों को समझना जरूरी है। अगर आपको किसी विषय में खास रुचि है तो उसी दिशा में आगे बढ़ें। इससे आपको काम करने में मजा आएगा और आप बेहतर प्रदर्शन कर पाएंगे। इसके अलावा अपनी रुचियों को जानने से आप अपने करियर में संतुलन बनाए रख सकेंगे और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ पाएंगे। अपनी रुचियों को पहचानना आपके भविष्य के लिए एक अहम कदम हो सकता है।

**संभावनाओं का करें विश्लेषण**

रुचियों के बाद अगला कदम है संभावनाओं का विश्लेषण करना। यह जानना जरूरी है कि आपके चुने हुए क्षेत्र में कितनी संभावनाएं हैं और भविष्य में आपको कितनी मांग आएगी। इसके अलावा यह भी देखें कि उस क्षेत्र में कौन-कौन सी योग्यताएं जरूरी हैं।




इससे आपको अपने लक्ष्य के प्रति स्पष्ट दिशा मिलेगी और आप बेहतर तरीके से तैयार हो सकेंगे। संभावनाओं का विश्लेषण करने से आप अपने करियर के लिए सही दिशा चुन सकते हैं।

**शिक्षा और योग्यता पर ध्यान दें**

किसी भी क्षेत्र में सफलता पाने के लिए जरूरी है कि आप उस क्षेत्र से जुड़ी पढ़ाई करें। अगर आपने किसी विशेष विषय में अच्छा प्रदर्शन किया है तो उसी से संबंधित आगे की पढ़ाई करें या फिर कोई विशेष कोर्स करें, जिससे आपकी योग्यता बढ़ सके। इसके अलावा अपने क्षेत्र से जुड़ी नई-नई जानकारियां प्राप्त करें और खुद को अपडेट रखें। इससे आप अपने क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे और सफल हो सकेंगे।

**सलाह लें**

अपने परिवार वालों, शिक्षकों या किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लें, जो आपके चुने हुए क्षेत्र में काम कर चुके हों। उनकी सलाह आपके लिए बहुत मददगार साबित हो सकती है क्योंकि वे आपको सही दिशा दिखा सकते हैं और आपकी कमियों को पहचानकर सुधारने का मौका दे सकते हैं। इसके अलावा वे आपको सही मार्गदर्शन देकर आपके आत्मविश्वास को भी बढ़ा सकते हैं और आपको अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर कर सकते हैं।

**अनुभव प्राप्त करें**


सिर्फ किताबों तक सीमित रहने की बजाय व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करें।

किसी इंटर्नशिप या कार्यशाला में भाग लें ताकि आपको वास्तविक दुनिया की समझ मिले और आप अपने चुने हुए क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इसके अलावा यह अनुभव आपको आपके करियर के लिए तैयार करेगा और आपको आत्मविश्वास देगा। इस तरह आप अपने भविष्य को उज्ज्वल बना सकते हैं और अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकते हैं।

---

# क्या आप साक्षात्कार देने जा रहे हैं?

राजेन्द्र मिश्र राज



आज का युग प्रतिस्पर्धा का युग है। कहीं भी जाइये, पद से कई गुना ज्यादा भीड़ नजर आ ही जाएगी। भर्ती का तरीका भी अलग-अलग है। कहीं-कहीं सिर्फ साक्षात्कार होता है और उसी के आधार पर चयन होता है तो कई संस्थानों में आवेदकों को चयन की एक लंबी प्रक्रि या से होकर गुजरना पड़ता है। लिखित परीक्षा के बाद सामूहिक चर्चा सत्र और तत्पश्चात साक्षात्कार की अंतिम प्रक्रिया से आप को गुजरना पड़ता है। साक्षात्कार में स्वयं को श्रेष्ठ सिद्ध करना बहुत जरूरी होता है।

कभी आपने गंभीरता से सोचा भी है कि साक्षात्कार में जाने से पूर्व आपको किस तरह से तैयारी करनी है। साक्षात्कार देने जाने से पहले यहां दी जा रही बातों को अमल में लाइये और सफलता की मंजिल की पहली सीढ़ी पर पूरे आत्मविश्वास से अपने कदम रखिये।

साक्षात्कार के लिए निर्धारित स्थान पर समय से पूर्व पहुंचना चाहिए।

वहां पहुंच कर अनजान लोगों से व्यर्थ में बातचीत कर समय गंवाने की गलती न करें।

साक्षात्कार के एक दिन पूर्व बेवजह का जागरण न करें तो आपके लिए ज्यादा अच्छा रहेगा।

जिस पद के लिए आप प्रत्याशी हैं, उसके बारे में पहले ही पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें ताकि सवाल जवाब के समय अड़चनें न आएं।

सलीके का पहनावा बहुत जरूरी है, क्योंकि पहनावे से व्यक्तित्व प्रभावित होता है।

साक्षात्कार में जाने से पूर्व यह तय कर लें कि आपने संबंधित सभी प्रमाणपत्र रख लिये हैं। प्रमाणपत्रों को सुव्यवस्थित रूप से फाइल में क्र मानुसार लगाएं ताकि साक्षात्कारकर्ता को उन्हें जांचने-परखने में और प्रत्याशी को उन्हें ढूंढने/दिखाने में किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

साक्षात्कार कक्ष में प्रवेश से पूर्व अनुमति अवश्य लें। प्रवेश के उपरांत शालीनता से अभिवादन करना न भूलें। उसी तरह साक्षात्कार की समाप्ति पर 'धन्यवाद' कहकर विदा लें।

प्रत्याशी को चाहिए कि वह साक्षात्कारकर्ता की पूरी बात ध्यानपूर्वक सुने और तत्पश्चात उत्तर देना शुरू करें।

आप से कोई बात पूछी जाए या किसी संदर्भ पर आपकी टिप्पणी मांगी जाए, तो बहुत ही संतुलित टिप्पणी दें।

यदि चयन मंडल में आप किसी सदस्य से परिचित हैं तो भी आपके किसी व्यवहार से प्रकट नहीं होना चाहिए कि वह आपका पूर्व परिचित है।

भूलकर भी अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए झूठ का सहारा न लें।

साक्षात्कार के दौरान किसी भी प्रश्न का अंदाजी उत्तर न दें। (उर्वशी)

---

### अवसर

## बीएसएफ कांस्टेबल ट्रेड्समैन के लिए 3588 पदों पर भर्ती

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कांस्टेबल ट्रेड्समैन और कांस्टेबल जीडी के पद पर बंपर भर्ती निकली है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 26 जुलाई 2025 से शुरू हो चुकी है। कांस्टेबल ट्रेड्समैन के लिए 3588 भर्ती और कांस्टेबल जीडी के लिए 241 वैकेंसी निकली है। बता दें कि कांस्टेबल जीडी की भर्ती स्पोर्ट्समैन कोटा से की जाएगी। अगर आप बीएसएफ में भर्ती देख रहे हैं तो यह सुनहरा अवसर हो सकता है।

#### आवेदन की अंतिम तिथि

जो उम्मीदवार इस प्रमुख भर्ती के लिए योग्य तथा इच्छुक हैं, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की शुरुआत 26 जुलाई से होगी और अप्लाई करने की अंतिम तारीख 25 अगस्त 2025 है। आवेदन करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी परीक्षा शुल्क का भुगतान 25 अगस्त तक कर सकते हैं।

#### 10वीं पास कर सकते हैं अप्लाई

कांस्टेबल ट्रेड्समैन पद के लिए कुल 3588 भर्ती की जाएगी जिसमें से 146 पद महिलाओं के लिए रिजर्व है। अगर आप आवेदन करना चाहते हैं तो इसके लिए उम्मीदवार को भारत की किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से कक्षा 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण और संबंधित ट्रेड से आईटीआई/एनसीवीटी सर्टिफिकेट की जरूरत होगी।

इसके अलावा बीएसएफ में कांस्टेबल ट्रेड्समैन के लिए पुरुषों की लंबाई 165 सेमी और महिलाओं की लंबाई 155 सेमी होनी चाहिए। साथ ही दौड़ के लिए पुरुषों को 5 किमी 24 मिनट और महिलाओं के लिए 1.6 किमी 8.30 मिनट की शारीरिक फिटनेस होनी अनिवार्य है। आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 25 वर्ष होनी चाहिए। एससी/एसटी और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को उम्र सीमा में छूट भी दी जाएगी।

इस पद के लिए चयन प्रक्रिया चार चरणों में कंप्लीट होगी जिसमें सबसे पहले अभ्यर्थी को लिखित परीक्षा पास करनी होगी। इसके बाद पीईटी यानी शारीरिक दक्षता परीक्षण और दस्तावेज सत्यापन होगा। अंत में चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा जिसके बाद भर्ती प्रक्रिया पूरी होगी।

#### ऐसे करें आवेदन

- आवेदन करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट https://rectt.bsf.gov.in/ पर जाएं।
- अब ऑनलाइन आवेदन की लिंक पर क्लिक करें और अप्लाई करें।
- अब अपनी पर्सनल जानकारी दर्ज करें और जरूरी दस्तावेज अपलोड करें।
- इसके बाद गलतियों की जांच करें और आवेदन फॉर्म सबमिट करें।
- अब आवेदन की फीस जमा करें जो ऑनलाइन होगी। आवेदन फॉर्म सबमिट करें।

# प्रयास इंडिया शिक्षण केंद्र खोलने को लेकर अंचल अधिकारी बलियापुर को सौंपा गया ज्ञापन

देशप्राण संवाददाता



**बलियापुर :** परसबनियाँ पंचायत स्थित न्यू प्राथमिक विद्यालय, चिटाही में प्रयास इंडिया द्वारा नया शिक्षण केंद्र खोलने के प्रस्ताव को लेकर बलियापुर के अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह को एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन बीआईटी सिंदरी के सहायक प्राध्यापक डॉ. राहुल कुमार एवं प्रयास इंडिया के सचिव गणेश कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया।

ज्ञात हो कि प्रयास इंडिया बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित एक सामाजिक संस्था है, जो सिंदरी क्षेत्र में वंचित और जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए संकल्पित है। संस्था वर्तमान में कई स्थानों पर निःशुल्क शिक्षण केंद्र चला रही है, जिससे सैकड़ों बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

ज्ञापन में बताया गया कि संस्था चिटाही बस्ती के बच्चों के लिए भी एक नया केंद्र खोलना चाहती है, लेकिन विद्यालय की स्थिति अत्यंत जर्जर है। विद्यालय में न तो चहारदिवारी है, न शौचालय की समुचित व्यवस्था और न ही बिजली की सुविधा उपलब्ध है। इन कमियों के कारण विशेषकर बालिकाओं को असुविधा होती है और संध्या कालीन कक्षाओं का संचालन भी कठिन हो जाता है।

इस पर अंचल अधिकारी श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि विद्यालय की समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आवेदन को उपायुक्त, धनबाद को अग्रेषित कर दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं उपायुक्त महोदय से मिलकर विद्यालय में चहारदिवारी, शौचालय एवं बिजली की व्यवस्था कराई जाएगी और प्रयास इंडिया केंद्र का उद्घाटन जल्द से जल्द कराया जाएगा ताकि चिटाही बस्ती के बच्चों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सके।

## डीईओ सह डीसी अजय नाथ झा ने किया ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण

**बोकारो :** कैंप-टू स्थित ईवीएम वेयरहाउस* का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अजय नाथ झा* द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने *ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, तकनीकी उपकरणों की स्थिति और विधिक मानकों* के अनुपालन की गहन समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को ईवीएम की मौजूदा स्थिति, सुरक्षा बंदोबस्त, सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था, अग्निशमन यंत्र, यूपीएस बैकअप और अन्य तकनीकी सुविधाओं* की अद्यतन जानकारी प्रदान की।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत प्रत्येक माह ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण अनिवार्य है, और मशीनों की स्थिति, सुरक्षा एवं उपकरणों की क्रियाशीलता संबंधी प्रतिवेदन मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग,रांची को नियमित रूप से भेजा जाना आवश्यक है। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन कार्यालय* को निर्देश दिया कि समुचित प्रतिवेदन तैयार कर समय पर मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग को प्रेषित कर दें। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री प्रेमचंद सिन्हा, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# खबर कोना

### चोरी की मोटरसाईकिल के साथ चोर गिरफ्तार



**कोडरमा :** बीते दिनो तिलैया थानांतर्गत तिलैया बस्ती से पंकज कुमार का हीरो सूपर स्पलेण्डर मोटरसाईकिल खल 12ल 6738 अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिए गया था।जिसके संबंध मे तिलैया थाना कांड संख्या 228/25 दर्ज किया गया था।उक्त कांड के संदर्भ मे पुलिस अधीक्षक,कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई की उक्त कांड में चोरी किया गया मोटरसाईकिल को चोरी करने वाले चोर ग्राम- बसकुटवा,थाना- गुरपा,जिला- गया(बिहार) में मोटरसाईकिल के साथ देखे गये है।उक्त सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक कोडरमा द्वारा पु0नि0-सह-थाना प्रभारी,तिलैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।उक्त टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सूचना स्थल पर छापामारी की गई,जिस क्रम में उक्त कांड में चोरी गई मोटरसाईकिल के अलावे एक चोरी की मोटरसाइकल( अपाची मोटरसाइकिल) के साथ राकेश कुमार उर्फ मुन्ना माझी, पिता- राजकुमार माझी एवं अजय कुमार पिता- स्व0 बंगाली माझी दोनों ग्राम- बसकुटवा,थाना- गुरपा, जिला- गया(बिहार) को गिरफ्तार किया गया।इस संबंध में अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक सूपर स्पेलण्डर मोटरसाइकिल संख्या- खल 12ल 6738,एक अपाची मोटरसाइकिल संख्या- इफ 02अर 8314 बरामद किया गया है।छापामारी दल में पु0नि0-सह-थाना प्रभारी विनय कुमार, तिलैया थाना,स0अ0नि0 सत्वीर कुमार सिंह,तिलैया थाना,तिलैया थाना से पैंथर एवं सशस्त्र बल शामिल रहे।

### शहरपुरा टीओपी मैदान में गणेश पूजा को लेकर बैठक संपन्न



**सिंदरी :** रविवार को शहरपुरा टीओपी मैदान में गणेश पूजा को लेकर एक बैठक रखा गया जिसमें नई कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष पद के लिए- नुनु लाल टुडू, उपाध्यक्ष श्यामलाल हेंब्रम, रॉबिन सोरेन, पुटका गोराई, श्रवण कुमार, समीर बाउरी, सचिव रूपेश कुमार उर्फ (मुन्ना मुखिया), सहसचिव लोगेन हेंब्रम, कोषाध्यक्ष महावीर बास्की, सहकोषाध्यक्ष राजेंद्र टुडू, राजेश चौधरी, सदस्य गण में सुमित शर्मा, शशि मुर्मू, प्रभात बास्की, कमल सोरेन, शिव शंकर मुर्मू, रोहन कुमार, मनिंदर मरांडी, सूयार्टुडू, भूषण कुमार, दीपू यादव, रोहित कुमार, विनीत कुमार, प्रकाश कुमार, नरेश सोरेन, अशोक बास्की, रवि टुडू ,मनीष गुप्ता आदि लोग होंगे।

### जेकेएलएम नेता कृष्णा यादव बने पार्टी के केंद्रीय सचिव

**चंदवारा :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेकेएलएम) के वरिष्ठ नेता एवं बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी कृष्णा यादव को पार्टी का केंद्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। पार्टी नेतृत्व द्वारा लिए गए इस निर्णय के बाद क्षेत्र में खुशी की लहर है और समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है। कृष्णा यादव इससे पहले पार्टी के उपाध्यक्ष पद पर कार्यरत थे और लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और कार्यक्षमता को देखते हुए उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कृष्णा यादव ने कहा कि वे पार्टी की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे और पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। पार्टी कार्यकताओं और समर्थकों ने मिठाइयां बांटकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें बधाई दी। क्षेत्रीय कार्यकताओं का मानना है कि कृष्णा यादव की यह नियुक्ति पार्टी को जमीनी स्तर पर और मजबूती प्रदान करेगी।

### बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है नारे के साथ कांवरिया रवाना

**जयनगर :** प्रखंड मुख्यालय से सैकड़ों महिला-पुरुष कांवरिया का जत्था जयनगर दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर, देवी मंदिर, हनुमान मंदिर एवं रथाही माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर बोल-बम का नारा है बाबा एक सहारा है, जय माता दी, हर हर महादेव, बाबा नगरीया दूर है जाना जरूर है आदि नारों के साथ सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ धाम के लिए रवाना हो गए। मौके पर संदीप पांडेय, सोनु राणा, प्रताप ठाकुर, शशी ठाकुर, बसंत साव, रवि रंजन, आशीष पंडित, महादेव पंडित, अनुज शर्मा, आशीष शर्मा, इंतु राम, अभय सिंह, गौतम राम, निकु मोदी, सोनु सिंह, गाजो राम, अजय पंडित, नीरज राणा, अजीत राणा, प्रवीण, अभिषेक राणा, यशवंत राणा, बिनोद ठाकुर सहित सैकड़ों लोग कांवड़ यात्रा के लिए रवाना हुए।

### बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है नारे के साथ कांवरिया रवाना

**जयनगर :** प्रखंड मुख्यालय से सैकड़ों महिला-पुरुष कांवरिया का जत्था जयनगर दुर्गा मंदिर, शिव मंदिर, देवी मंदिर, हनुमान मंदिर एवं रथाही माता के मंदिर में पूजा अर्चना कर बोल-बम का नारा है बाबा एक सहारा है, जय माता दी, हर हर महादेव, बाबा नगरीया दूर है जाना जरूर है आदि नारों के साथ सुल्तानगंज, देवघर, बासुकीनाथ धाम के लिए रवाना हो गए। मौके पर संदीप पांडेय, सोनु राणा, प्रताप ठाकुर, शशी ठाकुर, बसंत साव, रवि रंजन, आशीष पंडित, महादेव पंडित, बिनोद ठाकुर सहित सैकड़ों लोग कांवड़ यात्रा के लिए रवाना हुए।

## संगठन सृजन 2025 के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बैठक का किया गया आयोजन

देशप्राण संवाददाता



**कोडरमा :** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में दिन रविवार को समय 11:00 बजे गीतांजलि बैंक्विट हॉल कोडरमा में कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान के अध्यक्षता में संगठन सृजन 2025 के तहत बैठक आयोजित की गई।कार्यक्रम शुरूआत के पहले पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के तस्वीर पर पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया।

संगठन सृजन 2025 के तहत बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान ने कहा कि आगामी 15 अगस्त 2025 के पहले हर हाल में पंचायत कमेटी विस्तार व बूथ लेवल कार्यकताओं की नियुक्ति हर हाल में करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पूरी निष्ठावान होकर समर्पित भाव से पार्टी के लिए कार्य करें तथा लोगों के बीच जाकर पार्टी के सिद्धांतों एवं सरकार द्वारा चलाया जाए जनकल्याणकारी योजनाओं का व्यापक रूप से प्रचार प्रचार करें तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता सांसद राहुल गांधी के संदेश को जन जन तक पहुंचाएं। इस देश में गांधी परिवार का अमूल्य देन है जिन्होंने सिर्फ इस देश के लिए बलिदान दिया है चाहे बात स्वर्गीय पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हो या पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हो। इन्होंने इस देश से कुछ भी नहीं लिया बल्कि आम जनों को बहुत कुछ दिया है आज उसका उदाहरण देखने को मिलता है।

जब कांग्रेस पार्टी की सरकार में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी हुआ करते थे तब हर तरफ सिर्फ विकास ही विकास देखने को मिलता था जिस पंचायती राज का सपना लोग आज देख रहे हैं उसका सपना कई वर्ष पहले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी देख चुके थे आज उन्हीं का देन है। मौके पर डोमचांच पर्यवेक्षक चंद्र भूषण साहू, कोडरमा प्रवेक्षक नागेश्वर राम,कोडरमा नगर पंचायत पर्यवेक्षक संजय सेठ,मरकच्चो प्रखंड पर्यवेक्षक दशरथ पासवान, चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद बरनवाल,डोमचांच प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप सिंह , सतगामा प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह,कोडरमा प्रखंड अध्यक्ष सरवन सिंह,मरकच्चो प्रखंड अध्यक्ष केदार राणा, झुमरी तिलैया नगर अध्यक्ष प्रभात राम , रविशंकर सिंह, प्रकाश रजक, चौधरी लाल पासवान, अमित पांडे, रफीक मियां, अजगर खान, कुमार रवि, दिनेश सिंह,मनोज शर्मा, टुकलाल दास, अर्जुन पासवान, जमीर उद्दीन, वहीं बैंठक की संचालन कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह ने किया।

## गोमिया में मॉक ड्रिल का आयोजन कर अग्नि कांडों से बचाव की दी गई जानकारी

देशप्राण संवाददाता



**तेनुघाट (बोकारो) :** जिला बोकारो अग्नि शमन पदाधिकारी तेनुघाट के द्वारा श्री साइन हॉस्पिटल गोमिया , व्हाइट होटल गोमिय, रेसटुरेट गोमिया में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन कर अग्नि कांडों से बचाव की जानकारी दिया गया,अग्नि समालय पदाधिकारी अखिलेश पासवान, राजेश कुमार वर्णवाल एवं गुप्त चरण बेड़ियां के द्वारा अग्नि संबंधित दुर्घटना या एल पी जी गैस लीक होने के वजह से आग लगना या विस्फोट होने पर आग लगना इन सब से कैसे बचाव हो उसको लेकर कैसे खुद बचा जाए और लोगों को बचाया जाए इससे संबंधित मौक ड्रिल कर के छात्राओं एवं शिक्षिका एवं रसोई कर्मी सहित अन्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।अग्निशमालय पदाधिकारी अखिलेश पासवान ने बताया कि यदि एल पी जी गैस में लीक हो जाए तो तुरंत सबसे पहले सलेंडर को खुले जगह पर ले जाए और यदि उसमें आग लगी हो तो घर मोटे सूती के कपड़ा या कम्बल आदि को भींगा कर सिलेंडर को धक दे और बालू की सुविधा हो तो तुरंत गमला से बालू फेंके ताकि आग आगे नहीं फैले। अन्य विभिन्न प्रकार की कैमिकल से की लिक्विड पानी के साथ मिला कर आग बुझाने की जानकारी दिया। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## बस्ताकोला गौशाला से काँवरियों का जत्था रवाना, युवा संघर्ष मोर्चा ने किया फल और जूस का वितरण

देशप्राण संवाददाता

**धनबाद :** सेवा में अग्रणी युवा संघर्ष मोर्चा की टीम धनबाद से देवघर नगरिया तक काँवरियों की सेवा में लगातार लगी हुई है।इसी क्रम में रविवार को बस्ताकोला गौशाला से देवघर के लिए निकले काँवरियों के जत्थे के बीच युवा संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष दिलीप सिंह एवं झारखंड किन्नर समाज सचिव सह पूर्व निगम ब्रांड एंबेसडर श्वेता किन्नर द्वारा संयुक्त रूप से फल और जूस का वितरण किया गया।

दिलीप सिंह और श्वेता किन्नर ने सभी यात्रियों को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं। समाजसेवी दिलीप सिंह द्वारा सुल्तानगंज में भी डाक बम सेवा के तहत मणियां मोड़,सुइयां पहाड़,ईनारा और बरन क्षेत्र में लगातार सेवा का कार्य जारी है।

इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि सेवा सबसे बड़ा धर्म है और हमारे सभी कार्यकताओं ने बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद करने का संकल्प लिया है।जिसके तहत लगातार सेवा कार्य जारी है।वही श्वेता किन्नर ने कहा कि बाबा भोलेदानी सभी कांवरियों की यात्रा को सफल बनाएंगे और उनके इस निःस्वार्थ भक्ति भाव की सेवा का फल भी उन्हें अवश्य देंगे। बातदें की सावन के शुरूआत से ही बाबा नगरी की सेवा में दिलीप सिंह और उनकी संस्था लगे हुए हैं।

श्री सिंह ने कांवरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर युवा संघर्ष मोर्चा से संपर्क करने का आग्रह किया है।मौके पर टाइगर चौरसिया, सुजीत कुमार, राम लखन, टार्जन भुईया, रामआशीष चौरसिया, गोलू , कुंदन सिंह और अनिल अग्रवाल उपस्थित थे।

## टायर फटने से अनियंत्रित होकर मिनी बस पलटा, कई लोग घायल



देशप्राण संवाददाता

**चंदवारा :** चंदवारा थानां क्षेत्र अंतर्गत जामुखाडी के पास हजारीबाग से कोडरमा जा रही मिनी यात्री बस राज नंदनी बस संख्या जे एच 02 एफ 9649 रविवार सुबह अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। यात्री चीख-पुकार मचाने लगे। इस हादसे में कई यात्री घायल हो गए वही एकं की स्थिति गंभीर बताई गयी है। दुर्घटना के दौरान कुछ लोगों को मामूली चोटें भी पहुंची जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छोड़ दिया गया। घायलों की पहचान शबाना खातून, रवि पासवान और दुर्गेश्वरी पासवान के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बस का टायर ब्लास्ट हो गया था जिसके बाद बस सड़क पर संतुलन खो बैठी और पलट गई। बस मे 20 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे के तुरंत बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोगों ने बस से यात्रियों को निकाला और फिर पुलिस को घटना की सूचना दी। घटना की सूचना के बाद एस आई मेघनाथ दुबे, एएसआई दिलीप मंडल दल बल के साथ पहुँच कर घटना की जानकारी ली व घायल यात्रियों को एम्बुलेंस से सदर अस्पताल भिजवाया जहाँ वे इलाजरत है।

## आशुतोष सत्यम एवं अपर अधिकारीयों के निर्देश पर प्रत्येक रविवार को होगा फटीक ड्यूटी

देशप्राण संवाददाता



**सिंदरी :** सिंदरी अंचल अधिकारी आशुतोष सत्यम एवं अपर अधिकारीयों के निर्देश पर सिंदरी सभी थाना एवं ओपी में फटीक ड्यूटी की गई।

श्री सत्यम ने बताया कि फटीक ड्यूटी हमसभी अधिकारीयों को करना है, जिससे स्वक्षता एवं स्वास्थ दोनों ही महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित होता है। इसी क्रम में मेरे सभी अंचल में सफाई कार्य हुआ है।

सिंदरी थाना प्रभारी सह निरीक्षक संजय कुमार ने जानकारी दी कि प्रत्येक रविवार को सभी पुलिस कर्मी एवं पुलिस अधिकारीयों को फटीक ड्यूटी करना होता है, जो हमलोगों के जॉब मैनुवल में भी है। इस सेवा से थाना, बैरक, ट्रेनिंग सेंटर आदि की साफ सफाई भी हो जाती है और सफाई से स्वक्ष वातावरण में रहने का आनंद ही निराला होता है। फटीक ड्यूटी का जाँच भी उच्च पुलिस अधिकारीयों के द्वारा समय समय पर होती है।

इसी क्रम में ये तीसरा सप्ताह सिंदरी थाना में प्रातः 7 बजे से 10 बजे तक फटीक ड्यूटी दिया गया, जो अब निरंतर चलता रहेगा।

## बस्ताकोला गौशाला से काँवरियों का जत्था रवाना, युवा संघर्ष मोर्चा ने किया फल और जूस का वितरण

देशप्राण संवाददाता

**धनबाद :** सेवा में अग्रणी युवा संघर्ष मोर्चा की टीम धनबाद से देवघर नगरिया तक काँवरियों की सेवा में लगातार लगी हुई है।इसी क्रम में रविवार को बस्ताकोला गौशाला से देवघर के लिए निकले काँवरियों के जत्थे के बीच युवा संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष दिलीप सिंह एवं झारखंड किन्नर समाज सचिव सह पूर्व निगम ब्रांड एंबेसडर श्वेता किन्नर द्वारा संयुक्त रूप से फल और जूस का वितरण किया गया।दिलीप सिंह और श्वेता किन्नर ने सभी यात्रियों को उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएँ दीं। समाजसेवी दिलीप सिंह द्वारा सुल्तानगंज में भी डाक बम सेवा के तहत मणियां मोड़,सुइयां पहाड़,ईनारा और बरन क्षेत्र में लगातार सेवा का कार्य जारी है।इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि सेवा सबसे बड़ा धर्म है और हमारे सभी कार्यकताओं ने बिना किसी भेदभाव के समाज के अंतिम व्यक्ति की मदद करने का संकल्प लिया है। जिसके तहत लगातार सेवा कार्य जारी है।वही श्वेता किन्नर ने कहा कि बाबा भोलेदानी सभी कांवरियों की यात्रा को सफल बनाएंगे और उनके इस निःस्वार्थ भक्ति भाव की सेवा का फल भी उन्हें अवश्य देंगे। बातदें की सावन के शुरूआत से ही बाबा नगरी की सेवा में दिलीप सिंह और उनकी संस्था लगे हुए हैं। श्री सिंह ने कांवरियों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर युवा संघर्ष मोर्चा से संपर्क करने का आग्रह किया है।मौके पर टाइगर चौरसिया, सुजीत कुमार, राम लखन, टार्जन भुईया, रामआशीष चौरसिया, गोलू , कुंदन सिंह और अनिल अग्रवाल उपस्थित थे।



## कुमार अमित के पहल पर बीएसएल विस्तारीकरण के समर्थन में आए कई संगठन

### पूर्व सैनिकों ने प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिख कर किया अभियान की शुरूआत

देशप्राण संवाददाता



**बोकारो :** होमगार्ड, पूर्व सैनिकों, निजी स्कूलों के संगठनों सहित अयप्पा सेवा संगम और बोकारो मजदूर समाज ने भी दिया अभियान को समर्थन।बोकारो स्टील प्लांट के प्रस्तावित विस्तारीकरण और बीजीएच को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने के समर्थन में चलाए जा रहे अभियान को अनेक सामाजिक संगठन अपना समर्थन दे रहे हैं। इस क्रम में झारखण्ड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के बोकारो ईकाई, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद, निजी विद्यालयों का संगठन सहोदया, बोकारो मजदूर समाज और अयप्पा सेवा संगम ने अभियान को समर्थन दिया है।

पूर्व सैनिकों ने पत्र लिख कर इन मांगो के समर्थन में प्रधानमंत्री को दस हजार पोस्टकार्ड लिखे जाने वाले अभियान की शुरूआत की। इस अभियान के संयोजक कुमार अमित ने पूर्व सैनिक सेवा परिषद के राकेश मिश्रा, दिनेशवर सिंह, संजीव कुमार, सहोदया के अध्यक्ष सुरज शर्मा, अयप्पा सेवा संगम के अध्यक्ष पी. राजा गोपाल, मोहन नायर, बोकारो मजदूर समाज के अध्यक्ष और विस्थापित नेता राजेश महतो, होमगार्ड वेलफेयर के जिला अध्यक्ष अमरेन्द्र द्विवेदी, जयप्रकाश यादव, उमेश पांडेय आदि से मिल कर इस अभियान में समर्थन देने के लिए आभार जताया एवं आगामी 3 अगस्त को विस्तारीकरण के जनसमर्थन हेतु आयोजित सेमिनार में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया।

कुमार अमित ने कहा कि यह विस्तारीकरण बोकारो के उज्ज्वल भविष्य एवं झारखण्ड के विकास के लिए नितांत आवश्यक है। समाज के सभी वर्गों को इसका समर्थन करना चाहिए। इस अभियान के जनसमर्थन के लिए बोकारो के सभी सामाजिक संगठनों से मिलने का क्रम जारी रहेगा। इस दौरान अभियान से जुड़े अतुल सिंह, योगेन्द्र कुमार, शशि सिंह, सुनील महतो, चंद्रप्रकाश, निवारण महतो आदि भी उपस्थित थे।

# भवनाथपुर: डीएवी में राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन में विधायक ने किया पुरस्कार वितरण

देशप्राण संवाददाता

**भवनाथपुर (गढ़वा) , 27 जुलाई :** भवनाथपुर खदान समूह के टाउनशिप स्थित डीएवी शताब्दी प्लस टू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में आयोजित तीन दिनों तक चले संकुल स्तरीय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन रविवार को बड़े ही धूमधाम से मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के द्वारा पुरस्कार वितरण के बाद समाप्त हो गया। तीन दिनों तक चले इस संकुल स्तरीय राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता में डीएवी स्कूल हेहल रांची, डालटेनगंज, गुमला, सिमडेगा, गढ़वा, खलारी, सिल्ली और भवनाथपुर डीएवी विद्यालयों के 450 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विधायक आनंद प्रताप देव ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर विनर और रनर



कप प्रदान किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में विधायक आनंद प्रताप देने खिलाड़ियों तथा छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भवनाथपुर दव स्कूल की शैक्षिक व्यवस्था बहुत ही अच्छी है शिक्षा का विस्तार किए बिना कोई राज्य या देश आगे नहीं बढ़ सकता है। उन्होंने प्राचार्य महोदय को भरोसा दिलाया कि विद्यालय के संचालन में किसी तरह की समस्या आने पर मैं तन मन धन से सहयोग करने को तैयार रहूंगा। विधायक महोदय ने उप महाप्रबंधक एवं विद्यालय के चेयरमैन श्याम उज्जवल मेदा से आग्रह किया कि यह आपका विद्यालय किसी प्रकार की समस्याओं का शिकार ना हो। इसके लिए आपको विद्यालय के अध्यक्ष होने के नाते तथा मुझे जनप्रतिनिधि होने के नाते हम दोनों को मिलकर काम करना है और इस विद्यालय के विकास में सहयोग करना है। इस समारोह में विद्यालय के संगीत शिक्षक गणेश त्रिवेदी द्वारा प्रस्तुत गजल - हम तेरे शहर में आए हैं एक मुसाफिर की तरह ....को उन्होंने खूब सराहा और कहा कि इस गजल को सुनकर मुझे अपना बचपन और अपने गुरु विख्यात गजल गायक छन्नू लाल मिश्र की याद आ गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक संतोष गुप्ता द्वारा प्रस्तुत गीत को भी लोगों ने काफी सराहा। संगीत के धुन पर छात्रा आराध्या द्वारा प्रस्तुत नृत्य भी काफी आकर्षक था।

अपने सम्बोधन में विधायक ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे भवनाथपुर में कोई ना कोई प्लांट की स्थापना मुख्यमंत्री हाथों से जरूर करायेंगे ताकि युवाओं को रोजगार मिल सके। इसके पूर्व विद्यालय के मुख्य द्वार पर विधायक महोदय के पहुंचने पर संस्कृत शिक्षक प्रवीण पाण्डेय के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विद्यालय की बच्चियों ने तिलक चंदन लगाकर और पुष्प वर्षा कर विधायक का स्वागत किया एवं कार्यक्रम स्थल तक ले गए। कार्यक्रम के शुभारम्भ में विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने माननीय विधायक श्री अनंत प्रताप देव, भवनाथपुर खदान समूह के उप महाप्रबंधक एवं विद्यालय के चेयरमैन श्याम उज्जवल मेदा, सहायक महाप्रबंधक भगवान पाणिग्रही, वरिष्ठ पत्रकार सीताराम पाठक और विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र एवं पलामू मेडिकल कॉलेज डाल्टनगंज के सर्जरी विभागाध्यक्ष डॉ सुशील कुमार पाण्डेय को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में सभी अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय को आगे बढ़ाने में हो रही विभिन्न कठिनाइयों का भी जिक्र माननीय विधायक जी से किया। कार्यक्रम के दौरान क्रिकेट अंडर 17 वर्ग में विनर का मेडल व ट्रॉफी माननीय विधायक ने अपने हाथों से सभी बच्चों को प्रदान कर उनका हौसला बढ़ाया।

# लंगूर वाइल्डलाइफ के हैं पार्ट, इन पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं : डॉ. डीएस श्रीवास्तव

देशप्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू), 27 जुलाई :** बोकारो में लंगूर को पकड़ने के लिए बोकारो वन विभाग द्वारा उठाए गए कदम की जितनी भी निंदा की जाए वह कम होगी। लंगूर वाइल्ड लाइफ के पार्ट हैं। इन पर हो रहे अत्याचार को कदापि बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। इस मामले को वे चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन के समक्ष उठाएंगे व दोषियों को सजा दिलाएंगे।

उक्त बातें नेचर कंजर्वेशन सोसायटी के सचिव सह वाइल्ड लाइफ बोर्ड के पूर्व सदस्य डॉ डीएस श्रीवास्तव ने कही। उन्होंने कहा कि वे केंद्रीय वन एवं



पर्यावरण मंत्री को भी इस संबंध में पत्र लिखेंगे। डॉ डीएस श्रीवास्तव ने कहा कि किसी भी वन्य प्राणी के खिलाफ अत्याचार को वे बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। कहा कि लंगूर की धर पकड़ के लिए उनकी पिटाई में लगे सभी स्टाफ का सस्पेंशन होना चाहिए। घटना पर इंक्वारी सेटअप होनी चाहिए। जिन पदाधिकारी ने लंगूरों को धर पकड़ के लिए पिटाई का ऑर्डर दिया होगा उन पर त्वरित एक्शन होना चाहिए। कहा कि इस घटना से वे काफी आश्चर्यचकित है कि आखिर वन विभाग के कर्मचारी पदाधिकारी भी वन्यजीवों के साथ ऐसा क्रूर व्यवहार कैसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि वन्य जीव बंदर, लंगूर सहित अन्य जंगली जानवर अपने भोजन की तलाश में जंगल पर आश्रित रहते हैं। लेकिन जब से जंगल में बाहरी लोगों का अतिक्रमण हुआ है वन्य जीव गांव व शहर की ओर भोजन की तलाश में आने लगे हैं।

उन्होंने प्रश्न उठाया कि वन्य जीवों के खाने-पीने वाले फल, फूल, मधु, बेल, तुलसी, वन तुलसी आदि पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। ऐसे में वन्य जीव जाएंगे कहां। वन्य जीव को जंगल में खाने-पीने की चीज नहीं मिलेगी तो वे निश्चित रूप से गांव व शहर की ओर अपना रुख करेंगे। लेकिन उन्हें पकड़ने के लिए अपनाएं गए हथकंडे गैर जिम्मेदाराना व मानवता को शर्मसार करने वाला है।

# जेपीएससी में सफलता अर्जित कर आकाश देव ने पिता के सपनों को किया पूरा



देशप्राण संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) , 27 जुलाई :** नावाबाजार प्रखंड स्थित बसना गांव निवासी शंकर राम ने सपना देखा था कि बेटा आकाश देव झारखंड प्रशासनिक सेवा में जाए। जबकि आकाश देव उच्च शिक्षा प्राप्त कर मुंबई की एक प्रतिष्ठित कंपनी में अच्छी सैलरी के साथ बेहतर पद पर कार्यरत था। पिता का सपना पूरा करने के लिए उसने जेपीएससी का परीक्षा में शामिल हुआ। लेकिन पहली बार में सफलता नहीं मिली। फिर भी वे हिम्मत नहीं हारे। दूसरी बार 13 वीं जेपीएससी परीक्षा में उसे सफलता मिली व 235 वां रैंक लाकर झारखंड प्रशासनिक सेवा प्राप्त कर अपने पिता का सपना पूरा किया। आकाश देव ने बताया कि उसके पिता शंकर राम प्रखंड कार्यालय में सहायक के पद से सेवानिवृत हुए हैं। उसने स्कूली शिक्षा नेतरहाट आवासीय विद्यालय व रांची स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल से प्राप्त किया।

ग्रेजुएशन गुजरात के गांधीनगर नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन टेक्नोलॉजी से ज्वेलरी डिजाइनिंग में किया। इसके बाद उसने मुंबई के एक प्रतिष्ठित कंपनी में बेहतर सैलरी पर नौकरी ज्वाइन किया। इस दौरान कंपनी का प्रतिनिधित्व करते हुए कई बार विदेश भी गए। नौकरी छोड़कर सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी शुरू की।

## कारगिल शहीदों के पावन स्मृति एवं विजय दिवस के रजत वर्ष में करें पौधारोपण : बृजेश शुक्ला



देशप्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर, 27 जुलाई :** मेदिनीनगर सदर प्रखंड के पोल पोल स्थित कारगिल शहीद स्मारक पार्क में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पौधारोपण कर कारगिल के शहीदों को नमन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद बेदी पर पुष्पांजलि कर, कारगिल शहीद युगम्बर दीक्षित एवं शहीद हवलदार प्रबोध महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि कर किया गया। पुरा परिसर भारत माता की जय, वंदे मातरम, शहीद युगम्बर दीक्षित अमर रहे शहीद प्रबोध महतो अमर रहे के नारों से गूंजायमान हो उठा। कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य, राष्ट्रप्रेम एवं अटूट राष्ट्रभक्ति की गौरवमयी अमर गाथा है जो युगों युगों तक तक देशवासियों के लिए अविस्मरणीय संस्मरण में बना रहेगा। मां भारती की रक्षा और अखंडता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित करने वाले मां भारती के वीर सपूतों को नमन करने का दिन है। कारगिल शहीदों की पावन स्मृति में यह एक बहुत ही प्रशंसनीय और सम्मानजनक कदम है जो शहीदों की याद को अमर करने के लिए किया गया। कारगिल युद्ध में अपनी जान की कुबार्नी देने वाले वीर जवानों को याद करना हम सबों का परम कर्तव्य है। इस प्रकार के कार्यक्रम का उद्देश्य सिर्फ शहीदों की याद दिलाना नहीं है, बल्कि प्रकृति को सुरक्षित रखने का भी एक महत्वपूर्ण संदेश है।

## झारखंड में शराब की 827 खुदरा दुकानों में से 5 बंद

**रांची :** मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से वापस लेकर खोली गयी 827 शराब दुकानों में से पांच दुकानें बंद हो गयी है. बंद हुई दुकानों में से दो रांची, दो धनबाद और एक दुमका जिले में है. उत्पाद आयुक्त की जांच के दौरान ज्यादा कीमत पर शराब बेचने का मामला पकड़ में आने के बाद दो दुकानों को बंद कर दिया गया है. धनबाद मे कर्मचारियों द्वारा काम छोड़े जाने वजह से दो दुकानें बंद हुई है. इसके अलावा श्रावणी मेले की वजह से दुमका की एक दुकान बंद हुई है ।

सरकार ने राज्य में एक सितंबर से नयी उत्पाद नीति 2025 लागू करने का फैसला किया है. फि लहाल उत्पाद नीति 2022 में आंशिक संशोधन कर शराब की खुदरा बिक्री की जा रही है. सरकार ने मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से दुकानें वापस लेने के बाद कॉरपोरेशन के माध्यम से शराब की खुदरा बिक्री शुरू की. मैनपावर सप्लाई करने वाली कंपनियों से दुकानें वापस लेने के दौरान किये गये हिसाब किताब में गड़बड़ी पायी गयी है।

# रात्रि के नौ बजे तक पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रखंड कार्यालय परिसर में किया प्रदर्शन

देशप्राण संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू), 27 जुलाई :** विश्रामपुर प्रखंड कार्यालय परिसर में शनिवार को त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा के बैनर तले पंचायत प्रतिनिधियों की ओर से एक दिवसीय धारणा का आयोजन किया गया।

रात्रि के नौ बजे तक सभी प्रतिनिधि धरना पर जमे थे। धरना स्थल पर अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी पहुंचे। प्रतिनिधियों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा। विलंब से पहुंचने को ले अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी ने बताया कि वे कार्यालय कक्ष में शाम साढ़े तीन बजे तक थे। लेकिन किसी प्रतिनिधियों के द्वारा ज्ञापन नहीं सौंपा गया।

बताया कि एनएच 39 फोरलेन निर्माण को ले प्रभावित की रैयतों का विवाद सुलझाने को ले पूर्व से कैंप निर्धारित था। वहां पहुंच कार्य संपादित करने में विलंब हो जाने के कारण धरना स्थल पर देर से पहुंचे। साथ ही ज्ञापन लेते हुए धरना को समाप्त कराया।



वहीं त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधि संघर्ष मोर्चा के बैनर तले आयोजित धरना में शामिल जिला पार्षद विजय रविदास का कहना था कि अंचलाधिकारी राकेश तिवारी ज्ञापन देने के समय वे पंचायत प्रतिनिधियों की उपेक्षा करते हुए कार्यालय से निकल गए थे।

इससे पंचायत प्रतिनिधि अपने आपको अपमानित महसूस करते हुए देर तक प्रदर्शन करते रहे। वहीं सीओ राकेश तिवारी ने पंचायत प्रतिनिधियों के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। मौके पर प्रमुख रम्भा कुमारी,उप प्रमुख सतेंद्र नारायण सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष रोहित तिवारी, अंजू कुमारी, मंजू देवी, संजू चौबे, रंभा मिश्रा, किरण देवी, रोशिला देवी, धर्मेंद्र चौधरी, पंसस सूरजमल राम, दयाल विश्वकर्मा, प्रेमलाल पासवान, रवि शंकर चौबे, मनीष गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, किशोर कुमार, पंकज सिंह, ओम प्रकाश पांडेय गुड्डू,सतीश चौबे उर्फ बालाजी चौबे सहित कई पंचायत प्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद थे।

### जन वितरण प्रणाली व महिला ग्रुप सदस्यों ने एक अगस्त के निर्धारित धरना कार्यक्रम को सफल बनाने का लिया संकल्प

# पलामू जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की हुई बैठक

देशप्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू), 27 जुलाई :** पलामू जिला फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की बैठक स्थानीय सदर प्रखंड के सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू के प्रभारी जिला अध्यक्ष रविंद्र पांडेय ने की। उन्होंने एक अगस्त को मांगों के समर्थन में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में 1571 जन वितरण प्रणाली व महिला ग्रुप की सदस्यों ने एक अगस्त के निर्धारित धरना कार्यक्रम में भाग लेने का संकल्प लिया। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पलामू के प्रभारी जिला अध्यक्ष रविंद्र पांडेय ने कहा कि कोरोना काल का बकाया राशि अभी तक नहीं मिला है। आखिर यह कब तक राशि मिलेगी। मार्च 2023, सितंबर 2023, दिसंबर 2024 जनवरी से मार्च 2025 अप्रैल से जुलाई 2025 तक की राशि भुगतान नहीं हुई है।

मौके पर जुगल किशोर तिवारी ने कहा कि ग्रीन कार्ड के चावल, दाल व नमक की राशि नहीं मिली है। राज्य सरकार के संकल्प के बावजूद नॉमिनी को अनुज्ञप्ति हस्तांतरित नहीं किया जा रहा है। ऐसा क्यों । कहा कि इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन रिपेयरिंग में शोषण होता है। इसे हर हाल में शोषण से मुक्ति मिलनी चाहिए।

मौके पर बृजकिशोर तिवारी ने कहा कि पेपरलेस सिस्टम लागू किया जाना चाहिए। ई- केवाईसी संपूर्णता होने की जिम्मेवारी लाभार्थी को होनी चाहिए जो उसका लाभ लेते हैं। दुकानदारों



पर कार्रवाई अभिलंब बंद होनी चाहिए। स्मार्ट पीडीएस लागू होने के पहले उसमें आ रही खामियों को दूर किया जाना चाहिए। 4जी की ई-पास मशीन अगस्त 2025 तक सभी राशन दुकानों में भेजी जानी चाहिए। चना, दाल व नमक हेतु सही ऑप्शन जारी किया जाना चाहिए। बैठक में पारसनाथ सिंह, मोहम्मद इकबाल, मिथिलेश राम, सतीश तिवारी, भानु प्रसाद सिंह, मोहम्मद नौशाद अनवर, प्रेम प्रकाश ठाकुर, रामरेश चौरसिया, मनोज प्रसाद, नंदलाल सिंह, पुनीत कुमार शुक्ला, सुनील पांडे, राम लखन राम, विनोद पासवान सहित बड़ी संख्या में जन वितरण प्रणाली के दुकानदार मौजूद थे।

## आर्ट एजुकेशनल एंड स्कील्ड सोसायटी के आडिशन के कला महोत्सव में बच्चों ने लिया भाग

देशप्राण संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू), 27 जुलाई :** आर्ट एजुकेशनल एंड स्कील्ड सोसायटी के तत्वावधान में रविवार को संस्कृति कला महोत्सव का आयोजन किया गया। स्थानीय बाई पास रोड स्थित उत्सव भवन में आर्ट एंड टैलेंट के तहत कला के रंग की सांस्कृतिक प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ लता मंगेशकर चौक पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने लता मंगेशकर के गीत गाकर समां बांध दिया। तत्पश्चात सत्कार भवन में प्रथम मेयर ने द्वीप प्रज्वलित कर कला महोत्सव का शुभारंभ लता मंगेशकर के गीत गाकर सुनाए। छोटे -छोटे बच्चे- बच्चियों ने एक से बढ़कर एक आकर्षक गीत, संगीत व नृत्य की प्रस्तुति दी।बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए आर्ट एजुकेशनल एंड स्कील्ड सोसायटी के द्वारा आडिशन के अवसर पर आयोजित भव्य कला महोत्सव कार्यक्रम में काफी संख्या में बच्चों ने भाग लिया। मौके पर सोसायटी के विजय कुमार दूबे ने कहा कि कार्यक्रम में चयनित बच्चों का फाइनल प्रतियोगिता तीन अगस्त को आयोजित की जाएगी। कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए इस तरह का आयोजन किया गया है। आज के आयोजन में जज की भूमिका में शालिनी श्रीवास्तव, कुंदन डिसूजा व सुरज मिश्रा मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आकाश राज, अनिषा तिवारी, पवन कुमार, संजीत कुमार, रौशन कुमार, प्रियांशु दूबे व राहुल राज ने सक्रिय भूमिका निभाई। सहित कई गणमान्य मौजूद थे।

# खबर कोना

## गुरुकुल विद्यालय में फ्रूट्स दिवस का आयोजन



**मेदिनीनगर (पलामू) :** गुरुकुल विद्यालय परिसर में फ्रूट्स दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी व क्लास वन के बच्चों ने फल का रूप धारण कर उनके महत्व को बताया। बच्चों ने फलों पर आधारित कविताएं प्रस्तुत की व अभिनय भी किया। इससे बच्चे बहुत खुश नजर आए। विद्यालय के अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि फल सेहत के लिए काफी अच्छा होता है। बीमारियों को दूर रखता है। उन्होंने कहानी के माध्यम से आम के किस्म को बताया। साथ ही अन्य फलों के बारे में भी विस्तार से जानकारियां दीं। विद्यालय के शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को फलों के महत्व के बारे में बताया। प्रधानाध्यापक सहेंद्र साव ने बच्चों को प्रतिदिन फल सेवन की सलाह दिया। कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। स्वस्थ तन रखने के लिए फलों का सेवन अति आवश्यक है। विद्यालय के शिक्षिका विजयलक्ष्मी चौबे ने बच्चों को फलों के बारे बताते हुए कहा कि बच्चे मौसम के अनुसार मिलने वाले फलों का सेवन अवश्य करें। शिक्षिका अभिलाषा मिश्रा ने इस आयोजन का मकसद बताते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में फलों के बारे में जानने की इच्छा बढ़ती है। उन्हें खाने के प्रति उत्सुकता दिखाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक पवन कुमार मेहता, सतीश, रूपेश सिंह, नेहा शुक्ला, अदिति, सीमा श्रीवास्तव, संध्या मिश्रा विद्यालय के अन्य कर्मचारी विपिन सिंह, रानी देवी, सुहाग देवी आदि मौजूद थे '

## टीओपी थाना प्रभारी राकेश सिंह सपत्नीक किया रुद्राभिषेक, भंडारे का आयोजन



**मेदिनीनगर (पलामू) :** सावन के पावन महीने में भक्तिमय माहौल के बीच मेदिनीनगर टीओपी 2 थाना परिसर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव को रुद्राभिषेक किया गया। धार्मिक अनुष्ठान टीओपी थाना प्रभारी राकेश सिंह ने अपनी धर्मपत्नी निर्मला सिंह के साथ मिलकर पूर्ण श्रद्धा व वैदिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की। थाना प्रभारी राकेश सिंह नेकहा कि भगवान शिव को समर्पित इस विशेष पूजा का उद्देश्य क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि व सौहार्द की कामना करना है। पूजा के दौरान मंदिर परिसर हर -हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। थाना प्रभारी राकेश सिंह व उनकी धर्मपत्नी ने विधि-विधान से शिवलिंग का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक कर बेलपत्र, फूल व फल अर्पित किए। इस दौरान थाना प्रभारी व धर्मपत्नी निर्मला सिंह के साथ उनकी बेटी खुशी भारद्वाज, रुचि भारद्वाज, टाइगर जवान मुकेश कुमार उनकी धर्मपत्नी अंजू देवी, पुत्री राजलक्ष्मी व उनका पुत्र मयंक सहित सूर्यनाथ सिंह, अमित कुमार, जयंत दुबे, विकास कुमार, प्रमोद यादव, धर्मेंद्र कुमार पासवान, अलविना करकटा सहित सभी रुद्राभिषेक पूजा संपन्न होने के उपरांत टीओपी थाना की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। है। भंडारा दोपहर एक बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चला। इसमें सभी क्षेत्रवासियों को प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया था।

## कविलासी गांव की महिला नौ दिनों से लापता



**विश्रामपुर (पलामू) :** विश्रामपुर थाना क्षेत्र के कविलासी झरना निवासी गुलाब राम की 40 वर्षीय पुत्री आशा देवी पिछले नौ दिनों से लापता है। परिजन महिला के खोजबीन में काफी परेशान हैं। हर संभावित जगह ढूंढने के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद लापता महिला की मां चनपतीया देवी ने विश्रामपुर थाना में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। थाना में दर्ज मामले में कहा गया है कि 18 जुलाई 2025 को सुबह से ही आशा देवी घर से एकाएक गायब हो गई। वह अपने मायके कविलासी झरना में हीं रह रही थी। उसका ससुराल गढ़वा जिला के सहिजना में है। इसके पति का नाम बिनोद राम है। चनपतीया देवी ने बताया कि उसकी दिमागी हालात ठीक नही है। इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## पलामू के पत्रकार की चोरी गई मोटरसाइकिल बिहार के औरंगाबाद से बरामद



**मेदिनीनगर :** पत्रकार रंजीत कुमार की चोरी गई मोटरसाइकिल जेएच 03 के 9926) औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना पुलिस ने बरामद कर कानूनी प्रक्रिया के बाद उन्हें सौंप दिया है .पत्रकार की मोटरसाइकिल पिछले साल 26 जुलाई 2024 को महिंद्रा आर्केट के पास से चोरी चली गई थी.26 जुलाई 2025 को उनकी मोटरसाइकिल मिल गई। जानकारी के मुताबिक 14 जून की शाम सिमरा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को मोटरसाइकिल से शराब बेचते हुए पकड़ा था. छान बीन के क्रम में मोटरसाइकिल में जो नंबर लिखा था वह जमशेदपुर का था .चेचिस नंबर और इंजन नंबर के आधार पर सिमरा थाना पुलिस ने पता लगाया कि यह मेदनीनगर के रंजीत कुमार का है।

## पिपराटाड़ थाना में नए थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने दिया योगदान



**मेदिनीनगर:** पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने पिपराटाड़ के पूर्व थाना प्रभारी राजवर्धन कुमार को निलंबित करते हुए नए थाना प्रभारी के रूप में शहर थाना के सब इंस्पेक्टर सुबोध कुमार को पिपराटाड़ का नया थाना प्रभारी का कमान सौंपा है।रविवार को सुबोध कुमार ने पिपराटाड़ थाना का प्रभार ग्रहण कर लिया है।नए थाना प्रभारी के आगमन को लेकर थाना में मौजूद अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवानों ने उनका स्वागत किया।वहीं मौके पर उपस्थित पिपराताड़ थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच अच्छा संबंध बनाकर अपराध पर अंकुश लगाया जाएगा. कानून को हाथ में लेने वाले को बक्सा नहीं जाएगा. गरीब, असहाय को त्वरित न्याय दिलाने में वे तत्पर रहेंगे।उन्होंने कहा कि जनसुरक्षा, अपराध नियंत्रण और आम जनता से बेहतर संवाद उनकी पहली प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा।

# शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ तोड़े कई बड़े रिकॉर्ड



**नई दिल्ली, 27 जुलाई ।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल ने मैनचेस्टर में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे मैच में शतक जड़कर अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखा. गिल ने 238 बॉल में 12 चौकों की मदद से 103 रनों की पारी खेलकर डॉन ब्रैडमैन और सुनील गावस्कर के संयुक्त रूप से विश्व रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है. गिल इंग्लैंड में चार शतक लगाने वाले कप्तानों के खास क्लब में शामिल हो गए. गिल अपनी पहली टेस्ट सीरीज में चार शतक लगाने वाले पहले कप्तान बन गए हैं. इससे पहले 5 अन्य कप्तानों के साथ पहली सीरीज में तीन शतक लगाने के मामले में बराबरी पर थे. 25 वर्षीय गिल ने वारविक आर्मस्ट्रांग, ब्रैडमैन, ग्रेग चैपल, विराट कोहली और स्टीवन स्मिथ को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने भारतीय कप्तान के रूप में अपनी पहली टेस्ट सीरीज में तीन शतक लगाए थे। गिल ने एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में 103 रनों की पारी खेलकर यह उपलब्धि हासिल की है. 25 वर्षीय गिल एक टेस्ट सीरीज में 700 से ज्यादा रन बनाने वाले कप्तानों की सूची में शामिल हो गए हैं, जिसमें सर डॉन ब्रैडमैन (दो बार), सर गारफील्ड सोबर्स, ग्रेग चैपल, सुनील गावस्कर, डेविड गॉवर, ग्राहम गूच और ग्रीम स्मिथ शामिल हैं.

इसके अलावा दाएं हाथ के यह बल्लेबाज अब सुनील गावस्कर और यशस्वी जायसवाल के बाद एक टेस्ट सीरीज में 700 रनों का आंकड़ा पार करने वाले तीसरे भारतीय बन गए हैं. गिल एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की सूची में सुनील गावस्कर के बाद तीसरे स्थान पर भी पहुंच गए हैं.

दूसरी पारी में भारत के 0/2 पर सिमट जाने के बाद राहुल और गिल की जोड़ी ने तीसरे विकेट के लिए 188 रन जोड़े. दोनों ने टेस्ट मैच के अंतिम दिन नई गेंद का इस्तेमाल करते हुए भारत को ऐसी स्थिति में पहुंचा दिया जहां वे मैच ड्रॉ करा सकते थे. इस मैच में भारत ने पहली पारी में 358 रन बनाए. इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन बनाकर भारत पर 311 रनों की बढ़त हासिल कर ली. अब भात दूसरी पारी में 279 रन बना चुका है।

# हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय और जमीनी स्तर के आयोजनों के लिए वित्तीय अनुदान बढ़ाया




**महाबलीपुरम, 27 जुलाई (हि.स.) :** हॉकी इंडिया ने रविवार को तमिलनाडु के महाबलीपुरम में अपनी 15वीं हॉकी इंडिया कांग्रेस का सफलतापूर्वक आयोजन किया। भारतीय हॉकी की गौरवशाली यात्रा के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कई ऐतिहासिक घोषणाएं हुईं, जिनमें 7 नवंबर को राष्ट्रव्यापी हॉकी महोत्सव का आयोजन करना शामिल है। इस मौके पर भारतीय हॉकी ने राष्ट्रीय और जमीनी स्तर के आयोजनों के समर्थन के लिए वित्तीय अनुदान में पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की है। हॉकी इंडिया ने बताया कि भारतीय हॉकी की विरासत 1925 में अपनी पहली राष्ट्रीय शासी संस्था के गठन के साथ शुरू हुई थी। इस साल 7 नवंबर को 100 साल पूरे हो जाएंगे। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में हॉकी इंडिया 7 नवंबर को एक अभूतपूर्व राष्ट्रव्यापी उत्सव का आयोजन करेगा। इस आयोजन में एक साथ 1,000 मैच खेले जाएंगे। देश के प्रत्येक जिले में एक पुरुष और एक महिला मैच में 36 हजार से ज्यादा खिलाड़ी (18 हजार पुरुष और 18 हजार महिलाएं) हिस्सा लेंगे। यह विशाल पहल देश के हर कोने से खिलाड़ियों को एक साथ लाएगी, जो न केवल भारत की एकता और विविधता को दर्शाएगी, बल्कि हॉकी के प्रति निरंतर प्रेरित करने वाले जुनून को भी दर्शाएगी। भारतीय हॉकी के पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने के एक दूरदर्शी कदम के तहत हॉकी इंडिया ने राष्ट्रीय और जमीनी स्तर के आयोजनों के समर्थन के लिए वित्तीय अनुदान में पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की है। इसके तहत सीनियर पुरुष और सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए 70-70 लाख रुपए, जूनियर पुरुष, जूनियर महिला, सब-जूनियर पुरुष और सब-जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए 30-30 लाख एवं जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए प्रति राज्य 25 लाख रुपये शामिल है।

इन बढ़े हुए अनुदानों का उद्देश्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, आयोजन की गुणवत्ता में सुधार लाना और स्थानीय स्तर पर वित्तीय बाधाओं को कम करके व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस सहायता से हजारों उभरते खिलाड़ियों, कोचों और जमीनी स्तर के अधिकारियों को लाभ मिलने की उम्मीद है। जो भारतीय हॉकी के भविष्य की रीढ़ हैं।

# प्रधानमंत्री बोले- खेलो भारत नीति का लक्ष्य भारत को खेल महाशक्ति बनाना




**नई दिल्ली, 27 जुलाई (हि.स.):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 124वें संस्करण में खेलो भारत नीति 2025 के लक्ष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इसका लक्ष्य भारत को खेल महाशक्ति बनाना है। उन्होंने कहा कि गांव, गरीब और बेटियां इस नीति की प्राथमिकता हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि बीते दिनों मुझे कई युवा एथलीट और उनके अभिभावकों के संदेश मिले हैं। इनमें खेलो भारत नीति 2025 की खूब सराहना की गई है। इस नीति का लक्ष्य साफ है, भारत को खेल महाशक्ति बनाना। गांव, गरीब और बेटियां इस नीति की प्राथमिकता है। स्कूल और कॉलेज, अब खेल को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाएंगे। खेलों से जुड़े स्टार्टअप्स, चाहे वो स्पोर्ट्स प्रबंधन हों या उत्पादन से जुड़े हों- उनकी हर तरह से मदद की जाएगी। सोचिए, जब देश का युवा खुद के बनाए रैकेट, बैट और बॉल के साथ खेलेगा, तो आत्मनिर्भरता के मिशन को कितनी बड़ी ताकत मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल, टीम स्पिरिट पैदा करते हैं। ये फिटनेस, आत्मविश्वास और एक मजबूत भारत के निर्माण का रास्ता है इसलिए खूब खेलिए, खूब खिलिए। विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल की चर्चा कीप्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल में भारत के ऐतिहासिक प्रदर्शन की चर्चा की। उन्होंने कहा कि क्या आप जानते हैं कि ओलंपिक के अलावा सबसे बड़ा खेल आयोजन कौन-सा होता है इसका जवाब है- विश्व पुलिस और अग्निशमन खेल। दुनियाभर के पुलिसकर्मियों, अग्निशमन कर्मियों और सुरक्षा से जुड़े लोगों के बीच होने वाली खेल प्रतियोगिता। इस बार यह प्रतियोगिता अमेरिका में आयोजित हुई और इसमें भारत ने इतिहास रच दिया। भारत ने करीब 600 मेडल जीते। हम 71 देशों में टॉप तीन पहुंचे। उन वर्दीधारियों की मेहनत रंग लाई जो दिन-रात देश के लिए खड़े रहते हैं। हमारे ये साथी अब खेल के मैदान में भी झंडा बुलंद कर रहे हैं। 2029 में भारत में होगा आयोजनप्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मैं सभी खिलाड़ियों और कोचिंग टीम को बधाई देता हूं। साथ ही प्रधानमंत्री ने बताया कि आपके लिए ये भी जानना दिलचस्प होगा कि 2029 में यह खेल भारत में होंगे। दुनिया-भर से खिलाड़ी हमारे देश आएंगे।

# आईटीबीपी ने ग्रुप डी के पहले मैच में पुरुषों की कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार को हराया



**कोकराझार (असम), 27 जुलाई (हि.स.) :** डूरंड कप में पदार्पण कर रही इंडो तिब्बतन बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) एफटी ने 134वें इंडियन ऑयल डूरंड कप के ग्रुप डी के पहले मैच में दस पुरुषों वाली कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी को 2-1 से हरा दिया। यह मैच यहां साई स्टेडियम में खेला गया। लुनमिनलेन हाओकिप ने कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी को बढ़त दिलाई, लेकिन पुलुंग दैमारी और हेमराज भुजेल के गोलों ने अर्धसैनिक बल को जीत और तीन महत्वपूर्ण अंक दिलाए।

134वें इंडियनऑयल डूरंड कप के सभी 43 मैचों का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क (सोनी टेन2 एचडी) पर किया जा रहा है और साथ ही सोनीलिव ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी लाइवस्ट्रीम किया जा रहा है।

कार्बी आंगलोंग मॉर्निंग स्टार एफसी (केएएमएसएफसी) के मुख्य कोच सीए लालदिनसांग पुदैते ने एक मजबूत लाइन-अप का नाम दिया, जिसमें जोसेफ ओलालेये, विक्टर जैक्सन और बेन नैश क्वांश जैसे तीन विदेशी खिलाड़ी शामिल थे, जबकि आईटीबीपी एफटी के मुख्य कोच सुरोजित कुमार ने पारंपरिक 4-4-2 संरचना में एक मजबूत लाइन-अप का नाम दिया।

दोनों ही टीमें मिडफील्ड पर कब्जा करने की कोशिश कर रही थीं, जिससे एक रोमांचक मुकाबला देखने को मिला और दोनों टीमें मैदान के बीचों-बीच एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही थीं। आई-लीग 3 में खेलने वाली केएएमएसएफसी की टीम 23वें मिनट में ही दस खिलाड़ियों पर सिमट गई, जब घाना के सेंटर बैक बेन नैश क्वांश को दो पैरों से लापरवाही से की गई चुनौती के लिए सीधा रेड कार्ड मिला। रेफरी के पास डिफेंडर को मैदान से बाहर भेजने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

आईटीबीपी ने मैन एडवांटेज का फायदा उठाकर गेंद पर कब्जा जमा लिया, लेकिन असम की टीम ने पहला गोल दागा। लुनमिनलेन हाओकिप ने 30 वें मिनट में जवाबी हमले में अपनी टीम को बढ़त दिला दी। स्ट्राइकर कुछ ही मिनटों बाद आईटीबीपी के गोलकीपर उगेश लामा की गलती का फायदा उठाकर बढ़त दोगुनी कर सकते थे। गोलकीपर क्रॉस को आसानी से नहीं पकड़ पाए और लुनमिनलेन, जो घात लगाकर बैठे थे, ने गोल किया, लेकिन गोल को अंतिम रूप नहीं दे पाए।

## खबर कोना

### क्रिकेटर नीतीश कुमार रेड्डी पर धोखाधड़ी का आरोप, करोड़ रुपये के विवाद में केस दर्ज



**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेटर नीतीश कुमार रेड्डी मुश्किलों में घिर गए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का हिस्सा रहे नितीश चोट के कारण चौथे टेस्ट से पहले भारत लौट आए, जहां उन पर धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगा है। बेंगलुरु की एक टैलेंट मैनेजमेंट कंपनी, स्क्वायर द वन ने उनके खिलाफ कानूनी शिकायत दर्ज की है। आरोप है कि नितीश ने कंपनी को 5 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया नहीं चुकाया। यह मामला अब दिल्ली हाई कोर्ट में है, और इसकी सुनवाई 28 जुलाई 2025 को होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नितीश और उनकी पूर्व मैनेजमेंट कंपनी स्क्वायर द वन के बीच विवाद तब शुरू हुआ, जब गावस्कर ट्रॉफी के दौरान कुछ अनबन हुई। बताया जाता है कि नितीश ने एक अन्य क्रिकेटर की मदद से नई मैनेजमेंट कंपनी के साथ करार कर लिया, जबकि उनका स्क्वायर द वन के साथ तीन साल का अनुबंध अभी बाकी था। नितीश ने कथित तौर पर कंपनी को बकाया राशि देने से इनकार कर दिया है। उनका दावा है कि उन्होंने जो एंडोर्समेंट डील हासिल की, उसमें एजेंसी का कोई योगदान नहीं था। हालांकि, नितीश ने इस मामले पर अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। दूसरी ओर, वह भी इस मामले को लेकर कोर्ट में अपनी बात रखने को तैयार हैं।

### 2025 एशिया कप में आपस में भिड़ेंगे भारत और पाकिस्तान



**नई दिल्ली :** आमने-सामने होंगी। अगर दोनों टीमें फाइनल तक पहुंचती हैं, तो तीसरी बार भी उनकी टक्कर हो सकती है। शनिवार को एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के प्रमुख मोहसिन नकवी ने टूर्नामेंट के शेड्यूल की घोषणा की। एशिया कप 9 सितंबर से शुरू होगा, और इसका फाइनल मुकाबला 28 सितंबर को होगा। 2025 एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच पहला मुकाबला 14 सितंबर को लीग चरण में होगा। इसके बाद 21 सितंबर को सुपर-4 राउंड में दोनों टीमें फिर से भिड़ेंगी। एसीसी और इसके प्रसारकों के बीच हुए करार के तहत, भारत और पाकिस्तान को एक ही ग्रुप में शामिल किया गया है, ताकि सुपर सिक्स चरण में भी उन्हें एक-दूसरे के खिलाफ खेलने का मौका मिले। अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो तीसरा मुकाबला भी संभव है टूर्नामेंट के आयोजन स्थल का फैसला 24 जुलाई को हुई एसीसी की बैठक में लिया गया, जिसमें सभी 25 सदस्य देश शामिल थे। हालांकि मेजबानी भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) के पास है, लेकिन टूर्नामेंट यूएई में होगा। भारत और पाकिस्तान ने आपसी तनाव के कारण 2027 तक केवल तटस्थ स्थानों पर खेलने का समझौता किया है।

आगामी भारत-श्रीलंका टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए, 2025 एशिया कप टी20 प्रारूप में खेला जाएगा।

# डॉ. मांडविया ने कारगिल नायकों के सम्मान में 'संडे ऑन साइकिल' का किया नेतृत्व



**नई दिल्ली, 27 जुलाई (हि.स.) :** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में फिटनेस और देशभक्ति की भावना का जश्न मनाते हुए 'संडे ऑन साइकिल' अभियान का नेतृत्व किया।

इस कार्यक्रम में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ), राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), नेहरू युवा केंद्र संगठन (एनवाईकेएस), गुजरात विद्यापीठ के कर्मियों, स्थानीय साइकिलिंग समूहों और फिटनेस प्रेमियों सहित 800 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। 'संडे ऑन साइकिल' पहल एक साथ 6,000 से अधिक स्थानों पर आयोजित करके लोगों को कारगिल युद्ध के नायकों को सलाम करने तथा एक स्वस्थ, फिट भारत को बढ़ावा देने के दोहरे मिशन में एकजुट किया गया। केंद्र मंत्री डॉ. मांडविया ने कहा कि हर साल 26 जुलाई को हम कारगिल विजय दिवस पर अपने सैनिकों की बहादुरी का सम्मान करते हैं।

इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए आज हमने गर्व के साथ अपने सशस्त्र बलों के साथ 'संडे ऑन साइकिल' अभियान में हाथ मिलाया है। मुझे अपने वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए हमारे सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानों के साथ साइकिल चलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि एक विकसित भारत का विजन स्वस्थ भारत से शुरू होता है। जब लोग शारीरिक रूप से फिट होते हैं, तो उनका मानसिक और भावनात्मक लचीलापन भी बढ़ता है और ऐसे व्यक्तियों से बना राष्ट्र अजेय बन जाता है। फिटनेस केवल शरीर के बारे में नहीं है, यह जीवन जीने का एक तरीका है जो अनुशासन, ध्यान और उद्देश्य को बढ़ावा देता है। मैं प्रत्येक नागरिक से आग्रह करता हूं कि वह प्रतिदिन कम से कम एक घंटा साइकिल चलाने या शारीरिक गतिविधि के लिए समर्पित करें। जब हम एक साथ चलते हैं, तो हम एक साथ बढ़ते हैं। एक फिट भारत एक एकजुट भारत है और साथ मिलकर हम एक मजबूत, स्वस्थ, अधिक आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करेंगे।

इधर, दिल्ली में यह कार्यक्रम कनॉट प्लेस में आयोजित किया गया। यहां संडे ऑन साइकिल कार्यक्रम में 1,000 से ज्यादा लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में शामिल कारगिल युद्ध के पूर्व सैनिक कर्नल बख्शी ने कहा कि इस पहल ने हर उम्र के लोगों को एक साथ लाया है। लगभग 70 साल की उम्र में मुझे इतनी प्रेरणादायक चीज का हिस्सा बनकर गर्व महसूस हो रहा है।

# फुटबॉल क्लब आर्सेनल ने स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस के साथ करार किया



**नई दिल्ली, 27 जुलाई (हि.स.):** फुटबॉल क्लब आर्सेनल ने स्वीडन के 27 वर्षीय खिलाड़ी विक्टर ग्योकेरेस के साथ दीर्घकालिक करार किया है। स्पोर्टिंग के साथ अपने दो सीजन के दौरान विक्टर ने टीम को लगातार प्राइमेरा लीगा खिताब और एक राष्ट्रीय कप जीतने में मदद की। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी शानदार प्रदर्शन किया है। स्वीडन के लिए अपने पिछले 17 मैचों में 12 गोल दागे हैं। क्लब के खेल निदेशक एंड्रिया बर्टा ने कहा कि विक्टर ग्योकेरेस को क्लब में लाने के लिए हमने जो शानदार डील पूरी की है। विक्टर एक असाधारण प्रतिभा हैं और उन्होंने लगातार यह साबित किया है कि उनमें एक शीर्ष-स्तरीय सेंटर-फॉरवर्ड के लिए आवश्यक गुण और जीतने की मानसिकता है। उनकी फिटनेस, बुद्धिमत्ता और कार्यशैली उन्हें हमारे दृष्टिकोण के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है। हमें पूरा विश्वास है कि विक्टर मैदान पर गहरा प्रभाव डालेंगे और हमारे ड्रेसिंग रूम में एक अहम किरदार बनेंगे। विक्टर, आपका स्वागत है। क्लब के मैनेजर मिकेल आर्टेटा ने विक्टर ग्योकेरेस का क्लब में स्वागत करते हुए कहा कि उन्होंने अपने प्रदर्शन और उपलब्धता में जो निरंतरता दिखाई है, वह लाजवाब है और उनके गोल खुद ही सब कुछ बयां करते हैं। हम विक्टर के हमारे दल में आने से उत्साहित हैं और उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। हम विक्टर और उनके परिवार का आर्सेनल में स्वागत करते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को चौथे टी20 में तीन विकेट से हराया





**बसेटेरे (सेंट किट्स और नेविस),27 जुलाई (हि.स.):** ऑस्ट्रेलियाई टीम की वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार जीत का सिलसिला जारी है। मेहमान टीम ने वेस्टइंडीज को चौथे टी20 मैच में तीन विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टी20 सीरीज में 4-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

सेंट किट्स और नेविस के बसेटेरे में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 205 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम ने इस लक्ष्य को 19.2 ओवर में सात विकेट खोकर 206 रन बनाते हुए हासिल कर लिया है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया को पहले ही ओवर में कप्तान मिचेल मार्श के रूप में बड़ा झटका लगा। मार्श खाता भी नहीं खोल पाए। हालांकि, इसके बाद जोश इंग्लिस और ग्लेन मैक्सवेल ने पारी को ताबड़तोड़ अंदाज में आगे बढ़ाया। मैक्सवेल ने 18 गेंदों में 6 छक्के और एक चौके की मदद से ताबड़तोड़ 47 रन बनाए और इंग्लिस ने 30 गेंदों में 10 चौकों और एक छक्के की मदद से 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। इन दोनों का विकेट गिरने के बाद कैमरून ग्रीन ने मोर्चा संभाला और 35 गेंदों में 3 चौके और इतने ही छक्कों की मदद से नाबाद 55 रन की पारी खेलते हुए टीम को जीत दिला दी। इन बल्लेबाजों के अलावा आरोन हार्डी ने 16 गेंदों पर 23 की उपयोगी पारी खेली। वेस्टइंडीज की ओर से जेडियाह ब्लेड्स ने तीन विकेट लिए, जबकि जेसन होल्डर, रोमारियो शेफर्ड और अकील होसेन ने एक-एक विकेट लिया।

इससे पहले वेस्टइंडीज ने नौ विकेट के नुकसान पर 205 रन का स्कोर बनाया। टीम के बल्लेबाजों ने शुरूआत तो तेजी से की, लेकिन लगातार अंतराल पर विकेट भी गंवाते रहे। इससे टीम के 67 रन के स्कोर तक चार विकेट गिर गए। ब्रैंडन किंग 18 रन, कप्तान शाई होप 10 रन, शेरफेन रदरफोर्ड 31 रन और रोस्टन चेज बिना खाता खोले आउट हुए। बाद में रोवमैन पॉवेल ने शिमरोन हेटमायर के साथ 43 रन की साझेदारी कर टीम को संभाला। हेटमायर 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि पॉवेल 28 रन की पारी खेलकर आउट हुए। इनके अलावा रोमारियो शेफर्ड ने 28 रन, जेसन होल्डर ने 26 रन, मैथ्यू फोर्ड ने 15 रन और अकील होसेन ने 16 रन जोड़े।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से एडम जम्पा ने तीन विकेट लिए, जबकि आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट और सीन एबॉट ने 2-2 विकेट लिए।

वेस्टइंडीज दौरे पर पहुंची ऑस्ट्रेलियाई टीम अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है। दौरे की शुरूआत टेस्ट सीरीज से हुई थी, जिसे मेहमान टीम ने 3-0 से अपने नाम किया। अब पांच मैचों की टी20 सीरीज में भी ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 की अजेय बढ़त बना ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### जीआरपी पुलिस ने फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**बरहरवा (साहेबगंज):** बरहरवा राजकीय रेल थाना पुलिस ने बीते दिन थाना कांड संख्या 12/25 का मुख्य फरार अभियुक्त विप्लव घोष उर्फ विपदा पिता विश्वनाथ घोष उर्फ विशु घोष, ग्राम काशीनगर, पोस्ट बनियाग्राम, थाना फरक्का जिला मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) के घर पर इश्तेहार चिपकाया है । इस बाबत रेल थाना प्रभारी रामाशंकर प्रसाद ने बताया कि बरहरवा रेल थाना में जाली नोट मामले में कांड संख्या 12/25, 14/4/25 के प्राथमिकी अभियुक्त विप्लव घोष उर्फ विपदा के उपर बीएनएस की धारा 179, 180, 318(4), 338, 3(5), 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। उक्त अभियुक्त काफी दिनों से फरार चल रहा है। अतः अति शीघ्र न्यायालय में हाजिर होने को लेकर इश्तेहार चिपकाया गया है, वावजूद उपस्थित नहीं होते हैं, तो न्यायालय के निर्देश पर अग्रेतर कार्रवाई किए जाएंगे। मौके पर एसआई बुद्धेश्वर उरांव, एसआई कृष्ण चन्द्र गगराई, आरक्षी राजेश चौहान मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### विभागीय अधिकारियों को दिया गया जीएसटी टीडीएस नियमों का प्रशिक्षण

**साहिबगंज :** सिदो-कान्हू सभागार में वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत टीडीएस विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन उप विकास आयुक्त  सतीष चंद्रा की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के विभागीय अधिकारियों को जीएसटी टीडीएस प्रावधानों की गहन जानकारी प्रदान करना तथा राजकोषीय अनुशासन एवं पारदर्शिता को और सशक्त बनाना था। कार्यशाला में राज्य कर पदाधिकारी अमीन अंसारी द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया।

### नवनियुक्त चौकीदारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

**साहिबगंज :** साहिबगंज जिला प्रशासन के द्वारा रविवार को सिदो-कान्हू सभागार में नवनियुक्त चौकीदारों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन उप विकास आयुक्त सतीष चंद्रा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले के नवनियुक्त चौकीदारों को उनके कर्तव्यों, अधिकारों, प्रशासनिक संरचना में भूमिका, और विधि व्यवस्था से जुड़े दायित्वों की व्यापक जानकारी प्रदान करना था। यह कार्यक्रम चौकीदारों को पारंपरिक भूमिका से आगे बढ़ाकर एक मल्टीटास्किंग, तकनीकी रूप से दक्ष सहयोगी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। अब चौकीदार चौकीदारी नहीं करेगा, बल्कि कंप्यूटर संचालन, सूचना संग्रहण, रिपोर्टिंग और प्रशासनिक आदेशों के अनुपालन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# उपायुक्त ने कस्तूरबा विद्यालय, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय कॉलेज का किया निरीक्षण

देशप्राण संवाददाता



**गोड्डा, 27 जुलाई :** जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे निरीक्षण अभियान के तहत आज उपायुक्त अंजली यादव  द्वारा पथरगामा  प्रखंड अंतर्गत कस्तुरबा गांधी बालिका विद्यालय, बालिका उच्च विद्यालय पथरगामा, चिहारी मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंन्द्र पथरगामा, प्रखंड एवं अंचल कार्यालय, होम्योपैथिक कॉलेज परसपानी सहित अन्य विभागों का का निरीक्षण किया। निरीक्षण के  दौरान उपायुक्त के द्वारा कस्तूरबा गांधी  बालिका विद्यालय पथरगामा में संचालित कक्षा के अलावा विद्यालय में तैयार हुए भोजन की गुणवत्ता की जांच की गई और विद्यालय में स्टाफ क्वार्टर भवन निर्माण को लेकर के प्रस्ताव भवन निर्माण विभाग को देने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त के द्वारा अलग-अलग कक्षाओं में अध्यनरत छात्राओं से  प्रश्न पूछ कर उनके योग्यता की जांच की गई और स्कूल से मिलने वाली सुविधाएं एवं पठन-पाठन सामग्री की जानकारी ली गई ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके।इसी क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के अतर्गत वाटर ट्रिटमेट प्लांट के निरीक्षण कर राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय  का निरीक्षण किया।इस दौरान उपायुक्त ने किचेन का जायजा लेते हुए बालकों के लिए बने भोजन की जांच कर बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने मौके पर विद्यालय के छात्राओं से सीधा संवाद कर उनसे राज्य पर आधारित समान्य अध्ययन एवं साइंस के सोलर एनर्जी से संबंधित प्रश्न पूछकर उनके योग्यता की जांच की। निरीक्षण के दौरान स्कूल की चारदीवारी एवं स्कूल में अवस्थित तीन आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन को लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य के द्वारा उपायुक्त को अवगत कराया गया। इसी क्रम में उपायुक्त ने पथरगामा प्रखंड में स्थित चिहारी पहाड़  में बनाए गए विवाह भवन का निरीक्षण कर उपस्थित विवाह भवन संचालक को प्रचार प्रसार के माध्यम से विवाह भवन में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करते हुए राजस्व में वृद्धि करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में उपायुक्त ने पथरगामा स्थित चिहारी मंदिर और स्वास्थ्य केंद्र पथरगामा  का निरीक्षण कर ओपीडी, प्रसव कक्ष, जननी सुरक्षा का लाभ, डॉक्टर कक्ष, जांच घर, स्वास्थ्य उपकरणों की स्थिति, दवा की उपलब्धता, दवा आदि की जांच की और ब्लड टेस्ट मशीन  का उद्घाटन किया। जांच के क्रम में निमार्णाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को त्वरित गति से पूर्ण करने हेतु संबंधित एजेंसियों को आवश्यक निर्देश दिए गए ताकि ससमय कार्य पूर्ण किया जा सके। इसी दौरान उन्होंने पथरगामा एवं अंचल कार्यालय का निरीक्षण कर आवंटन पंजी एवं खर्च ब्योरा, 15वें वित्त आयोग, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली।उन्होंने जेएसएलपीएस के द्वारा संचालित आटा एवं सरसों मिल के निरीक्षण के क्रम में संजीवनी आजीविका संसाधन केंद्र परसपानी  के  सखी दीदियों के साथ बैठक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने हेतु विभिन्न रोजगार के क्षेत्र में जोड़ने के लिए प्रेरित किया और आटा एवं  सरसों तेल मिल से आय-व्यय स्त्रोत की जानकारी ली।

## खबर कोना

### पोड़ैयाहाट कांग्रेस विधायक प्रतिनिधि ने भटौंधा रेलवे स्टेशन के शिलान्यास पर जताया विरोध

**गोड्डा :** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव केविधायक प्रतिनिधि विकास सिंह सह युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा आज भटोंधा में रेलवे हाल्ट का शिलान्यास सांसद निशिकांत दूबे के कार्यक्रम में स्थानीय विधायक पोड़ैयाहाट प्रदीप यादव और भटोंधा पंचायत के मुखिया सहित अन्य स्थानीय प्रतिनिधियों को आमंत्रित नहीं करने पर ऐतराज जताया है। इस संबंध में एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि स्थानीय लोगों ने इस कार्यक्रम का बहिष्कार करते हुए अपना विरोध प्रदर्शन किया और कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हुए। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम एकदम विफल रहा और स्थानीय प्रतिनिधियों का अपमान किया गया। उन्होंने रेल के वरीय अधिकारी और रेल मंत्री से पुनः शिलान्यास या भूमि पूजन कार्यक्रम कराए जाने की मांग की जिसमें स्थानीय प्रतिनिधियों का सम्मान और मान रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रतिनिधियों की भागीदारी के बिना यह कार्यक्रम अधूरा है और इसका कोई महत्व नहीं है। विज्ञप्ति में विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि वह इस मुद्दे को लेकर रेलवे मंत्री और अन्य अधिकारियों से मिलेंगे और स्थानीय प्रतिनिधियों के सम्मान और अधिकारों की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम स्थानीय लोगों के लिए महत्वपूर्ण है और इसका आयोजन सही तरीके से किया जाना चाहिए।

### साथी संस्था ने मानव दुव्यापार रोकने के लिए चलाया गया अभियान

**गोड्डा :** जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन और सामाजिक संस्था साथी के संयुक्त तत्वावधान में  विभिन्न विभागों के साथ मिलकर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं सामुदायिक स्थान आदि जगहों पर मानव तस्करी विरोधी अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्थानों पर साथी के टीम द्वारा पोस्टर लगाकर लोगो से मानव दुव्यार्पार रोकने के लिए समाज को जागरूक करने की अपील की गई।  इसी क्रम में गोड्डा रेलवे स्टेशन पर दूर तक जाने वाली  रेलगाड़ियों में  यात्रियों को जागरूक करते हुए किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ ज्यादा घुल मिलकर बात नहीं करने, अनजान वस्तुओं को नहीं छुने, अनजान व्यक्ति द्वारा कोई खाद्य पदार्थ नहीं  खाने और अपने बच्चों पर निगरानी रखने आदि के बारे में जागरूक किया गया। साथी के कालेश्वर मण्डल ने कहा यह अभियान  विगत 16 जुलाई शुरू होकर 30 जुलाई तक चलेगा ।कहा कि जिला को मानव दुव्यार्पार  मुक्त जिला बनाने के लिए निरंतर अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा यदि कोई बच्चा पीड़ित है वह ऐसे महसूस कर रहा है या कोई व्यक्ति संदिग्ध दिखाई पड़ता है तुरंत सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क करें आपका यह प्रयास किसी व्यक्ति या किसी बच्चे का जीवन बचा सकता है। अभियान को सफल बनाने में आर पी एफ टीम के साथ रौशन कुमार, नारायण साह नरेश ठाकुर आदि मौजूद थे ।

### हरियाली तीज पर समिति ने पौधा भेंट कर दिया हरियाली का संदेश

**बरहरवा (साहिबगंज) :** श्रावण मास के पवित्र महीने के रविवार को हरियाली तीज का उत्सव व्याहुत महिला समिति बरहरवा के द्वारा बहुत ही उत्साह एवं धूमधाम से गोविंद जी कंपलेक्स में मनाया गया। जिसमें पूरे बरहरवा की व्याहुत समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत तापसी भगत, रजनी भगत और भारती भगत के द्वारा टीका लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष बबीता मोहन, सचिव विजय लक्ष्मी, संरक्षक शिखा भगत, कोषाध्यक्ष अंजू भगत के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में समिति की महिलाओं और अतिथियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिये, इस दौरान भजन, कविता, नृत्य संगीत सभी का बहुत ही मनमोहक वातावरण प्रस्तुत किया गया। वही समिति के द्वारा रैंप वॉक का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिभागी शामिल हुए, वहीं विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# आस्था का केंद्र है बाबा घाघेश्वर मंदिर

**पाकुड़ :** पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड मुख्यालय में स्थित बाबा घाघेश्वरनाथ की महिमा आपार है। घाघेश्वरनाथ का एक ओर नाम बुढानाथ भी है। कहा जाता है की सन 1924 में अंग्रेज के शासन काल में इस मन्दिर का निर्माण हुआ था। अंग्रेज के शासन काल में जब बासलोई नदी में पुल का निर्माण किया जा रहा था। उसी समय अंग्रेज के गवर्नर को भगवान शिव ने सपने आकर कहा की पुल निर्माण से पहले मेरा मंदिर नदी के किनारे निर्माण करो। गवर्नर दुसरे दिन सुबह नदी किनारे पहुंच कर मंदिर निर्माण का कार्य प्रारम्भ किया। मंदिर का निर्माण कर सर्व प्रथम पुरोहित तुलसी तिवारी के द्वारा पूजा अर्चना शरू हुआ। पुरोहित तुलसी तिवारी के गुजर जाने के बाद शिवनारायण पांडे के द्वारा भगवान  शिव का पूजा अर्चना किया जाने लगा। सन 1965 में इस मंदिर प्रांगण में एक महायज्ञ हुआ था। इस यज्ञ में दूर दराज से साधू संत आये, उसमे एक यमुना झा नामक पुरोहित आया था। इस मंदिर का देख भाल, साफ सफाई एवं मन्दिर में पूजा अर्चना यमुना झा के द्वारा किया जाने लगा। यमुना झा के गुजर जाने के बाद वर्तमान में मंदिर का देख भाल एवं पूजा अर्चना उनके पुत्र शम्भुनाथ झा के द्वारा किया जा रहा है। भगवान शिव का मंदिर को सजधज कर तैयार हो गया है। महाशिव रात्रि के रात में भक्तिमय माहौल बन जाता है। रात भर भगवान की भक्ति में डूब जाता है। इस मंदिर में प्रखंड मुख्यालय सहित दूर दराज के लोग पूजा अर्चना करते है।

बाबा बुढानाथ को जो कोई भी सच्चे मन से पूजा करता है उसका मनोकामना पूर्ण करते है बाबा घाघेश्वर खास कर सावन के सोमवारी का विशेष महत्व है।

# भाजपा सांसद ने भटोंधा रेलवे स्टेशन का किया शिलान्यास

✦ विकास कार्य में बाधक नहीं बने सहयोग करें

देशप्राण संवाददाता




**गोड्डा, 27 जुलाई :** भाजपा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने  आज प्रखंड स्थित भटोंधा रेलवे स्टेशन का शिलान्यास किया। इस मौके पर मालदा डिवीजन के डीआरएम, एसडीएम बैद्यनाथ उरांव के अलावा रेलवे के कई पदाधिकारी एवं सैकडों समर्थक  मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री दुबे ने कहा कि गोड्डा जिले के ललमटिया से फरक्का और कहलगांव की एनटीपीसी के लिए रेल के द्वारा कोयले का परिवहन किया जाता था बावजूद किसी भी जनप्रतिनिधि को यहां के लोगों के लिए रेल सुविधा करने की बात नहीं उठाई गई। यहां तक की किसी के द्वारा डिमांड तक नहीं की गई लेकिन आज जब गोड्डा जैसे उपेक्षित जगह में विकास की पुल बांधने पर कुछ लोगों द्वारा अड़ंगा खड़ा किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि गोड्डा में रेल चुनाव का मुद्दा नहीं था लेकिन उनके अथक प्रयास के बावजूद गोड्डा जैसे पिछड़े जगह में आज 15 रेल का परिचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में गोड्डा में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। गोड्डा में आज पावर प्लांट, पॉलिटेक्निक कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज जैसे कई अन्य संस्थान कार्यरत है वही कोल इंडिया से 350 बेड का अस्पताल एवं सीमेंट फैक्ट्री लगने वाला है। कहा कि गोड्डा जिले में फोरलेन की सड़क चमचमा रही है जो भाजपा की देन है। सांसद श्री दुबे ने कहा कि मैं आज तक किसी प्रतिनिधि के काम में हस्तक्षेप नहीं किया इसलिए वह विकास में बाधक नहीं बने और विकास में सहयोग करें।

# गोड्डा में लोक अदालत में 39 मामले का किया गया निष्पादन

देशप्राण संवाददाता



**गोड्डा 27 जुलाई :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न सुलहनीय मामले से संबंधित 39 मामले का निष्पादन कर 4,74,000 रुपए का समझौता किया गया। निष्पादित मामले में क्रिमिनल कंपाउंडेबल के 11 मामले, बिजली विवाद से संबंधित एक मामले का निष्पादन कर 4,44000 रुपए का समझौता कराया गया। एनआई एक्ट के तहत एक मामले का निपटारा कर 30,000 रुपए का समझौता कराया गया जबकि एफएफ से संबंधित 26 मामले का निपटारा हुआ। मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर छह न्यायिक बेंच का गठन किया गया था। पहले न्यायिक बेंच परिवार न्यायालय के प्रधान जज कक्ष में आयोजित की गई थी जिसमें परिवार वाद, मेट्रीमोनियल वाद एवं 125 सीआरपीसी के वादों सुनवाई हुई। इस बेंच पर परिवार न्यायालय के प्रधान जज अनिल कुमार पांडेय एवं चीफ एलएडीसी संजय कुमार सहाय मामले की सुनवाई कर रहे थे। दूसरे न्यायिक बेंच पर एमएसीटी, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, रेवेन्यु मैटर्स, लेबर डिस्प्यूट एवं अन्य ट्रिव्यूनल के मामले की सुनवाई हुई। इसकी सुनवाई प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुमार पवन एवं डिप्टी एलएडीसी अजीत कुमार ने किया। तीसरे न्यायिक बेंच पर बिजली से संबंधित मामले की सुनवाई हुई। इसकी सुनवाई द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निरुपम कुमार एवं सहायक एलएडीसी राहुल कुमार कर रहे थे। चौथे न्यायिक बेंच पर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट के मामले, सबजज पंचम प्रवीण कुमार उरांव एवं एसडीजेएम कोर्ट के मामले की सुनवाई की गई।

### मुस्लिमों पर हो रहे हमला को लेकर सीएम मौन

**हिरणपुर(पाकुड़):** कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मनोबर आलम ने रविवार को कहा कि राज्य में लगातार मुस्लिम युवाओं को मोबलिंचिंग के जरिए तो कभी पुलिसिया कस्टडी में मौत से मुस्लिम समाज आहत है। अब लगने लगा है की सूबे की हेमन्त सोरेन सरकार सिर्फ मुस्लिमों से वोट लेकर उसे छलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सूबे में लगातार मोब्लिंचिंग की घटनाएं हो रही है व मुस्लिम लोग इसका शिकार हो रहा है। रामगढ़ में लगातार घटना हुई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का ट्वीट आग में घी डालने का काम किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के ऊपर हत्या के लिए उकसाने का मुकदमा सरकार अविलम्ब दायर करे। अल्पांख्यको की रक्षा की कसम खाकर इंडिया गठबंधन ने जनता से वोट लिया है, लेकिन आज मंत्री इरफान अंसारी को छोड़कर कोई मंत्री नेता कुछ नही बोल रहा है।

# शिक्षक प्रशिक्षण को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

देशप्राण संवाददाता

**पाकुड़ :** डीपीएस पाकुड़ के सभागार में शिक्षिकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप पारंगत करने के उदेश्य से कॉनफ्रेंडेरेशन ऑफ झारखण्ड सहोदया (सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स गोड्डा, पाकुड़, एंड साहेबगंज) के तत्वाधान में सीबीएसई के निर्देशानुसार एक दिवसीय कार्यशाला  का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय सीबीएसई द्वारा निर्देशित विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (एसटीईएम - डीएलडी) का जिला स्तर पर क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श था। इसके अंतर्गत पाकुड़ के विभिन्न विद्यालयों (डीएवी, पाकुड़, जवाहर नवोदय विद्यालयमहेशपुर एवं हिरणपुर, संत डॉन बॉस्को, एलीट पब्लिक स्कूल,पाकुड़) से आए शिक्षकों ने प्रशिक्षक बनकर सहयोगात्मक लर्निंग के आलोक में विभिन्न विषयों (गणित, कंप्यूटर, हिंदी इंग्लिश, गणित, विज्ञान, साइबर सेफ्टी इत्यादि) से सम्बंधित अपने अपने अनुभव को विभिन्न गतिविधियों  द्वारा साझा कर अपने अपने विषयों को रुचिकर बनाने, एक्सपेरिएंशल लर्निंग को बढ़ावा देने हेतु विचार प्रेषित किए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीपीएस, पाकुड़ के निदेशक अरुणेंद्र कुमार, वेन्यू डायरेक्टर, झारखण्ड सहोदया कॉनफेडरेशन के पाकुड़ जिला के ट्रेनिंग समन्वयक एवं डीपीएस के प्रधानाचार्य जे के शर्मा, को - ऑर्डिनेटर एवम रिसोर्स पर्सन सौरिस दत्ता, डीपीएस के स्कूल प्रशिक्षण नोडल समन्वयक (एसटीएनसी) दिनाबंधु सेन, डीपीएस के साथ साथ पाकुड़ के उपरोक्त वर्णित विद्यालय के प्रशिक्षक और शिक्षक मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड सहोदया के चेयरमैन प्रणेश सोलेमन ने भी ऑनलाइन कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये भाग लिया और सभी प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीपीएस के निदेशक अरुणेंद्र कुमार ने सभी शिक्षाविदों का शिक्षा के क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान के लिए सराहना करते हुए, शिक्षक प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज ए आई के जमाने में सभी शिक्षकों को पारम्परिक शिक्षण पद्दित के साथ साथ  नई शिक्षा पद्दित की गुणवत्ता में सुधार और प्रभावी शिक्षण के लिए प्रशिक्षण आवश्यक है। इससे शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण विधियों, कौशल और ज्ञान प्राप्त होता है, जिससे वे छात्रों को बेहतर ढंग से सिखाने में सक्षम होते हैं।

# पुलिस ने 726 ग्राम गांजा के साथ किया गिरफ्तार, भेजे गये जेल

देशप्राण संवाददाता



**पाकुड, 27 जुलाई :** पुलिस ने अवैध गांजा कारोबारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नगर थाना पुलिस ने छापेमारी के दौरान दुलाल रविदास के पास से 726 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। इस कांड का उद्भेदन करने को लेकर एसपी ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कोंफ्रेंस का खुलासा किया। एसपी निधि द्विवेदी ने बताया की गुप्त सूचना मिली थी की नगर थाना क्षेत्र के प्यादापुर बेलडांगा में चल रहे अवैध गांजा खरीद बिक्री का खेल की जा रही है। इस पर संज्ञान लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी समीर एल्फ्रेड मुर्मू के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। दल में नगर थाना प्रभारी पु.नि. प्रयाग दास सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। पुलिस टीम ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर गांजा, नकदी, इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन समेत कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की है। वहीं एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया है।

टीम ने विशेष अभियान चलाकर दुलाल रविदास, पिता- गांगों रविदास, निवासी- बेलडांगा प्यादापुर के घर पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान मौके से 726 ग्राम गांजा, एक बड़ा इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, एक छोटा इलेक्ट्रॉनिक वेट मशीन, गांजा पैकिंग में उपयोग होने वाला 250 ग्राम प्लास्टिक पैकेट एवं नकद राशि 2,920 अन्य सामग्री बरामद की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने पाकुड़ नगर थाना कांड संख्या-203/25 के तहत धारा 20 ठउद्धर एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। आगे की पूछताछ और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# बाढ़ से नुकसान हुए फसलों का होगा आकलन, दुरुस्त होंगे गुमानी के तटबंध : उपायुक्त

देशप्राण संवाददाता



**बरहरवा (साहिबगंज), 27 जुलाई :** पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बरहरवा प्रखंड में बीते दिन गुमानी नदी में आयी ऊफान के उपरांत क्षेत्र में आयी बाढ़ के कारण किसानों की हुई क्षतिपूर्ति को लेकर शनिवार को पाकुड़ विधायक निसात आलम के निर्देश पर साहिबगंज उपायुक्त हेमंत सती ने विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का जायजा लिया है। इस दौरान उपायुक्त हेमंत सती, विधायक प्रतिनिधि बरकत खान, बीडीओ सनी कुमार दास, सीओ रामजी वर्मा, बीस सुत्रीय अध्यक्ष अशोक कुमार दास, सहित अन्य ने प्रखंड के नक्सीमल, चांदघाट, बिनोदपुर समेत कई गांवों का जायजा लिया और वहां के हालात की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिये है।दौरे के दौरान उपायुक्त ने स्थानीय ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित के लिए तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए गए। प्रशासन की ओर से बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन करने हेतु एक विशेष टीम का गठन किया गया है, जिससे प्रभावित परिवारों को समय पर उचित मुआवजा मिल सके। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन इस आपदा की घड़ी में आमजन के साथ खड़े हैं और हरसंभव सहायता दी जाएगी। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू, जिला सोशल मीडिया चेयरमैन नेहाल अख्तर सहित कई स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**बैठक कर किया योजना की समीक्षा, अस्पताल में किया वृक्षारोपण**

बरहरवा प्रखंड सभागार में आयोजित समीक्षात्मक बैठक में अबुआ आवास योजना के लक्ष्यों को 15 नवम्बर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। 15वें वित्त आयोग की योजनाओं की समीक्षा की गई।

सीएम ने मेट्रो ट्रेन के कार्य का किया निरीक्षण, सुभाष नगर से एम्स एवं वापसी में आरकेएमपी स्टेशन तक लिया टेस्ट रन

# भोपाल वासियों को बहुत जल्द मिलेगी मेट्रो ट्रेन की सौगात : डॉ. मोहन यादव

**भोपाल, 27 जुलाई (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को कहा कि हमारी सरकार भोपाल वासियों को बहुत जल्द (अक्टूबर 2025 तक) मेट्रो ट्रेन की अनुपम सौगात दे देने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इंदौर में यात्री मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। जनता से इसे बहुत अच्छा रिस्पांस मिला है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज भोपाल मेट्रो ट्रेन के कार्यों का बारीकी से मुआयना करने के बाद मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो ट्रेन का काम भी तेजी से जारी है। कुछ काम शेष रह गया है, जो डेढ़ से दो महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो का



टेस्ट रन चल रहा है। रिसर्च डिजाइन स्टैंडर्ड ऑगेनाईजेशन (आरडीएसओ) द्वारा भोपाल मेट्रो निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) निरीक्षण के लिए आएंगे। कमिश्नर रेल सेफ्टी से अनुमति मिलते ही भोपाल मेट्रो ट्रेन का प्रायोरिटी कॉरीडोर आमजन के लिए खोल दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इससे पहले भोपाल मेट्रो ट्रेन की सवारी कर इसकी ट्रायल यात्रा (टेस्ट रन) लिया। उन्होंने तीन डिब्बों वाली मेट्रो ट्रेन में सुभाष नगर स्टेशन से एम्स तक और वापसी में एम्स से आरकेएमपी स्टेशन तक टेस्ट रन लेकर इसमें मौजूद सुविधाओं और खूबियों को जाना। उनके साथ पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर, नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, समाजसेवी रविन्द्र यति, राहुल कोठारी, सहित एमपी मेट्रो ट्रेन कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारी मौजूद थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार नागरिक सुविधाएं बढ़ाने के लिए तेजी से अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने इंदौर और भोपाल शहर को मेट्रो ट्रेन की सौगात दी है। उनके मार्गदर्शन में हमारी सरकार भोपाल मेट्रो ट्रेन का शीघ्र लोकार्पण करने की तैयारी कर रही है। उन्होंने मेट्रो ट्रेन के सफर को आनंददायक बताते हुए कहा कि हम जल्द से जल्द भोपाल के हर नागरिक को इस आनंदमयी यात्रा का उपहार देना चाहते हैं।

मेट्रो की यात्रा से पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल मेट्रो रेल के प्रायोरिटी कॉरीडोर के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के समीप स्थापित मेट्रो ट्रेन के सेंट्रल कंट्रोल रूम (कमांड सेंटर) भी पहुंचे और वहां से मेट्रो ट्रेन संचालन के बारे में तकनीकी जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य सचिव संजय दुबे ने मुख्यमंत्री को मेट्रो ट्रेन के लिए अबतक के विकास घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी दी।

**अक्टूबर 2025 तक मेट्रो ट्रेन शुरू कर देना हमारा लक्ष्य :** मेट्रो ट्रेन की सवारी के उपरांत मुख्यमंत्री ने आरकेएमपी स्टेशन पर मीडिया को संबोधित कर भोपाल मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भोपाल मेट्रो मध्य प्रदेश की प्रगति का प्रतीक है। इस परियोजना को कुल 6941.40 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। सुभाष नगर स्टेशन से एम्स स्टेशन तक अनुमानित 2225 करोड़ रुपये की लागत से प्रायोरिटी कॉरिडोर बनाया जा रहा है। इसका कार्य अंतिम चरण में है। अक्टूबर 2025 तक इस प्रायोरिटी कॉरीडोर में मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू कर देना हमारा लक्ष्य है।

### पंजाब में हथियार व ड्रग मनी के साथ आईएसआई समर्थित पांच आतंकी पकड़े गए

**चंडीगढ़, (हि.स.) :** पंजाब पुलिस ने सीमावर्ती जिला अमृतसर में पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई से जुड़े हथियार तस्करी गिरोह का पदार्फाश करके पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह भारत में हथियार और ड्रग्स भेजने के काम में शामिल था। पुलिस ने इनके पास से हथियार, गोलियां और नकदी बरामद की है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि शुरूआती जांच में पता चला है कि इस तस्करी गिरोह का संपर्क पाकिस्तान में आईएसआई एजेंटों से था। इनके पास से एक एके सैगा राइफल, दो मैगजीन,चार मैगजीन समेत दो ग्लॉक पिस्तौल, राइफल के 90 जिंदा कारतूस, दस पिस्टल कारतूस, साढ़े सात लाख रुपये ड्रग मनी, एक कार और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला है कि पकड़ी गई खेप नव उर्फ नव पंडोरी को सौंपी जानी थी, जो कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का नजदीकी साथी माना जाता है। जांच में पता चला है कि यह नेटवर्क आतंकवाद और गैंगस्टर गिरोहों के गठजोड़ का हिस्सा है।

## सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस पर सैनिकों के साहस को राजनेताओं ने किया नमन

**नई दिल्ली, 27 जुलाई (हि.स.):** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) रविवार को अपना 87वां स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर देश के तमाम नेताओं ने सीआरपीएफ के जवानों के साहस, समर्पण और बलिदान को नमन करते हुए उन्हें बधाई और शुभकानमाएं दी।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी, आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन सहित कई नेताओं ने सीआरपीएफ के योगदान की सराहना की और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ के सभी जवानों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। जवानों का निस्वार्थ बलिदान देश की सुरक्षा की रीढ़ रहा



है। नक्सलवाद को समाप्त करने में उनकी अटूट वीरता प्रशंसनीय है। उन्होंने सीआरपीएफ के शहीदों को नमन करते हुए कहा कि उनकी वीरता की गाथा राष्ट्र को प्रेरित करती रहेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे ने कहा कि सीआरपीएफ के 87वें स्थापना दिवस पर हम सभी वीर जवानों को हार्दिक बधाई और गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। यह बल एक गौरवशाली, जीवंत और लचीली शक्ति के रूप में देश की सुरक्षा में अपरिहार्य भूमिका निभाता है। खरगे ने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि जवानों की अटल वीरता और समर्पण हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि सीआरपीएफ के सभी जवानों को स्थापना दिवस पर हार्दिक बधाई।

## रेव पार्टी पर पुलिस का छापा, एकनाथ खडसे के दामाद समेत छह गिरफ्तार

**मुंबई, 27 जुलाई (हि.स.):** महाराष्ट्र के पुणे जिले के खरडी इलाके में चल रही रेव पार्टी पर पुलिस ने रविवार को तड़के छापा मारकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार गुट (राकांपा-एसपी) के नेता एकनाथ खडसे के दामाद सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए लोगों में 2 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। पुणे पुलिस की क्राइम ब्रांच द्वारा की गई छापेमारी में मौके पर ड्रग्स, हुक्का और शराब जब्त की गई है। पुणे पुलिस गिरफ्तार किए गए लोगों की चिकित्सीय परीक्षण कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस के अनुसार पुणे खरडी इलाके में स्थित एक बिल्डिंग के बंद कमरे में शनिवार को देर रात से रेव पार्टी चल रही थी। इसकी सूचना मिलते ही पुणे क्राइम ब्रांच की पुलिस ने रविवार को तड़के बंद फ्लैट में छापा और वहां से राकांपा एसपी के नेता एकनाथ खडसे के दामाद प्रांजल खेवलकर सहित छह लोग रेव पार्टी में व्यस्त थे । पुलिस इन सभी को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है।

पुलिस ने बताया कि प्रांजल खेवलकर राकांपा एसपी नेता एकनाथ खडसे के दामाद हैं और प्रांजल खेवलकर राकांपा एसपी की प्रवक्ता रोहिणी खडसे के पति भी हैं। इसलिए इस मामले को लेकर राजनीतिक चर्चा गरमा गई है। राकांपा नेता एकनाथ खडसे ने कहा कि अब तक उनके पास इस संबंध कोई अधिकृत जानकारी नहीं है। अगर पुलिस की कार्रवाई सही तरीके से की गई होगी, तो वे इस कार्रवाई का समर्थन करेंगे।

महाराष्ट्र के मंत्री गिरीश महाजन ने कहा कि अगर इतने बड़े नेता का दामाद रेव पार्टी में पकड़ा जाता है, तो मामले की गहन छानबीन जरुरी है।

## खबर कोना

### असम : हेलेम पुलिस की जांच में कार से 67 लाख नकदी बरामद

**बिश्वनाथ (असम), (हि.स.) :** असम के बिश्वनाथ जिले के हेलेम थाना क्षेत्र में रविवार सुबह चलाए गए तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने 67 लाख 69 हजार 100 रुपये की बड़ी रकम बरामद की है। यह कार्रवाई हेलेम थाना प्रभारी अधिकारी पंकज चितला और उप निरीक्षक मोहिबुर रहमान के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार, सुबह लगभग 9:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-15 के बुरैघाट इलाके में वाहनों की जांच के दौरान पुलिस टीम ने इटानगर से गुवाहाटी को जा रही कार (एआर 01 के 8909) को रोका। तलाशी के दौरान कार में रखे एक बैग से कुल 67,69,100 नकद बरामद हुए। वाहन सवार दो व्यक्तियों से जब पुलिस ने नकदी की वैधता से जुड़े दस्तावेज मांगे, तो वे कोई भी उपयुक्त प्रमाण नहीं दें सके। इसके बाद वाहन समेत दोनों व्यक्तियों को थाने ले जाया गया। नकद ड्राइवर सीट पर बैठे कमल कुमार की थी, जो राजस्थान के चुरु जिले के निवासी और पेशे से व्यापारी बताए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि यह राशि 'पार्टी पेमेंट' के लिए थी, लेकिन इसका कोई दस्तावेज या वैध स्रोत नहीं दिखा पाए। कमल कुमार के साथ वाहन में बैठा बसुदेव पारिक को भी हिरासत में ले लिया गया। वह राजस्थान के चुरु जिले के गोगाचर क्षेत्र का निवासी हैं। दोनों व्यक्तियों से फिलहाल हेलेम थाने में पूछताछ चल रही है।

### थाईलैंड के महाराज की दीघार्यु के लिए कुशीनगर में हुआ विशेष अनुष्ठान

**कुशीनगर, (हि.स.) :** थाईलैंड के महाराजा वजिरालोंगकान फ्रा वजिराक्लाओचॉयहुआ के दीघार्यु व निरोग जीवन के लिए 203 थाई बौद्ध भिक्षुओं ने कुशीनगर में विशेष अनुष्ठान किया। 28 जुलाई को थाई महाराजा 73 वर्ष के हो जायेंगे। पुरातात्विक महत्व के महापरिनिर्वाण मंदिर व थाई वाट में हुई विशेष पूजा के दौरान बौद्ध भिक्षुओं ने थाई महाराजा के दीघार्यु के साथ साथ संपूर्ण मानवता की खुशहाली की प्रार्थना की। रविवार को दल बोधगया के लिए रवाना हो गया। प्रमुख धर्म गुरु भिक्षु फ्रा विदेसवचराजान की अगुवाई में बुद्ध की शयनमुद्रा वाली प्रतिमा पर चीवर अर्पित किया और बुद्ध के शवदाह स्थल मुक्तबंधन चैत्य व थाई वाट के उपोसथ हाल में विशेष पूजा की। बौद्ध भिक्षुओं के दल ने 18 जुलाई को बुद्ध के ज्ञान प्राप्ति स्थल बोधगया में विशेष पूजा की तत्पश्चात बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी (नेपाल) व प्रथम उपदेश स्थल सारनाथ में विशेष पूजा कर महाराजा की दीघार्यु की कामना की। अनुष्ठान के पश्चात दल रविवार को बोधगया के लिए रवाना हो गया। दल में 148 थाई बौद्ध भिक्षु व भिक्षुणी और 55 उपासक, उपासिकाएं व थाई स्टाफ दल शामिल है। 30 जुलाई को दल बोधगया से स्वदेश लौट जायेगा। विशेष पूजा में भंते अशोक, पर्यटक सूचना अधिकारी डा. प्राण रंजन, पी आर ओ अंबिकेश त्रिपाठी, थाई टूर कोऑर्डिनेटर जिंताना सिरिसोम माई, भारतीय टूर कोऑर्डिनेटर संतोष चौबे, सहायक अभिषेक गोंड आदि भी शामिल हुए।

### प्रधानमंत्री ने राजेंद्र चोल प्रथम की छवि वाला सिक्का किया जारी

**गंगईकोंडा चोलपुरम (अरियालुर), (हि.स.) :** तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम त्रिवली उत्सव में भाग लिया और राजेंद्र चोल की छवि वाला एक सिक्का जारी किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु में ऐतिहासिक चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम को श्रद्धांजलि देते हुए उनके सम्मान में एक विशेष स्मृति सिक्का जारी किया। यह सिक्का सम्राट के महान योगदान और भारत के गौरवशाली इतिहास को सम्मान देने के उद्देश्य से जारी किया गया है। इस विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री ने सम्राट राजेंद्र चोल के योगदान को याद करते कहा कि राजेंद्र चोल सिर्फ तमिलनाडु ही नहीं, बल्कि पूरे भारत के सामरिक और सांस्कृतिक इतिहास के महान शासक रहे हैं। दरअसल, केंद्रीय संस्कृति विभाग की ओर से अरियालुर जिले के गंगईकोंडा चोलपुरम बृहदेश्वर मंदिर परिसर में भव्य त्रिवली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसका नाम आदि तिरुपतिराय उत्सव, राजेंद्र चोल की जयंती, गंगईकोंडा चोलपुरम बृहदेश्वर मंदिर के निर्माण की 1000वीं वर्षगांठ और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों पर आक्रमण की 1000वीं वर्षगांठ है। कार्यक्रम दौरान इलैयाराजा द्वारा एक आध्यात्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सबसे पहले फिल्म 'नान कदवुल' का गीत 'ओम शिवोहम' बजाया गया,जिसका प्रधानमंत्री ने ताली बजाकर आनंद लिया। प्रधानमंत्री ने सम्राट राजेंद्र चोल की छवि वाला सिक्का जारी करने के बाद तमिल में वनकम चोलामंडलम कहकर अपने भाषण की शुरूआत की। प्रधानमंत्री ने तिरुवासका गीत ₹नमाचिवाया वजगा नाथन थिट वजगा₹ गाकर समारोह के संबोधन का शुभारम्भ किया।

केंद्रीय संचार राज्यमंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने की योजनाओं की समीक्षा

## छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे चार सौ नए बीएसएनएल टावर : डॉ. पेम्मासानी

**रायपुर, 27 जुलाई (हि.स.):** केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी ने रविवार को कहा कि छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चार सौ नए बीएसएनएल टावर लगेंगे। केंद्र सरकार इस योजना पर कार्य कर रही है।

केंद्रीय संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी ने यह जानकारी रायपुर में आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में दी । इसमें ग्रामीण विकास विभाग, डाक विभाग, दूरसंचार विभाग और भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि इन टावरों की स्थापना के लिए सुरक्षा बलों और वन विभाग से आवश्यक मंजूरी मिलने के बाद चरणबद्ध




कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया, बीएसएनएल आज देश में उच्च गुणवत्ता की 4जी सेवाएं दे रहा है और इस विस्तार के साथ हम देश के अंतिम गांव तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुँचाने के मिशन को साकार कर रहे हैं।

केंद्रीय संचार राज्य मंत्री कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को मिशन मोड में लागू किया जा रहा है। इन क्षेत्रों में सेवाएं घर-घर तक पहुँचाने की रणनीति अपनाई जा रही है। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जैसी योजनाओं के तेज और प्रभावशाली क्रियान्वयन पर संतोष जताया। उन्होंने कहा कि ये योजनाएं ग्रामीण आधारभूत संरचना और आवास क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन ला रही हैं।

## मधेश में जुटे कोइराला समर्थक, 15वें महाधिवेशन के लिए रणनीति तैयार

**आशुतोष झा, देशप्राण**

**काठमांडू :** शेर बहादुर देउबा के विरोध में मधेश प्रांत में नेपाली कांग्रेस के शेखर कोइराला समूह ने एकत्रित होकर महाधिवेशन में शेखर को चुनाव जिताने का नारा दिया है। एनसी के वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला के समर्थकों के जमावड़े ने महाधिवेशन की रणनीति बनाते हुए चुनावी नारा दिया है। मधेस प्रांत स्तरीय सभा शनिवार को महोत्तरी के बदीर्बास में आयोजित हुई।

बदीर्बास स्थित होटल रेड क्राउन में आयोजित यह सभा आगामी 15वें महाधिवेशन के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। इस सभा में प्रांत के सभी आठ जिलों के शेखर समर्थक नेताओं की उल्लेखनीय भागीदारी रही। यह सभा मधेस प्रांत सरकार के




पूर्व मंत्री राम सरोज यादव की अध्यक्षता और परसा से वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व संविधान सभा सदस्य राजेंद्र बहादुर अमात्य के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुई।

बैठक में शामिल नेताओं ने बताया कि बैठक में कांग्रेस की संगठनात्मक ताकत को मजबूत करने, महाधिवेशन में शेखर गुट की जीत सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक रणनीति बनाने, जिला-राज्य स्तरीय नेटवर्क का विस्तार करने, अनुशासन बनाने सहित अन्य मुद्दों पर गंभीर चर्चा हुई। सभा को संबोधित करते हुए, नेता राजेंद्र बहादुर अमात्य ने कहा कि पार्टी में मौजूदा संकट को दूर करने और मधेश में कांग्रेस को उसकी पूर्व स्थिति में वापस लाने के लिए शेखर कोइराला का नेतृत्व अनिवार्य है। उन्होंने कहा, शेखर कोइराला जैसे सिद्धांतवादी और दूरदर्शी नेता वर्तमान कांग्रेस नेतृत्व की जरूरत हैं, और यह सभा उस विचार को मूर्त रूप देने की शुरूआत है।

## सीएम ने श्री जानकी जन्मभूमि मंदिर की विकास योजना का लिया जायजा

**विशेष संवाददाता**

**पटना, 27 जुलाई :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी जिला अंतर्गत पुनौराधाम में स्थित श्री जानकी जन्मभूमि मंदिर परिक्षेत्र के लिए स्वीकृत समग्र विकास योजना का स्थल भ्रमण कर जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने माँ सीता उर्विजा कुंड (माँ जानकी की प्रकाट्य स्थली) का भी मुआयना कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जायजा के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मंदिर परिसर में पर्यटन विभाग द्वारा श्रद्धालुओं हेतु उपलब्ध करायी जानेवाली सुविधाओं, आगामी 8 अगस्त को होने वाले शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों एवं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के समग्र विकास की तर्ज पर पुनौरा धाम में स्थित श्री जानकी जन्मभूमि, पुनौरा धाम मंदिर परिक्षेत्र का समग्र विकास तथा निर्मित होने वाले भव्य मंदिर भवन के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। माँ जानकी मंदिर भवन की पुरानी संरचना को ज्यों का त्यों रखा जायेगा।

अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ जानकी मंदिर परिसर में होने वाले धार्मिक अनुष्ठान, श्रद्धालुओं एवं नागरिक सुविधाओं का विकास ठीक ढंग से हो सके, इसका विशेष रूप से ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि यहाँ राज्य सरकार द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, अयोध्या के समग्र विकास की तर्ज पर पुनौरा धाम में स्थित श्री जानकी जन्मभूमि, पुनौरा धाम मंदिर परिक्षेत्र का समग्र विकास किया जाएगा, इसके लिए हमलोगों ने मंत्रिपरिषद की बैठक में मंजूरी दे दी है। यहाँ भव्य मंदिर बनने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहाँ माँ जानकी की पूजा-अर्चना करने आएंगे। पर्यटकों के आगमन से रोजगार का भी सृजन होगा।

## 'मन की बात' में प्रधानमंत्री ने बताया कालिंजर के किला को भारत की संस्कृति, संस्कार व स्वाभिमान का प्रतीक

**लखनऊ, 27 जुलाई (हि.स.):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें एपिसोड में उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करते हुए बांदा जिले के कालिंजर किले का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह किला केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं है, बल्कि यह भारत की संस्कृति, संस्कार और स्वाभिमान का प्रतीक है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के किलों से संस्कार और स्वाभिमान झांकते हैं। बांदा का कालिंजर किला इसका जीवंत उदाहरण है, जिसने महमूद गजनवी के बार-बार हमलों को विफल किया। उन्होंने बुन्देलखंड रीजन के अन्य किलों जैसे ग्वालियर, झांसी, दतिया, अजयगढ़, गढ़कुंडार और चंदेरी का भी जिक्र किया। इन किलों को देश की सांस्कृतिक धरोहर बताते हुए उन्होंने देशवासियों से इन स्थलों की यात्रा करने और अपने इतिहास के गौरव को महसूस करने का आग्रह किया। इसके साथ ही




प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में स्वच्छता के प्रति जन समर्पण को भी सराहा। उन्होंने लखनऊ की गोमती नदी स्वच्छता टीम का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले 10 वर्ष से यह टीम हर रविवार बिना रुके, बिना थके गोमती नदी की स्वच्छता के लिए कार्य कर रही है। यह समर्पण प्रेरणादायक है।

प्रधानमंत्री के संबोधन में न केवल उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर उजागर किया, इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रहे विकास और संरक्षण कार्यों को भी प्रोत्साहन मिला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के चलाए जा रहे अभियानों की भी चर्चा हो रही है। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग प्रदेश के ऐतिहासिक किलों, विशेष रूप से कालिंजर किले, के पुनरोद्धार और उन्हें पर्यटन गंतव्य के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। इसके अलावा, प्रदेश में नदी पुनरोद्धार अभियान भी जोर-शोर से चल रहा है। प्रत्येक जिले में छोटी नदियों को पुनर्जनन और उनके किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जा रहा है, जो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### छत्तीसगढ़ विस चुनाव ब्लास्ट मामले में प्रधानाध्यापक व सरपंच के खिलाफ दायर किया गया पूरक आरोपपत्र

रायपुर, (हि.स.) : छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान हुए इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस(आईईडी) ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने शनिवार को दो और आरोपितों धनेश राम ध्रुव और रामस्वरूप मरकाम के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। रायपुर की एक अदालत में दायर एनआईए के दायर पूरक आरोपपत्र में दोनों पर आईपीसी और यूए(पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं, जिससे इस मामले में आरोपपत्र दायर करने वाले आरोपितों की कुल संख्या 12 हो गई है। इस मामले में दिसंबर 2024 में पहले ही दस आरोपितों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया जा चुका है। आरोपित ध्रुव सरकारी प्राथमिक स्कूल में प्रधानाध्यापक था, जबकि मरकाम छोटेगोबरा पंचायत का सरपंच। दोनों पर नक्सलियों को न केवल वित्तीय और रसद मदद देने का आरोप है, बल्कि हमले की पूर्व तैयारी में सक्रिय भूमिका

## टीएमयू की बेटियां उड़ेंगी ऊंची उड़ान, 50 कैडेट्स को हरी झंडी

**देशप्राण संवाददाता**

**लखनऊ :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की छात्राओं के लिए खुशी की खबर है, टीएमयू में एनसीसी का शंखनाद होगा। एनसीसी की 09वीं उत्तर प्रदेश वाहिनी की ओर से 50 गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स- सीनियर विंग की स्वीकृति मिल गई है। इन एनसीसी कैडेट्स को सेना की मानिंद सघन ट्रेनिंग दी जाएगी। बरेली के एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के कमान अधिकारी कर्नल पीएन सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया, यह कोटा पूर्णतः स्ववित्तपोषित योजना के तहत दिया गया है।

टीएमयू के डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह बताते हैं, यूनिवर्सिटी के डिग्री कोर्सेंज के प्रथम वर्ष से सीनियर विंग में नामांकन होता है। एक कैडेट को तीन वर्ष के लिए नामांकित किया जाता है, जिसे चार वर्ष तक बढ़ाया जा सकता है। शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश पूरा होने के तुरंत बाद



शैक्षणिक सत्र की शुरूआत में ही नामांकन शुरू हो जाता है। एनसीसी में उपलब्ध सीटों के अनुसार योग्यता के आधार पर नामांकन किया जाता है। उल्लेखनीय है, राष्ट्रीय कैडेट कोर- एनसीसी भारतीय सशस्त्र बलों की युवा शाखा है। इसके तहत कैडेटों को छोटे हथियारों और ड्रिल का बुनियादी सैन्य प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नवंबर, 1948 के अंतिम रविवार को दिल्ली में पहली एनसीसी इकाई की स्थापना के समारोह की अध्यक्षता की थी। इस दिन को पारंपरिक रूप से एनसीसी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में एडमिशन के वक्त छात्रों के पास अपनी पसंद के कोर्स के साथ एनसीसी में भी भर्ती होने का शानदार मौका है। एनसीसी करके पर्सनॉलिटी डवलपमेंट के लीडरशिप जैसे गुण विकसित होते हैं, बल्कि इसके बाद कई सरकारी नौकरियों में अच्छी-खासी वरीयता भी मिलती है। भारतीय सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस के अलावा कई अन्य सेवाओं में आसानी से नौकरी मिल जाती है। भारतीय सेना की ओर से हर साल एनसीसी स्पेशल एंट्री स्कीम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। एनसीसी सी सर्टिफिकेट होल्डर सीधे एसएसबी इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं। सेना में ऑफिसर्स पदों पर भर्ती होती है। इसके लिए एनसीसी सी सर्टिफिकेट के साथ ग्रेजुएशन में कम से कम 50 फीसदी मार्क्स होने चाहिए। एनसीसी सर्टिफिकेट है तो यूपीएससी एनडीए और सीडीएस परीक्षाओं में विशेष वरीयता मिलती है।